Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon



CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

From—
Punamchand Mohanlal Shah
PATAN (N.G.)

वन्दे वीरम

कविता-कुञ्ज

:— रचयिता :—

जैनागम [illegible] पूज्य श्री खूबचन्दजी महाराज

:— संग्रहकर्त्ता :—

प्रवर्तक [illegible] श्री हीरालालजी महाराज

प्रथमावृत्ति १०००

मूल्य [illegible]क-पठन

वि० सं० २००३
का० सु० पूर्णिमा

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

From—
Punamchand Mohanlal Shah
PATAN (N.G.)

॥ वन्दे वीरम् ॥

कविता-कुञ्ज

—: रचयिता :—

जैनागम तत्ववारिधी पूज्य श्री खूबचन्दजी महाराज

—: संग्रहकर्त्ता :—

प्रवर्तक पं० मु० श्री हीरालालजी महाराज

प्रथमावृत्ति १०००

मूल्य
विवेकयुक्त-पठन

वि० सं० २००३
का० शु० पूर्णिमा

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

आवश्यक सूचना

एवं प्रकाशन में विलंब

प्रेस कर्मचारियों की गल्ती से पुस्तक में कई स्थलों पर त्रुटियां रहगई हैं उन्हें सुधार कर पढ़ेंगे एवं क्षमा करेंगे। अगले संस्करण में वे अवश्य ही दूर करदी जायेंगी।

युद्ध के कारण प्रैस वाली सभी वस्तुओं के समय पर न मिलने के कारण इस पुस्तक के मुद्रण में आशा से अधिक विलम्ब हो गया है। किन्तु हर्ष की यह बात हुई कि मदनगंज में श्री पूज्य श्री प्रताप मलजी महाराज के पधारने से इसके प्रकाशन, मुद्रण में पूरी २ सहायता मिली है। आपने धर्म ध्यान की पूरी प्रभावना करते हुए भी इस सम्बन्ध में बहुत अधिक परिश्रम किया है। और बडो उदारता एवं प्रेम पूर्वक सभी प्रेस कर्मचारियों के साथ व्यवहार किया है। मैं निस्संकोच स्वीकार करता हूँ कि आप ही के सुमधुर व्यवहार और कठिन परिश्रम के कारण यह पुस्तक इस चतुर मास में प्रकाशित हो सकी है प्रेसने तो बहुत अधिक विलम्ब कर ही दिया है दैवयोग से पूज्य श्री का यहां पधारना हुआ है इसे सभी प्रेस कर्मचारी चिर काल तक स्मरण रखेंगे।

मुद्रक

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

पाठकों से नम्र निवेदन

प्रातः स्मरणीय श्री मज्जैनाचार्य पूज्य श्री धर्मचंद जी मा० सा० के पाटानुपाट स्वर्गीय बाल ब्रह्मचारी अखण्ड यशधारी पूज्य श्री० मुन्नालाल जी महाराज के पट्टाधिकारी शास्त्रज्ञ धैर्यवान पूज्य श्री खूबचंद्र जी मा० सा० द्वारा विरचित "कवित कुंज" मुनि श्री हीरालाल जी म० सा० से प्राप्तकर दानी भाइयों (जिनकी शुभ नामावलि इसी पुस्तक में दूसरी जगह अंकित है) की शुभ सहायता से प्रकाशित की जा रही है अतएव इस वैराग्यमय 'कवितकुंज' को भविक वृन्द रुचिपूर्वक पढ़कर आत्म कल्याण की ओर अग्रसर बनेंगे ऐसी हमें आशा है और तभी हमारा प्रयास भी सफल होगा।

निवेदक—

सेठ देवराज भंवरलाल सुराणा

ब्यावर (रा० पू०)

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

९. ५०) श्रीमान् सेठ खेमचन्द जी जड़ावचन्द जी सुरडिया मन्दसौर।

१०. ५०) ,, ,, निहालचन्द जी बापूलाल मारू मन्दसौर वालों की तरफ से बापूलाल जी मारू के पुत्र होने की खुशी में।

११. ५०) महेता वीरचन्द भाई जवरचन्द भाई मारफत विमलाबाई पिताम्बर दास की यादगार में पालनपुर गुजरात

१२. ५०) समरथबाई ककलबाई कोठारी कालीदास भाई मायचन्द भाई खरीवाव बारपुडा पालनपुर गुजरात।

१३. २५) जयन्तीलाल लालभाई मोदीवास पालनपुर गुजरात।

१४. २१) स्थानक वासी जैन श्री संघ अम्बाला (पंजाब)।

१५. २०) श्री सेठ मगनीरामजी लछीराम जी लोढा के सुपुत्र राजमल जी मोहनलालजी लोढा कूकड़ा वाला के विवाह के उपलक्ष में।

१६. २०) देवराज कालूराम ब्यावर (राजपूताना)।

निवेदक—

सेठ देवराज भंवरलाल सुराणा

ब्यावर (राजपूताना)

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

ग्रन्थ के प्रकाशन में

द्रव्य सहायकों की

सुनहरी नामावली

१. १६२॥≡)॥। श्री. महावीर जैन सभा जम्मू तवी (पंजाब)

२. १२५) श्री. सेठ रतनलाल जी सा. मित्तल फर्म लाला भीखामल जी छोटेलाल जी जैन टि. लोहा मंडी, आगरा।

३. १२५) श्रीमान् सेठ रेखराज जी नेमीचंद जी लूंकड बेलनगंज आगरा।

४. १०१) ,, मणि बाई ने खुद की दीक्षा पर पालनपुर से भेजे।

५. १००) ,, सेठ सेजराम जी बच्छराज जी अन्याव मु. बालोतरा (मारवाड़)।

६. ५१) ,, ,, माणाजी धन्नालालजी पोरवाड़ मन्दसौर।

७. ५०) ,, ,, चम्पालाल जी छगनलाल जी कुदाल खलची पुरा मन्दसौर।

८. ५०) ,, ,, सुगनचन्द जी मदनचन्द जी हिंगड़ अजमेर।

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

कविता कुञ्ज में आये हुये ।

विषय

१—दोहे	पृष्ठ	१
२—पहेलियाँ	"	५
३—कवित्त	"	६
४—गजलें	"	१०
५— स्तवन	"	२०
६—लावनियें	"	७१
७—चरित्र	"	८८

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

आवश्यक सूचना

एवं प्रकाशन में विलंब

प्रेस कर्मचारियों की गल्ती से पुस्तक में कई स्थलों पर त्रुटियां रहगई हैं उन्हें सुधार कर पढ़ेंगे एवं क्षमा करेंगे। अगले संस्करण में वे अवश्य ही दूर करदी जायेंगी।

युद्ध के कारण प्रेस वाली सभी वस्तुओं के समय पर न मिलने के कारण इस पुस्तक के मुद्रण में आशा से अधिक विलम्ब हो गया है। किन्तु हर्ष की यह बात हुई कि मदनगंज में श्री पूज्य श्री प्रताप मलजी महाराज के पधारने से इसके प्रकाशन, मुद्रण में पूरी २ सहायता मिली है। आपने धर्म ध्यान की पूरी प्रभावना करते हुए भी इस सम्बन्ध में बहुत अधिक परिश्रम किया है। और बड़ी उदारता एवं प्रेम पूर्वक सभी प्रेस कर्मचारियों के साथ व्यवहार किया है। मैं निस्संकोच स्वीकार करता हूँ कि आप ही के सुमधुर व्यवहार और कठिन परिश्रम के कारण यह पुस्तक इस चतुर मास में प्रकाशित हो सकी है प्रेसने तो बहुत अधिक विलम्ब कर ही दिया है दैवयोग से पूज्य श्री का यहां पधारना हुआ है उसे सभी प्रेस कर्मचारी चिर काल तक स्मरण रखेंगे।

मुद्रक

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

पाठकों से नम्र निवेदन

प्रातः स्मरणीय श्री मज्जैनाचार्य पूज्य श्री धुवर्मीचंद जी मा० सा० के पाटानुपाट स्वर्गीय बाल ब्रह्मचारी अखण्ड यशधारी पूज्य श्री० मुन्नालाल जी महाराज के पट्टाधिकारी शास्त्रज्ञ धैर्यवान पूज्य श्री खूबचन्द्र जी मा० सा० द्वारा विरचित "कवित कुंज" मुनि श्री हीरालाल जी म० सा० से प्राप्तकर दानी भाइयों (जिनकी शुभ नामावलि इसी पुस्तक में दूसरी जगह अंकित है) की शुभ सहायता से प्रकाशित की जा रही है अतएव इ। वैराग्यमय 'कवितांकुंज' को भविक वृन्द रुचिपूर्वक पढ़कर आत्म कल्याण की ओर अग्रसर बनेंगे ऐसी हमें आशा है और तभी हमारा प्रयास भी सफल होगा।

निवेदक—

सेठ देवराज भंवरलाल सुराणा

ब्यावर (रा० पू०)

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

९.	५०)	श्रीमान् सेठ खेमचन्द जी जड़ावचन्द जी मुरडिया मन्दसौर।
१०.	५०)	,, ,, निहालचन्द जी बापूलाल मारू मन्दसौर वालों की तरफ से बापूलाल जी मारू के पुत्र होने की खुशी में।
११.	५०)	महेता वीरचन्द भाई जवरचन्द भाई मारफत विमलाबाई पिताम्बर दास की यादगार में पालनपुर गुजरात
१२.	५०)	समरथबाई कंकलबाई कोठारी कालीदास भाई मायचन्द भाई खरीचाव वारपुडा पालनपुर गुजरात।
१३.	२५)	जयन्तीलाल लालभाई मोदीवास पालनपुर गुजरात।
१४.	२१)	स्थानक वासी जैन श्री संघ अम्बाला (पंजाब)।
१५.	२०)	श्री सेठ मगनीरामजी लछीराम जी लोढा के सुपुत्र राजमल जी मोहनलालजी लोढा कुकड़ा वाला के विवाह के उपलक्ष में।
१६.	२०)	देवराज कालूराम ब्यावर (राजपूताना)।

निवेदक—

सेठ देवराज भंवरलाल सुगणा

ब्यावर (राजपूताना)

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

ग्रन्थ के प्रकाशन में

द्रव्य सहायकों की

सुनहरी नामावली

१. १६२॥≡)॥। श्री. महावीर जैन सभा जम्मू तवी (पंजाब)

२. १२५) श्री. सेठ रतनलाल जी सा. मित्तल फर्म लाला भीखामल जी छोटेलाल जी जैन ठि. लोहा मंडी, आगरा।

३. १२५) श्रीमान् सेठ रेखराज जी नेमीचंद जी लूंकड बेलनगंज आगरा।

४. १०१) ,, मणि बाई ने खुद की दीक्षा पर पालनपुर से भेजे।

५. १००) ,, सेठ सेजराम जी बच्छराज जी अन्याव मु. बालोतरा (मारवाड़)।

६. ५१) ,, ,, माणाजी धन्नालालजी पोरवाड़ मन्दसौर।

७. ५०) ,, ,, चम्पालाल जी छगनलाल जी कुदाल खलची पुरा मन्दसौर।

८. ५०) ,, ,, सुगनचन्द जी मदनचन्द जी हिंगड़ अजमेर।

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

कविता कुञ्ज में आये हुये ।

विषय

१—दोहे	....	....	....	पृष्ठ	१
२—पहेलियाँ	....	....	....	,,	५
३—कवित्त	....	....	....	,,	६
४—गजलें	....	....	....	,,	१०
५—स्तवन	....	....	....	,,	२०
६—लावनियें	....	....	....	,,	७१
७—चरित्र	....	....	....	,,	८८

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

❀ ॐ ❀

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

प्रातः स्मरणीय त्यागमूर्ति जैनागम तत्ववारिधि श्रीमज्जैनाचार्य स्वर्गीय पूज्य श्री खूबचन्द्रजी महाराज विरचित एवं पंडित मुनि श्री हीरालालजी महाराज द्वारा संग्रहित

जैन कविता कुंज

※ दोहा ※

अरिहन्त सिद्ध आचार्यजी, उपाध्याय अणगार। खूब कहे सुमरो सदा, हो जावो भवपार ॥१॥ खूब गुरु उपदेश से, हो अज्ञान का नाश। रहे अंधेरा जिम नहीं, सविता (सूरज) के प्रकाश ॥२॥ सत्य शील निर्लोभता, दया क्षमा भरपूर। खूब कहे उस सन्त की सेवा करो जरूर ॥३॥ गुरु वैद्य माता पिता, और भूप के पास। खूब कहे पूछें तभी, दीजे साफ प्रकाश ॥४॥ शूर पुरुष देखे नहीं, सकुनादि तिथी वार। खूब सदा ही निडरता, ताकू कहां विचार ॥५॥ सिर मुँडाय साधु होवे, काम दाम तज धाम। खूब कहे उस खत को, कहां दाम से काम ॥६॥ साधु सेठ और वैद्य के, अवश्य मुलामी होय। खूब कहे इन तीन की, शोभा करे सब कोय ॥७॥ दुनिया में दाता घणां, आशा हित दे दान। खूब मोक्ष के हेत दे वे विरला नर जान ॥८॥ खूब साज दियो वक्त पै, आखिर अपनो जान। नुगरो ते गुण भूल के, निकल्यो डांस समान ॥९॥ खूब दान चौड़े करे अपनी महिमा काज। टुकड़ा भी देवे नहीं, जो द्वार खड़ा मोहताज ॥१०॥ दुखी वियोगी बावरो, क्रोधी शठ इन्सान। खुब बोलतां पाँच को, रहे नहीं कुछभान ॥११॥ पक्ष नहीं पैसो नहीं, खाली जणावे जोर। खूब कहे वो मानवी, सींग पूँछ विन ढोर ॥१२॥ उद्यम कबहु न छोड़िए, यद्यपि कष्ट पड़ंत। खूब कहे उद्यम कियां, कीड़ी शिखर चढ़ंत ॥१३॥ परउपकारी ना हुवो, बड़ो होय जग

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

मांय । खूब कहे किस काम का, जैसे तरु बिन छांय ॥१४॥ खूब कभी ना कीजिए, लापर वचन प्रमाण । जहाँ तीर मरियो कहे, वहाँ मिले न किंच निशान ॥१५॥ माता से लड़तो रहे, परणी को करे पक्ष । खूब कहे वाँ पुरुष की, कोई कहे न दक्ष ॥१६॥ आम वृक्षको छोड़ के, जाय एरंड के पास । खूब कहे वां पुरुष की, कैसे सफल हो आस ॥१७॥ खूब वस्तु जैसी हुवे, वैसी अच्छेकोय । मूँह से भी वैसी कहें, जे समदृष्टि होय ॥१८॥ यौवन माया जो समय, बहता पानी जाय । खूब कहे ये चारों ही, मुड़करआवे नाय ॥१९॥ भाई-भाई के देखिया, जहां तहाँ कु संप । खूब कहे कोइक जगह सायत होगा संप ॥२०॥ कवि वैद्य तपस्वी मुनी, भेदु भूप भटियार । खूब कहे इन सात से, नहीं करना तकरार ॥२१॥ वैद्य और राजा मुनी, मुखिया पंच कहाय । ये चारों जूना भला, खूब कहें समझाय ॥२२॥ मूर्ख वैद्य लोभी गुरु, न्यायहीन सरकार । खूब कहे इन तीन से, कभी न होय सुधार ॥२३॥ मूँजी धन कण कीड़ियां, संचय कर मर जाय । खूब कहे दोनो कभी, नहीं खरचे नहीं खाय ॥२४॥ पापी जन की जगत में, खूब कहे पहिचान । दया दान भक्ति नहीं, अगे अति अभिमान ॥२५॥ खूब कहे पुन्यवान की, जग में यह पहिचान । दया दान भक्ति बने, अगे नहीं अभिमान ॥२६॥ मेघ मुनी नृप देवता, दाता होय दयाल । खूब मुदित पांचों हुवे, छिन में करे निहाल ॥२७॥ पाप थकी पीछे रहे, धर्म मांह अगवान । खूब कहे वह मानवी, सुगती का महमान ॥२८॥ धर्म थकी पीछो रहे, पाप माँहि अगवान । खूब कहे वह मानवी, दुर्गती का महमान ॥२९॥ लज्जा को गिरवे धरी, लोपी कुल की कार । खूब कहे मोटा थई, डोले सब बाजार ॥३०॥ सुनी बात माने सही, निर्णय काढ़े नांय । खूब कहे या जगत में, लोग भेड़परवाय ॥३१॥ हाकिम रिश्वत खात है, साधु सत्य के बाहर । खूब कहे कानून से, दोनों ही गुन्हेगार ॥३२॥ ओछा नर के साथ में, लटपट होना नाय । ढबसे काम निकालनो, खूब कहे समझाय ॥३३॥ सुसरा की लज्जा करे, पितु न देवे मान । कलियुग आता देखिया ऐसे निवड़े बाल ॥३४॥ बालक बेंडो बान्दरो, राजा श्वान भुजंग । खूब कहे इन छहों को, अति भलो नहीं संग ॥३५॥ खूब कैंची दो दो करे, ते धरनी टकराय । सुई करावे एकयता, चढ़े शीश पर जाय ॥३६॥ खूब पाय सुख सम्पदा, तज दीजे अभिमान । सदा वक नहीं एकसी, मान मान नर मान ॥३७॥ हो तो गुणी के गुण करो, अवगुण तज दो यार । खूब नहीं तो चुप रहो, यही समझ का सार ॥३८॥ ऊंग्यो टूँग्यो गिर पड्यो चोर जुँआरी पांच । खूब पूछतां तुरत ही, कभी न बोले साँच ॥३९॥ खूब कहे साधु सती, बिन टाइम बिन काम । फिरे डोलता

घर घरे, क्यों न होय बदनाम ॥४०॥ एक इन्द्रिय के वश पड़े, प्राण तजे तत्काल । खूब पाँच के वश पड़े, उनका कौन हवाल ॥४१॥ खूब कहें जो मानवी, कार किया अति नीच । लोग बतावे आँगुली, धिग् जीव्यो जग बीच ॥४२॥ खूब ऊँच के संग से, बधे तेज प्रताप । नीचे की संगत कियां, उल्टी जावे आब ॥४३॥ खूब देख पर संपदा, दुष्ट भाव मत लाय । जो जैसी करणी करे वैसा ही फल पाय ॥४४॥ स्वारथ को संसार है, बिन स्वारथ नहीं कोय । ज्यों पंडित की पत्रिका, वर्ष लग आदर होय ॥४५॥ तन बुद्धि मुँह प्रकृति अरु भाषा भोग्य विचार । खूब कहें सब मनुष्य में, मिले नहीं इकसार ॥४६॥ अधो वाय खांसी हंसी, छींक उभासी डकार । खूब कहे सब मनुष्य में, मिलती है इकसार ॥४७॥ खूब मीन सज्जन मुनि, ना किसको कुछ केत । तांको बिन अपराध ही, दुर्जन जन दुःख देत ॥४८॥ खूब योग्य नर जाण के, शरण लहे कोई आय । आप निभावे जन्मभर, पिछले को कह जाय ॥४९॥ नारी नारी एक है, सकल जगत भरपूर । भगनी भार्य्या सोच कर चतुर पुरुष रहे दूर ॥५०॥ खब पात्र अन्न वस्त्र के, पग ठोकर दे देय । मैं तो बड़ों के मुँह सुनी, अशुभ जानते येय ॥५१॥ मिष्ट बोल करजो लहे हर्षित खूब अपार । जब वो आवे माँगवा, लडवा होय तैयार ॥५२॥ बिना काम बिन पुँछिया, रे मानव मत बोल । खूब मौन कर रीजिये, तजिए हँसी किलोल ॥५३॥ खूब देख कुल जाति का, कर लेते उनमान । अब तो हुवे बहुरूपीया, होती नहीं पहिचान ॥५४॥ भाषण देवे जोशीला मिस्टर बाबू साहब । खब लोग माने नहीं, उनके ढंग खराब ॥५५॥ खूब पेट में कपट है, दीखत के नर नेक । नारंगी फल मारिखा, भीतर फाँक अनेक ॥५६॥ खूब तुरत समझे सभी, ते खरबुज समान । दीखत फांक अनेक है, भीतर एक ही जान ॥५७॥ खूब मान जग में बुरो, मान वहां अपमान । न्याय दशारण भूप को लीजो समझ सुजान ॥५८॥ मास्टर दुर्व्यशनी हुवे उनकी संगती मांय । बिगड़े क्यों न विद्यार्थी खूब कहे समझाय ॥५९॥ दो विभाग एक खेत के, बोयो बीज दोई वीर । खूब साख का निपजना, है अपनी तकदीर ॥६०॥ खूब बात देखी सुनी, कहन योग नहिं होय । राखो पूर्ण गम्भीरता, प्रकट करो मत कोय ॥६१॥ चूक देख शिक्षा करे, कठिन शब्द में कोय । खूब कहे हित मानिये आगे पर गुण होय ॥६२॥ सेवा तपस्या सरलता, शुभ्र पठन वैराग । इन बातों पे अब कहां खूब पूर्ण अनुराग ॥६३॥ खूब बड़ों के प्रेम से, करे सेव नर कोय । गुणी बने ज्ञानी बने, सर्व कार्य सिद्ध होय ॥६४॥ मेवाड़ का पानी घणा, अधिक मान को घेंग । जोखम मोखम जीमणो, बड़ो हुकम ने सींग ॥६५॥ चित्त हरणी घरणी मिली, भृत्यक चतुरंग सेन ।

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

राज वैभव सुत मित्र है, जब लग खुले दो नैंना ॥६६॥ आँधा लुला लंगड़ा परणे, धोला चमके केसां में। खूब कहे बहिरा भी परणे, करामात है पैसा में ॥६७॥

पहेलियां-प्रश्न-एक ऋषि डंडे पर डटा, खूब शीश पर लम्बी जटा। निलाम्बरी माला नहीं फेरे, वृद्ध होय जब धोला पहरे। उ० 'भुट्टा'
प्र०-लंब पयोधर पतली काय, उगो कमल नाभि के मांय। खून मांस तन उपर नाय, खूब नशा चौड़े दरशाय ॥२॥ उत्तर-तराजू(तकड़ी)
प्र०—पय पायां पीवे घणो, जरे नहीं उर मांय। नर फुटे भुती रहें, खूब बिछात बिछाय ॥ ३ ॥ उत्तर--मशक।
प्रश्न—पांव बिना डूँगर चढ़े, विना मुखे खन खांय। खूब पसरे वायू लगे, जल पायां मर जाय ॥४॥ उत्तर—अग्नि (आग)।
प्रश्न--खूब नार पग पांच की, तीन नैत्र से नाले। एक पांव ऊंचो रक्खे, चार पांव से चाले ॥५॥ उत्तर--मोटर।
प्रश्न--पाप कर्म करते "रहो" जो सुख चाहो सेण। खूब कहे मानो सही, ये सतगुरु के वेण ॥६॥ उत्तर ठहरो।
प्रश्न- सुता मात सासु बहु, ननँद भोजाइ आय। खूब कहे छे पुड़ियां, कितनी २ खाय ॥७॥ उ०-दो दो (माता बहु बेटी ये तीन थी
प्रश्न-पिता पुत्र सालो बहनोई, मामो भाणेज और नहीं कोई। खूब कहे नव घेवर लाये, कितने २ सबने खाये। उ०-३-३(पिता,पुत्र साला तीनथे)
प्रश्न-रहे पयोधर लटकता, पतलो तास शरीर। खूब उठाया नर फिरे, के घर के जल तीर ॥६॥ उत्तर-कावड़।
प्रश्न-वन में देखी "कोकिला", थे, शिर पर दो पांय, खूब कहे मानो सही, इण में संशय नांय ॥१०॥ उत्तर-पदच्छेद करके पढो।
प्र०-नो से का गज लावजो, भूपति आला दीन। खूब कहे एक पाद के, अर्थ होत हैं तीन ॥११॥ उ०-कागज, काग जलावजो, गज लावजो
प्र०-जो मिलिया सो दोय में, एक में मिले न कोय। जो एक में जा मिले, दो में मिले न कोय ॥१२॥ उ०--जंगम, स्थावर, सिद्ध में,

कुछ तुक्कें-(एक) रास्ता को आम १, फायदा को काम २, जागीरी को नाम ३, घर बैठा दाम ४, मुफ्त में नाम ५, (दो) खल लड़े लातां से १, मूर्ख लड़े हाथां से २, पण्डित लड़े बातां से ३, श्वान लड़े दांतां से ४, (तीन) मिलणो वीरा को १ व्योपार हीरां को २, जीमणो सीरा को, बगार जीरा को ४, (चार) एको नायाँ को १, वैर भायां को २, गाणो बायां को ३, दूध गायां को ४, (पाँच) भोजन में राड़ १, रास्ता में खाड़ २, नदी में झाड़ ३ (छः) किवाड़ की कील १, जंगल में भील २, आकाश में चाल ३, राज में वकील ४, (सात) बैल बिना गाड़ी १, लाड़े बिना लाड़ी २ फूल बिना वाड़ी ३, जंगल बिना झाड़ी ४, रंग बिना साड़ी ५, भैंस

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

बिना पाड़ी ६, (आठ) सोना सेजों का १, बैठना मेजों का २, मरना हैजों का ३, (नो) कर्मों के लिहाज नहीं, नागा के लाज नहीं २, रंक के राज नहीं ३, समुद्र के पाज नहीं ४, (दस) कुबद कांणां की १, समझ स्याणां की २, करामात नाखां की ३, (इग्यारा) राड़ हाल्या की १ गोट बाल्याँ की २, लड़ाई लाल्याँ की ३, (बारह) गद्धा के ज्ञान नहीं १, दातरा के म्यान नहीं २, बेडों के छान नहीं ३, (तेरह) सभा सोहे राजा से १, व्याह सोहे बाजा से २, महल सोहे छाजा से ३, (चवदह) जल में कभी न लागे आग १, आग में कभी न लागे बाग २, गूँगो कभी न गावे राग ३, धोयां उज्वल होवे न काग, एता होय तो मोटा भाग (पन्द्रह) हाकमी गर्म की १, साहूकारी भर्म की २, बहु बेटी शर्म की ३, दुकानदारी नर्म की ४, (सोलह) गाड़ी को भय टूटण को १, काया को भय कुट्टण को २, माया को भय लूटण को ३, बूढ़ा को भय उठण, ४, साधु को भय झूँठण को ५, (सतरह) करजे लड़ाई तो बोलजे आड़ो १, करजे खेती तो राखजे गाडो २, राखजे भैंस तो बान्धजे बाड़ो ३, (अठारह) ताण में टेकी १, धर्म में नेकी २, जोबन में सेखी ३, (उन्नीस) पंच राणा १, पंच स्याणा २, ३ पंच कांणा ३, पंच धूल खाणा ४, पंच खेंचा ताणा ५, (बीस) देघाणां गांसाणां १, सेठाणं गंयाणं २, राजाणं दुकमाणं ३, गोलाणां गप्पाणां ४, (इक्कीस) करे सो भरे, फूटा सो झरे २, झूँठा सो डरे ३ पाका सो खरे ४, जन्मे सो मरे ५, (बाईस) कुत्ता बिना गांम कहा १, गुण विना नाम कहा २, पाणी बिना कूप कहा ३, न्याय बिना भूप कहा ४, (तेईस) घणाँ पटेला बिगड़े गांव १, घणां भोपां से उठे धाम २, चड्या कचेरी खुट्या दाम ३, पूत कपूतां उठयो नाम ४, (चौबीस) प्रश्न—सुसरा के घर नितको रेणो १, माँग परायो पहिरे गेणों २, छतां पईसो राखे देणो ३, उत्तर—इन तीनों को मूर्ख कहजो (सतावीस) दोहा—खुशी मनाई राख्यो बेटो, थोड़ा दिनाँ में माँड्यो खेटो। घर को फूट फजीतो कीदो, बेची नींद ओजको लीदो॥ (अठावीस) जोड़ी प्रीत पेट में आँट्या, भेरा खाय गोट में बाल्याँ निर्लज्ज होय लड़े ज्यों हाल्यां, दे धिक्कार पड़ोसी डाल्यां (उनतीस) घणी दवा से बिगड़े तन्न, पर धन देखी बिगड़े मन्न, बिना भाव तो खावे अन्न, ये तीनों ही मूरख जन्न॥ (तीस) बिना काम को परघर जाणो, बिना भूख को भोजन खाणो, बिना अवसर को गायन गाणो, बिना लाभ को खरच बढाणो, इन चारों को मूरख जाणो॥ (इगतीस) नीची नजर मयूर सी बोली, कर में रहे समरणी। बाहिर संत सरीखा दर्शे, भीतर बहे कतरणी। खूब मुनि कहे जो नर ऐसा, उनसे बचते रहो हमेसा॥ (बत्तीस) गली बीच की तीन लाख, बारह लाख बजार की। चुगल खोर के मुँह ऊपर, पन्द्रह लाख पेजार की॥१॥

५

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

कवित्त—अरिहन्त स्तुतिः—पहले पद अर्हन्त, चारु कर्म किया अन्त, लिया है मुगती पंथ, केवल के धारी है, चौंतीसे अतिशै पुन, मोटा है, द्वादश गुण, तीन लोक माँही, प्रभु कीरति पसारी है॥ अनंत बली है जांके, नहीं है गुणाँ को पार, शत्र विस्तार प्रभु घोर ब्रह्मचारी है। खूबचन्द्र कहे कर जोड़ के नमाऊं शीश, ऐसे अरिहंत ताको वन्दना हमारी है ॥१॥ सिद्धस्तुतिः - दूजे पद सिरी सिद्ध हुआ है पन्दरा भेद, मैंने भी उम्मीद तोरे दर्शनों की धारी है। आठों ही करम ठेल, पाया है मुगति महल, अनंत सुखों की टहल जान, जान रह्या सारी है॥ रंग रूप कर्म काया, मोहने ममता माया, दुःख ने दरिद्र रोग, सोग सेन्या टारी है। खूबचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीष, ऐसे सिद्धराज ताको, वन्दना हमारी है ॥ २ ॥ आचार्य स्तुति--आचारज तीजे पद, छाँड दिया आठ मद, करत करम रद, अष्टगुण धारी है। छत्तीस गुणा सोहन्त, शरीर स्वरूप कन्त, संघ में सोहन्त तेसो पर उपकारी है ॥ छः काया के प्रतिपाल, ऐसा है दयाल, जिन वचन रसाल, जामें चित्त रम्यो भारी है। खूबचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीष, ऐसे आचारज ताको वन्दना हमारी है॥ ३। उपाध्याय स्तुति--चौथे पद उवज्झाय, पच्चीस गुणां के वाय, नमूँ नित पाँय, जाने प्रगन्या पसारी है। चवदा पूरब अंग, इग्यारह उपांग बारह, भणे ते भणावे आप, ऐसा उपकारी है॥ रुचि है लगन, ज्ञान ध्यान में मगन, शिवपुर की लग, लग रही अति भारी है। खूबचन्द कहे, कर जोड़ के नमाऊं शीष, ऐसे उपाध्याय ताको, वन्दना हमारी है ।४॥ साधु स्तुति--सुनके जिनन्द वाणी, अन्तर वैराग्य आणी, संसार अनित्य जाणी, हुआ व्रतधारी है। गुण हैं अठारे नव, बोलत मधुर रव, सुधारे मनुष्य भव, सुमति विचारी है। दिपावे श्री जिन धर्म, तोड़े आठों कर्म, पद पावे है परम, सदा जांकी बलिहारी है। खूबचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीष, ऐसे मुनिराज ताको, वन्दना हमारी है ।५॥ परमेष्ठी गुण--अरिहन्त देवजी विराजमान बारे गुण, सिद्धजी विराजमान अष्ट गुणधारी है। आचारज दो अठारह गुणों से विराजमान, दश आठ सात से उपाध्याय शुद्धाचारी है। सत्तावीश गुणां करी साधुजी विराजमान, मोक्ष अभिलाषी जग जाल को निवारी है। खूबचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं, शीष, ऐसे पाँचों पद ताको वन्दना हमारी है ॥६॥ गुरु प्रशंसा--राजा जो प्रसन्न होय गामादि बख्शीश करे, सेठजी प्रसन्न होय नौकरी बढ़ाय दे। मा पितु प्रसन्न होय बतावे गुपत वित्त, पति जो प्रसन्न होय जेवर घड़ाय दे॥ देवता प्रसन्न होय पुत्र और धन देत, उस्ताद प्रसन्न होय इलम पढ़ाय दे। खूबचन्द कहे गुरुदेव जो प्रसन्न होय, जनम मरण भव दुःख से छुड़ाय दे॥७॥ गुरु की

६

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

अप्रसन्नता--राजा जो कुपित होय फाँसी शूली कैद करे, सेठजी कुपित होय घर से निकास दे। मा पितु कुपित होय धन्न से निराश करे, पति जो कुपित होय मार ताड़ त्रास दे। देवता कुपित होय पुत्र जोरु धन हरे, उस्ताद कुपित होय पद बदमाश दे। खूबचन्द कहे गुरुदेव जो कुपित होय, आग नाग बाघ जैसे छिन्न में विनाश दे। गुण विना नाम--नाम तो शीतलदास छेड्या सेती क्रोध करे नैनचन्द नाम पण जनम को अन्ध है। दयाचन्द नाम दिल दया की रहस्य नाँही, ज्ञानचन्द नाम नित करे खोटा धन्ध है॥ नाम तो अमरचन्द जीयो है अलपकाल, सदा सुख नाम पण दुःख को सम्बन्ध है। खूबचन्द कहे अणी दृष्टांत सुजान नर, गुण विना नाम जैसे श्वान पै सुगन्ध है॥ ६॥ नाम तो लक्ष्मी बाई छाणा बीणे बन माँही, रूपा बाई नाम, रूप काग से सवायो है। दया बाई नाम पण जूँआं लीखां मारे नित, स्याणी बाई नाम जनम राड़ में गंवायो है। नाम तो जड़ाव बाई पास न ताँबा को तार, राजी बाई नाम राखे होवड़ो चढायो है। खूबचन्द कहे ऐस; गुण बिना नाम, जैसे मोतियों को हार मानो भैंस ने पहिनायो है ॥१०॥ रुचि बिना--रुचि बिना ज्ञान ध्यान, रुचि बिना दान मान, रुचि बिना खान पान कैसे, बण आवेरे। रुचि बिना दया सत्य शील ने सन्तोष बलि, रुचि बिना बणज व्योपार नहीं थावेरे॥ रुचि बिना जप तप, रुचि बिना करे खप; रुचि बिना धर्म कथा कान न सुहावे रे। खूबचन्द कहे अणी दृष्टान्त सुजान नर, अन्तस की रुचि हु तो फेर काँई चावे रे ॥११॥ पाप को घड़ो--सेर की हाँडी में मुड़ दो सेर घालन लागो, ज्ञानी कहे देख भाई ऐतो न समायगो। दो दिन को प्यासो भूखो, नीठ कर मिली तोकूँ, भूख तो घणी छे ऐतो खीचड़ी न खायगो॥ मूरख न मानी सांच, लगाई अगनी आँच, ढकण ढक्यो छै पण, पीछे पछतायगो। खूबचन्द कहे, अणी दृष्टान्त सुजान नर, पाप को घड़ो तो कोई दिन फूट जायगो॥ १२॥ लालची कुत्ता—श्वान एक अति भूखो, जाको वालीलूखो सूको, नीठ कर मिल्यो टूको, मुढ़नहीं खावेरे मुँह में लेईने हाल्यो, नदी के किनारे चाल्यो,आपको आकार जल मांही दरशावेरे। दूसरो रोटी को टूको जाणी ने लेवण ढूको, मूल ही को खोयो, पीछो नज़र न आवेरे। खूबचन्द कहे अणी दृष्टान्त सुजान नर, लालच करे सो निज गाँठ को गमावेरे ॥१३॥ बिल्लियों का न्याय--दो बिल्ली एक रोटी, मिली तब सलाह घोटी, बन्दर के पास जाय हिसाब करावे रे। छोटा मोटा टूक करी, तराजू के मांही धरी, नमे जिसे कपि रोटी, ज्यादा तोड़ी खावेरे। सूँपो थें तो रोटी म्हारी, न्याय न कराँवाँ में तो, कपि सब खागयो तब, बिल्ल्याँ पछतावेरे। खूबचन्द कहे, अणी दृष्टान्त सुजान नर, कपटी के पास जाय न्याय

क्यों करावे रे ॥१४॥ बन्दर की मूर्खता—तरखान नदी के तीर, लक्कड़ रह्यो तो चीर, अधूरो छोड़ि ने फाँदो, घाली घर आयो है। इतने तुरत तिहां बन्दर आईने बैठो दोनों चीर बीच निज, पूंछ ने फंसायो है॥ चंचल स्वभावी फाँदो, पकड़ हिलायो तब, निकल गयो छे, मांही पूँछ पकड़ायो है। खुबचन्द कहे अणी, दृष्टान्त सुजान नर, पर को बिगाड्यो काज तेही दुख पायो है ॥१४॥ भेड का न्याय—मीठी दाख तणी बेल, ऊंची गई जमीं को ठेल, तरु पै रही थी फैल, तिहां बन माँही रे। भेड़ाँ चरे चार कोडी, तिण में से एक मोडी, हौंस कर दोडी, पण मुँह पूगो नांही रे। मोडी पीछी फिरी तद, दूजी भेड्याँ पूछो जद. मुंह को बिगाड़ बेल, कड़वी बताई रे। खूबचन्द कहे ऽतो स्वारथ न पूगे जब अवगुण बतावे मूढ़ गुणी जन मांई रे॥ १६ ॥ बिया और बन्दर का न्याय—बियो कहे बन्दर भणी, मौसम बरसात तणी, उद्यम करेनी मूढ़, बैठो रेवे कांई रे। मानुष री देह थांरे, दुःख में क्यों दिन गारे, रेवण के काज घर लेवेनी बणाई रे। हितकारी देनां सीख, क्रोध में हुओ अधिक, बन्दर बिया को घर। तोड नाख्यो आई रे! खूबचन्द कहे अणी दृष्टान्त सुजान नर ऐसे मुढ़ जन ताको सीख दीजे नांई रे ॥ १७ ॥ काग हंस का न्याय—काग हंस अष्ट पेहर, दोनों जणा रहे लेर, कागलो कुबुद्धि लायो, हंस ने उडाय रे। नृप घबराय, वन्न मांही सूतो तरु छाँह, तेहनी डाल ऊपर, बैठा दोनों आय रे। काग हड्डी लायो ऊठ, मुँह थकी गई छूट, भूपति पै गिरी काग, भागी दूर जाय रे। खुबचन्द कहे एती, नीच की संगति सेती, नृप मार्‌यो बाण दियो हंस ने पोढाय रे ॥१८॥ काग सुवा का न्याय--काग सुवा दोनों मित बागां मांही रहे नित, फल फूल खावे तिहाँ, माने अति सुख रे। काग कहे सुन सुवा, अठे घणां दिन हुवा, चालो म्हारे वन बिलां, खायाँ भागे भूख रे। तेरां आयो सुवो; बिला देखी ने चकित हुओ, खाता भागी चोंच, तब करे अति कूक रे। खुबचन्द कहे अणि दृष्टान्त सुजाण नर मूढ की संगत मत, कीजे मूल चूक रे॥ १९ ॥ रंक का न्याय--रंक एक बन मांडी, सुतो तब नींद आई, सुपना में हुओ जैसे पृथ्वी को नाथ रे,। छत्तर धरावे शीश, उमराव मोला बत्तीस खमा २ कर केई जोडी दोनों हाथ रे। याचकां ने देवे दान, घुरे है निशान चली, रत्न सिंहासन बैठो हुकम चलात रे। खुबचन्द कहे अणी दृष्टान्त सुजाण नर, सुपना सी सम्पत्ति में क्यों राचे दिन रात रे ॥२०॥ बजाज का न्याय---लाभोजी बजाज, परदेश में कमावा काज, चाल्यो कर मिजाज त्रिया कहे झट आवजो। कमाई हुवा से म्हारे, बींदी बीछिया बाजू झेला, हार माला नथ चूँप घडाई ने लावजो, ओढन के कांज एक लावजो रेशमी चीर। नव ही रकम आप भूल मत जावजो। खूबचन्द

८

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

कहे नागी, धूतारी यों बोली नाँही, आगरा को पेचो एक थांके लेता आवजो ॥२१॥ सप्त व्यसन का न्याय--प्रथम व्यसन सतगुरु की करीजे सेव, दूजो यो व्यसन जीव दया नित कीजिये । तीजो यो व्यसन सत्य वचन धारण कर, चोथो यो व्यसन तूं शील में दृढ़ रीजिये । पांचमो व्यसन नित्य नियम धारण कर, छट्टो यो व्यसन तूं सुपात्र दान दीजिये । सातमो व्यसन मन सन्तोष धारण कर, खूब मुनी कहे इन शिव पुरी लीजिए ॥२२॥ कुछ काम नहीं आवे --सोनारा के पावणो आवे तो घड़े सोनो चाँदी, कुँभार के आवे ताँसु हाँडला घड़ावेरे । दरजी के आवे, तासुं वस्त्र सिवावे, और छींपा के आवे, तासुं चुँदड़ी बंधावेरे । खाती के आवे, तासुं लकड़ घड़ावे और, किसान के आवे, तासुं हल ने हंकावेरे । खूबचन्द कहे तंत, सुनो हो विवेक वंत, बाण्यां का पावणा कुछ काम नहीं आवेरे ॥२३॥ पिता पुत्र का न्याय- पिता ले पुत्र के तांई, व्याहन आयो चलाई, सगो रूस गयो तब, रुपैया गिणावेरे । एते बींद, आई नींद पिता कहे शीघ्र आई, उठ बेटा फेरा लेले, सगो परणावेरे । जान्या है बहुत लेरां, जाने तूं देई देफेरा, मीठी मीठी नींद आवे, मोने क्यों जगावेरे । खूब चन्द कहे अणी दृष्टान्त सु जाण नर, धर्म में प्रमाद कियां पार किम पावेरे ॥२४॥ झूठ का न्याय— धन वत नर जाँके झूंठ को नहीं है डर, हांसी में कहत, धावो धावो चोर आया है । तुरत सुणी ने कई सुभट दौड़ी ने आवे, ताको कहे मैं तो यूंही वचन सुनाया है । ऐसे ही करत ताके एक दिन चोर आया, दौड़ो दौड़ो कहे पण कोई न सिधाया है । खूबचंद कहे सत प्रतीत उठावो मत, प्रतीत उठाई जाने प्राण ही गमाया है ॥२५॥ कौन काम की --राज महाराज पायो, घोड़ा गजराज पायो, खजाना अखूट फिरे आण निज नाम की । कुटुम्ब संयोग पायो, उत्तम सुभोग पायो, शरीर निरोग है, अत्यंन्त छवि चाम की । ऊंचा सा आवास पायो, दासी अने दास पायो, बुद्धि को प्रकाश निगरानी सब काम की । खूबचन्द कहे भाई सब ही संपति पाई, दया धर्म बिना जिन्दगानी कौन काम की ॥२६॥ गुजरी मेवाड़ की—नन्दजी के लाल, थारो नाम गऊपाल, तूं तो गऊवाँ चरावे, बैठो रहे छाया झाड़ की । दोड्यो २ आवे नेड़े म्हांके क्यों लग्यो है केड़े । गरीबा ने छेड़े थारी फूटी हिया नाड़ की, इच्छा है तो मान कान दूध ने दही को दान, दांगा, थने आवे जद मौसम असाढ़ की । खूबचन्द कहे कानो देखत ही रह गयो, जवाब देई ने गई गुजरी मेवाड़ की ॥२७॥ मारवाड़ी साधुओं का कहना--मेवाड़ मालवा मांही माँकण घणां छे भाई, बटका भरे छे पूरी नींद नहीं आवेरे । मच्छर मकोड़ा वटे, घणां पाड़े फोड़ा, और डाँस माँस सभी चटा चट चटकावेरे । उत्तराध्यन शूत्र का दूसरा अध्येन

६

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

मांही पांचमो परीसो सहतां दोहिलो बतावेरे। खूबचन्द कहे इम बोले मारवाड़ी साधु, मेवाड़ मालवा मांही किण विध आवेरे ॥२८॥ बिना चतुराई वाली औरत—माथो ऊपर टाट टाट जुंआँ को छटके। गूंगा भरिया नाक, आंख में कीचड़ लटके। सेडो निकले बाहर लार मुंडा से टपके। खूब सूगली नार देख मारुजी मटके ॥२९॥ चोमासो करावनो—चारों ही मास बखाण करे, समभाव से शूत्र सुहावणो है। चौपी रसीली हो कंठ कला, मालु राग मल्हार को गावणो है। कोड़ी को खर्च भी नांय पड़े, बस धर्म की ज्योत दीपावणो है। खूब कहे ऐसे संत मिले तब, क्योंनी चोमासो करावणो है ॥३०॥ सुधारे—ज्यों दरजी पट सार अमोलक, वेंत करी, कटका कर डारे, ज्यों तर खान करोती बिसोले से काष्ट को फाड़ के छोड़ उतारे। ज्यों कुम्भकार मिटी वर भंजन लेकर थापक थापक मारे। या विध खूब कहे गुरु देव भी, सच्ची सुनाय के जन्म सुधारे ॥३१॥ खुशी है—गाज आवाज मयूर सुनी खुश, चन्द्र को देख चकोर खुशी है। मात को देख के पुत्र खुशी, और ज्यूं चकवो रवि देख खुशी है। फूल सुगंधित देख अली खुश, चातक मेघ को देख खुशी है। या विध खूब कहे निशिवासर, धर्मी को देख के धर्मी खुशी है ॥३२॥

पंजाब की बोल चाल की भाषा—असी २ (हम) तुसी २ (तुम) साड़े २ (हमारे) सानु २ (मुझे) काली २ (जल्दी) कोल २ (नजदीक) कुड़ी २ (लड़की) काम में। जेड़ा २ (जौनसा) केड़ा २ (कौनसा) लोड़ २ (चाह) चंगा २ (अच्छा) तिमी २ (औरतें) रोला २ (जोर के शब्द) गल २ (बात) गाम में। चुक २ (उठालो) टुरो २ (चलो) काकी २ (छोटी लड़की) काको २ (छोटा लड़का) आखो २ (बोलो) मुँडो २ (बड़ा लड़का) नीको २ (छोटा लड़का) नाम में। खूबचन्द कहे स्याणा, झूँठी हो तो पूछ लेणा। सुणी २ कहूं ऐसी बोली है पंजाब में ॥३३॥ पहेलियां—एक बगीचे में पुत्र पिता अरु, तीजो सालो अने चौथो बहनोई। पाँचमो मामो ६ छट्टो भाणेज है याँके सिवा, वंस और न कोई। दो २ लड्डु लेके एक ही थाल में, जीम लिये वस शामिल होई। खूब कहे लड्डू थे कितने, जो जोड़ बतावे, सो पण्डित सोई ॥३४॥ उत्तर—६ लड्डू थे जीमने वाले पुत्र, पिता और साला ये तीन थे। मुनीराज—इण जिन शासन में केई मुनिराज हुवे, ज्ञान के भंडार जिन मारग दीपावरे। तिरन तारन जहाज सारे आत्मा का काज, ऐसे मुनिराज नित्य मिथ्यात्व ऊड़ावेरे। कोई में तप्स्या का गुण, कोई में विनै का गुण, व्यावच का गुण केई स्वर्ग सिधावेरे। खूबचन्द कहे मेरे गुरु नन्दलालजी के, चरण नम्याँ से भव २ सुख पावेरे ॥३५॥ नं० १—अरिहन्त सिद्ध वन्दना—तर्ज-पारश प्रभु से अर्ज हमारी

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

है दिन रात, मेरे तो वही देव है अरिहन्त सिद्धवर। करता हूँ उसे बन्दना में सिर झुकाय कर ॥टेक॥ हैं गुण अनन्त ज्ञानादि सब द्रव्य के ज्ञाता। सुरेन्द्र और नरेन्द्र भक्ति करते हैं आय कर। करता हूं० ॥१॥ विषय कषाय जीत कर कहलाते वीतराग। खड्-गादि शस्त्र ना रखें वे धैर्य लाय कर। करता हूँ०। २॥ महिमा अपार सार जिनकी त्रिहुं लोक में। फिर पाते हैं शिवधाम सब दुःख को मिटायकर। करता हूं० ॥३॥ सिद्धों के सुख की ओपमा न कोहि बता सके। नहीं आते मुड़के फिर अचल गति को पाय कर। करता हूं० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी मुझ पै करी मया। शुद्ध देव की पहिचान दी सागे बताय कर। करता हूं० ॥५॥ २ नं०—सुगुरु बन्दना तर्ज–पूर्वबत–जो साधु संयम के गुणों में दिल रमाते हैं। ऐसे गुरु के चरण में हम सर झुकाते हैं ॥टेक॥ जो हिंसा झूठ चौरी मैथुन परिग्रह। पाँचों ही आश्रम त्याग के त्यागी कहाते हैं। ऐसे० ॥१॥ मान या अपमान, लाभ या अलाभ हो। सुख दुःख निन्दा स्तुति में समभाव लाते हैं ऐसे० ॥२॥ गृहस्थ या कोई क्षेत्र से न ममत्व भाव है। नवकल्पविहारी कथा निर्वद्य सुनाते हैं। ऐसे० ॥३॥ प्रतापना और भूख प्यास शीत उष्ण का। सहते परिषह आप न चित को चलाते हैं। ऐसे० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी कहते सही सही। वोही मुनि भव सिन्धु से तिरते तिराते हैं। ऐसे० ।५॥ नं० ३ हितोपदेश गज़ल--पाई है तू अन-मोल ऐसी ज़िन्दगी ऐ नर। इस लोक की परवाह नहीं परलोक से तो डर ॥टेक॥ सन्तों का कहना मान के जुल्मों को छोड़ दे। नहीं तो जिया आगे तुझे पड़ जायगी खबर। इस० ॥१॥ दिन चार का महमान तू विचार तो सही। तैंने क्या किया शुभ काम यहाँ पृथ्वी पै आय कर। इस० ॥२॥ चौरासी लक्ष योन में टकराता तू फिरा। निकल गया 'अन्धियारा अब तो होगई फजर। इस०॥३॥ मान से वस जाति या परजाति धर्म में। तैंने डलाई फूट किसी नरक पै कमर। इस० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी देते हितोपदेश। मञ्जूर करले फिर तो है सुरलोक की सफर। इस० ॥५॥ चेतावनी—-[तर्ज़—लाखों पापी तिर गए सत्संग के परताप से] कहने वाला क्या करे तेरी तुझे मालूम नहीं। कुपन्थ में अब क्यों चले तेरी तुझे मालूम नहीं ॥टेक। आया था किस काम पै और काम क्या करने लगा। खास मतलब क्या हुआ तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ॥१॥ पाया जो धन माल कुछ शुभ काम में निकला नहीं। कुकार्य में पैसा गया तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ॥२॥ लोह की गठरी बांध के तैंने उठाई शीष पै। पार होना सिन्धु से तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ॥३॥ ज़हर खाकर जीवना प्रतिबोध सुते सिंह को यों पाप का फल है बुरा तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ॥४॥ मेरे

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। अब दाव आया मोक्ष का तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ।५॥ नं. ५ कर्मफल—कर्म यहाँ जैसा करे वैसा वह ही फल पायगा। इस लोक या परलोक में वैसा ही वह फल पायेगा ॥टेक॥ शास्त्र का फरमान है, हठ छोड़ के कर खोजना। पूर्ण ज्ञानी कथ गए वह ही कथन मिल जायगा, इस लोक० ॥१॥ कोई सुखी दुःखी कोई रंक है कोई राजवी। कोई धनी कोई निर्धनी यह अवश्य ही मिल जायेगा, इस० ॥२॥ कोई चरिन्द कोई परिन्द कोई छोटे-मोटे जीव हैं। अपने २ कर्म से सुख दुख सभी भर जायगा, इस लोक० ॥३॥ कृष्णजी के भ्रात गजसुखमालजी हुए मुनी। बदला उन्होंने भी दिया कैसे तू छूट जायगा, इस० ॥४ शालिभद्रजी को मिली रिद्धि सुपात्र दान से। निज हाथ से कर दान तू भी ऐसा ही फल पायगा, इस० ॥५॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। सब कर्मों का संग छूटने से मोक्ष का फल पायगा, इस० ॥६॥ ६—संसार की अस्थिरता—कौन यहाँ अमर रहा तू समझ ले अच्छी तरह। उमर तेरी जा रही तू समझ ले अच्छी तरह ॥टेक॥ डाबाग्र जल बिन्दु जैसी उमर तेरी अल्प है। दो पचास बस हद है तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ॥१॥ कई सागरोपम लगे सुख भोगते सुर लोक में। वह भी स्थिति पूरी होवे तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ॥२॥ पवन या मन की गति ज्यों वेग नदी का बहे। स्थिर नहीं सूर्य्य शशी तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ॥३॥ राज पाया मुल्क का किसी रंक ने ज्यों स्वप्न में। वह ठाठ कितनी देर का तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ।४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। सफल कर इस वक्त को तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ॥५॥ नं. ७ शुभ काम क्या किया मानुष का भव पाय के शुभ काम तैंने क्या किया। अपने किया औरों के लिए शुभ काम तैंने क्या किया ॥टेक॥ नामवर जीमन किया दुनिया में वाह वाह हो रही। भूला फिरे गरूर में शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥१॥ मित्र मिल गोटां करी वेश्या नचाई बाग़ में। माल खा गए मश्करे शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥२॥ तन से या धन से बड़ा, नहीं जाति की रक्षा करी। प्रेम नहीं सत्संग से शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥३॥ दिन गँवाया खाय के और निश गँवाई नींद में। यों वक्त तेरा सब गया शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥४। मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। विद्वान् हो तो समझ ले शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ।५॥ नं. ८ सत्संग महिमा—सत्संग से ज्ञानी बने तू चाहे जिससे पूछ ले। मोक्ष भी हासिल करे तू चाहे जिससे पूछ ले ॥टेक। कई पापी हो चुके वे तिर गए सत्संग से। शक हो तो मेरी है रज़ा तू चाहे जिससे पूछ ले ॥सत्संग॥ १॥ जैसे पत्थर नाव

१२

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

के संग नीर में तिरता रहे। परले किनारे वह लगे तू चाहे जिससे पूछले, सत्संग ॥२॥ यों हलाहल ज़हर को भी वैद्य की संगत मिले। अमृत बनादे औषधि तू चाहे जिससे पूछ ले, सत्सग ॥३॥ सोनी सुवर्ण को उठा कर जलती पावक में धरे। फूँक कर निर्मल करे तू चाहे जिससे पूछ ले, सत्संग ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का नित यही उपदेश है। सुधरे पशु भी संग से तू चाहे जिससे पूछ ले, सत्संग ॥५॥ नं० ९–धर्म का असली स्वरुप—सच मान सन्तों का कहा यह खास असली धर्म है। किन्ही पण्डितों से पूछ लें यह खास असली धर्म है ॥टेक॥ जीवों की रक्षा करे और झूँठ ना बोले कभी। चोरी का त्यागन करे यह खास असली धर्म है, सच० ॥१॥ ब्रह्मचर्य का पालना संग परिग्रह का परिहरे। रात्रि भोजन न करे यह खास असली धर्म है, सच० ।२॥ पाँचों इन्द्री को दमे क्रोधादि चारों जीत ले। समभाव शत्रु मित्र पै यह खास असली धर्म है, सच० ।३॥ दान दे तप जप करे नरमी रखे सबसे सदा। शुभ योग में रमता रहे यह खास असली धर्म है, सच० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का नित यही उपदेश है। गुण पात्र की सेवा करे यह खास असली धर्म है, सच० ॥५॥ नं० १० श्रावक के गुण—समणोपासक के सदा गुण ऐसे होना चाहिये। अनुराग रक्ता धर्म में गुण ऐसे होना चाहिए ॥टेक॥ आवश्यक करके सुबह गुरुदेव के दर्शन करे। बाद फिर शास्तर सुने गुण ऐसे होना चाहिए, समणोपासक० ॥१॥ गुरुदेव आवे द्वार पै तब उठ कर आदर करे। दान दे निज हाथ से गुण ऐसे होना चाहिए, समणो० ॥२ हितकारी चारों संघ के समभाव सम्पत विपत में। गुण पात्र की स्तुति करे गुण ऐसे होना चाहिए, समणो० ॥३। धर्म से डिगते हुए को सहायता दे स्थिर करे। उदास रहे संसार से गुण ऐसे होना चाहिए। समणोपासक ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। न्यायी हो निष्कपटी हो गुण ऐसे होना चाहिए, समणो० ॥५॥ नं० ११, सुशिष्य के लक्षण–आज्ञा गुरु की मानता जो वही शिष्य सुशिष्य है। आज्ञा को पालन न करे जो वही शिष्य कुशिष्य है ॥टेक॥ वन्दना करके सुबह ही पूछले गुरुदेव से। आज्ञा हो वैसा करे जो वही शिष्य सुशिष्य है ॥ आज्ञा ॥१॥ आते जाते देख गुरु को हो खड़ा कर जोड़के। भाव से भक्ति करे जो वही शिष्य सुशिष्य है, आज्ञा० ॥२॥ लेन में या देन में या खान में और पान में। कार्य करे सब पूछ के जो वही शिष्य सुशिष्य है, आज्ञा० ॥३। जो २ सब दिन रात की क्रिया वही करता रहे। चारित्र में माने मजा वही शिष्य सुशिष्य है। आज्ञा० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। निज दाव जीते मोक्ष का जो वही शिष्य सुशिष्य है, आज्ञा० ॥५॥ नं० १२–पतिव्रता के लक्षण–पति का

१३

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

हुकम पाले सदा पतिव्रता वही नार है। सुख में सुख दुःखी में दुःखी पतिव्रता वही नार है ॥टेक॥ कुटुम्ब को सुखदायिनी सुसम्प से मिलजुल रहे। सुमनी सुभाषिणी पतिव्रता वही नार है। पति का० ॥१॥ विपत में अनुकूल रहे चित्त अस्थिर हो तो स्थिर करे। उपदेश दाता धर्म की पतिव्रता वही नार है। पति का० ॥२॥ सीता सती राजिमती जैसे रहे सुदृढ़ धर्म में। पर पुरुष को वञ्छे नहीं पतिव्रता वही नार है। पति का० ॥ ३॥ रोष में पति कुछ कहे नहीं सामने बोले कभी। ज्यों त्यों दिल को खुश करे पतिव्रता वही नार है, पति का० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। दासी बन रहे चरण की पतिव्रता वही नार है, पति का० ॥५॥

नं. १३ हिंसा निषेध--नाहक सतावे ओर को यह तेरे हक़ में है बुरा। मान या मत मान ऐ नर तेरे हक़ में है बुरा ॥टेक। अपने अपने कर्म से जिस योन में पैदा हुए। तू बेगुनाह मारे उसे यह तेरे हक़ में है बुरा, नाहक० ॥१॥ सुख लिए पंखी पशु फिरते छुपाते जान को। रहम के बदले सताना तेरे हक़ में है बुरा। नाहक़० ॥२॥ पीछे जो बच्चे रहें कौन पालना उनकी करे। परवश पने वे भी मरें यह तेरे हक़ में है बुरा। नाहक० ॥३॥ तेरे जब काँटा लगे तब दुःख तुझे मालूम हुवे। इस तरह सब में समझ यह तेरे हक़ में है बुरा, नाहक० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। रहम जब तक दिल में नहीं यह तेरे हक़ में है बुरा। नाहक०॥५॥

नं. १४ मृषावाद निषेध—याद रख नर झूंठ से तारीफ तेरी है नहीं। बदल जाना बोलके तारीफ तेरी है नहीं ॥टेक॥ झूंठ से प्रतीत उठे झूंठ से झूंठा कहें। लोग सब लापर गिनें तारीफ तेरी है नहीं। याद रख० ॥१॥ वसु राजा का सिंहासन सत्य से रहता अधर। वह झूंठ से गया नरक में तारीफ तेरी है नहीं। याद रख० ॥२॥ नीच वञ्छे झूंठ को ओर ऊंच तो वञ्छे नहीं। झूंठ निन्दे सब जगत तारीफ तेरी है नहीं। याद रख०॥३॥ झूंठ से साधु को भी आचार्य पद आता नहीं। व्यवहार सूत्र माँही लिखा तारीफ तेरी है नहीं। याद रख० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। तू झूंठ में माने मजा तारीफ तेरी है नहीं। याद रख० ॥५॥

नं. १५ अस्तेय निषेध—साफ हुकम है शास्त्र का नर छोड़ दे तू तस्करी। तेरे हक़ में ठीक है नर छोड़ दे तू तस्करी ॥टेक॥ बद-नीत तस्कर की रहे करुणा न जिसके अङ्ग में। सब जाति में चौरी करे नर छोड दे तू तस्करी, साफ० ॥१॥ सुर स्थान या शिवस्थान या यह धर्म का स्थान है। मस्जिद मन्दिर न गिने नर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ॥२॥ सम जगह विषम जगह चोरी करे मारे मरे। समुद्र में चोरी करे नर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ॥३। सरकार में पावे सज़ा वह कैसे कैसे दुख सहे। उसको न मिलने दें किसी

१४

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

से नर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। एक साधु जन इससे बचे नर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ॥५॥ **१६—अब्रह्मचर्य निषेध-** इज्जत बनी रहेगी सदा परनारी का संग छोड़ दे। अब भी समझ कोई डर नहीं परनारी का संग छोड़दे ॥टेक॥ राजा कीचक द्रौपदी पै चित्त दियो तब भीम जी। छत उठा स्तम्भ बीच धरा परनारी का संग छोड़दे, इज्जत० ॥१॥ कई धन खोकर चुप रहे कई जान से मारे गए। कई रोग से सड़-सड़ मरे परनारी का संग छोड़ दे, इज्जत० ॥२॥ कई जूतियों से पिट गए कई जाति से खारिज हुए। कई राज में पकड़े गए परनारी का संग छोड़ दे, इज्जत० ॥३॥ शील में सीता सती फिर दृढ़ रही राजिमती इस तरह तू दृढ़ रह परनारी का संग छोड़ दे, इज्जत० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। शील में सुख है सदा परनारी का संग छोड़ दे, इज्जत० ॥५॥ **१७—परिग्रह निषेध**--माया को तू अपनी कहे अब तक तुझे मालूम नहीं। यह किसी की हुई ना होयगी अब तक तुझे मालूम नहीं ॥टेक॥ आया था जब नग्न होकर साथ कुछ लाया नहीं। पीछे पसारा सब हुआ अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥१॥ भाई-भाई सासु जमाई पुत्र और माता पिता धन के लिए शत्रु बने अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥२॥ बाबर अलाउद्दीन महमूद अकबर हुए बादशाह। वे भी खज़ाना छोड़ गए अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥३॥ अकृत्य कार्य तू करे दिन रात पच पच के मरे। क्या ठीक कौन मालिक बने अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। सन्तोष घर आराम का अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥५॥ **१८—क्रोध निषेध**—क्रोध मत कर ऐ जिया सुन हाल छट्ठे पाप का। क्रोध की ज्वाला गरम रख खोफ इसकी ताप का ॥टेक॥ क्रोध जिसके छा रहा वहां सत्य का क्या काम है। सरलता नहीं, नम्रता नहीं रहे क्षमा गुण आपका, क्रोध की० ।१॥ एक क्रोधी जिसके घर सब कुटुम्ब को क्रोधी करे। दिल चाहे जो बकता रहे नहीं ध्यान रहे माँ-बाप का, क्रोध की० ॥२॥ क्रोधी अपनी जान या परजान को गिनता नहीं। अवगुण निकाले और के यह काम नहीं सराफ का, क्रोध की० ॥३॥ प्रीति टूटे क्रोध से गुण नष्ट होवे क्रोध से। हित बात पर गुस्सा करे फिर काम क्या चुप चाप का, क्रोध० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। क्रोध से बचते रहो टल संजाय दुख ताप का, क्रोध की० ॥५॥ **१९--मान निषेध**--मान करना है बुरा जहाँ मान वहां अपमान है। लाभ या नुकसान इससे तुझको नहीं कुछ भान है ॥टेक॥ लाखों रुपैया हाथ से बरबाद कर दिया मान से। शुभ काम में दमड़ी

१५

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

नहीं तू काय का इन्सान है; मान० ॥१॥ सीता को देना हाथ से रावण को मुश्किल होगया। मर मिटा वह भी मर्द अभिमान ऐसी तान है, मान० ॥२॥ संसार में या धर्म में तैं बीज बोया फूट का। दिल को किया राज़ी यहाँ आखिर नरक स्थान है, मान० ॥३। दुनिया में कई होगये फिर और भी हो जायेंगे। घूमते गजराज जिनके स्थान अब वैरान है, मान० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। छोड़ दे जो मान उसका तुरत ही सन्मान है, मान० ॥५॥ २०--कपट निषेध--कपट करना छोड़ दे निष्कपट रहना ठीक है ॥टेक॥ सीता सती को कपट से लंका में रावण ले गया। आखिर नतीजा क्या मिला निष्कपट रहना ठीक है, ॥१॥ कपटी पुरुष का जगत में विश्वास कोई करता नहीं। कपट का घर झूठ है निष्कपट रहना ठीक है, कपट० ॥२॥ लेन में या देन में छल कपट से डरता नहीं। वह राज में पावे सज़ा निष्कपट रहना ठीक है, कपट० ।३। माया से नर नारी हुए नारी से नपुन्सक बने यह कपट का फल है सही निष्कपट रहना ठीक है, कपट० ॥४। मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। निष्कपट से इज्जत बढ़े निष्कपट रहना ठीक है, कपट० ॥५॥ २१-लोभ निषेध—लोभ नवमा पाप है तू लोभ तज सन्तोष कर। निर्लोभ में आराम है तू लोभ तज सन्तोष कर॥टेक॥ लोभ से हिंसा करे और झूँठ बोले लोभ से। लोभ से चोरी करे तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥१॥ लोभ से माता-पिता और पुत्र के अनबन रहे। हित मीत सगपन ना गिने तू लोभ तज सन्तोष कर॥२॥ लोभवश जिनपाल जिनरख जहाज़ में चढ़ कर गए। समुद्र में जिनरख मरा तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥३॥ लोभ जहां इन्साफ नहीं तू देखले अच्छी तरह। सब पाप की जड़ लोभ है, तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। निर्लोभ से मुक्ति मिले तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥५॥ २२--राग निषेध--मोह नींद है अनादि इसको टाल टाल टाल। तेरे कौन है संघाति जरा नाल, नाल नाल ॥टेक॥ यह मोक्ष पन्थ शुद्ध है तू चाल चाल चाल। एक आत्मा तुल्य जान दया पाल पाल पाल। तेरे० ॥१॥ रहेगा धरा यह यहां का यहाँ धन माल माल माल। दुर्गत में तेरी आत्मा तू मत डाल डाल डाल, तेरे० ॥२॥ मत कर गरूर देख तू काले बाल बाल बाल। तेरे सिर पर ज़बरदस्त है वो काल काल काल, तेरे० ॥३॥ नन्दलाल मुनि गुणवान की आज्ञा पाल पाल पाल। ले धर्म रत्न शीघ्र कंकर डाल डाल डाल, तेरे ॥४॥ २३--कुसम्प निषेध--सन्तों का कहना मान के तुम छोड़दो कुसम्प को। प्रेम से मिल जुल रहो तुम छोड़ दो कुसम्प को, ॥टेक॥ भाई भाई या बाप बेटा राज तक जो चढ़ गए। बर्बाद पैसे का किया तुम छोड़ दो कुसम्प

१६

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

को, सन्तों० ॥१॥ राज रावण का गया पञ्चों की गई पंचायती। साधु की गई सत्यता तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥२॥ कई तो खुद मर गए और कई को मरवा दिए। कई गए प्रदेश में तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥३॥ कई की इज्जत गई कई धर्म में हानि करी। भरम घरका खोदिया तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी का यही नित उपदेश है। सम्प में सुख है सदा तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥५॥ २४--नं० बुराई का निषेध—कर के बुराई और की क्यों पाप का भागी बने। बहकाने वाले बहुत हैं क्यों पाप का भागी बने ॥टेक॥ सत्य हो चाहे झूठ हो निर्णय तो करना ठीक है। अपनी अपनी तान के क्यों पाप का भागी बने करके० ॥१॥ कानें सुनी झूंठी होवे आँखों से देखी सत्य है। देखी भी झूंठी हो सके क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥२॥ मुख से बुराई निकले ज्यों हाट हो चर्मकार की। यह न्याय निन्दक पै सही क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥३॥ नीर को तज खीर पीवे हंस का यह धर्म है। तू भी गुण ले इस तरह क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी का यही नित उपदेश है। निन्दा पराई छोड़ दे क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥५॥ नं० २५—ईर्षा निषेध—देख कर पर सम्पति क्यों ईर्षा करता है तू। जैसा करे वैसा भरे क्यों ईर्षा करता है तू ॥टेक॥ लक्ष्मी भर पूर फिर व्यौपार में दुगने हुए। अपने अपने पुण्य हैं क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥१॥ पुत्र पौता आदि मनोहर बहुत ही परिवार है। मौज करे रंग महल में क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥२॥ जात या परजात या पंचायत या सरकार में। पूछ जिनकी हो रही क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥३॥ दयावन्त दानेश्वरी उपदेश दाता धर्म का। महिमा सुनि गुणवान की क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। द्वेष बुद्धि छोड़ दे क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥५॥ नं० २६—सत्योपदेश—ये स्वार्थी स्वजन इनमें राचिए नहीं। तू मान मान मान मान मान तो ही ॥टेक॥ तू क्यों करे अभिमान बहुत वक्त है नहीं। लेना है यहां विश्राम आखिर पन्थ तो वही, तू मान० ॥१॥ तेरे दिल में कुछ और मुंह से कहत है कई अधर्म में तमाम उमर बीत यों गई, तू मान० ॥२॥ दिल चाहे सो कर मित्र यहाँ तो पूछ है नहीं। कर्मों का तो इन्साफ तेरा होगया वहीं, तू मान० ।३॥ मेरे गुरु नन्द लाल जिनकी कहन है यही। कर लीजिये भलाई इक धर्म में रही, तू मान० ॥४॥ नं० २७—उपदेश—जिया मान ले मुनी राज सच्ची कहते हैं अरे। ले मुक्ति को सामान अब ढील क्यों करे, ॥टेक॥ ये पुत्र मात तात भ्रात जिनसे नेह करे। न तुझको तारण हार क्यों इनके जाल में परे, ले० ॥१॥ है थोड़ी

१७

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

सी जिन्दगानी तू न पाप से डरे । बिन पाल्या धर्म नियम कैसे आत्मा तरे, ले० ॥२॥ हो जाऊं मैं धनवान ऐसी कल्पना करे । न भाग बिना पावे नाहक डोलतो फिरे, ले० ॥३॥ महामुनि नन्दलाल जी है सन्त में सरे । संसार सागर घोर आप तारे और तरे, ले० ॥४॥ नं॰ २८ कंजूस की दशा—मूंजी अपने हाथ से नहीं जीते जी कभी दान दे । रात दिन जोड़े जमा नहीं जीते जी कभी दान दे ॥टेक॥ पुत्रादिक को दान देते देख ले मूंजी कभी । तो खुद करे एकासना नहीं जीते जी कभी दान दे, मूंजी० ॥१॥ चाहे कोई कुछ भी दे उसका फिकर मूंजी करे । जहां तक बने करदे मना नहीं जीते जी कभी दान दे, मूंजी० ॥२॥ दीन दुखिया द्वार पै कोई सवाल डाले आन कर । करुणा का जिसके काम क्या नहीं जीतेजी कभी दान दे, मूंजी० ॥३॥ खाना बद बद पहनना चाहे कोई भी त्यौहार हो । माया का मजदूर वो नहीं जीते जी कभी दान दे, मूंजी० ॥४॥ मेरे गुरु नन्द लाल जी का यही नित उपदेश है । मूंजी पूंजी धर जायगा नहीं जीतेजी कभी दान दे, मूंजी० ॥५॥ नं॰ २९ माता पिता का कर्तव्य –[तर्ज:–पारश प्रभू से अर्ज़ हमारी है रात दिन] बचपन से ही माँ बाप शुभ आचार सिखाते । मक़दूर क्या जो पुत्र वो कुपूत कहलाते ॥टेक॥ अपना अदब गुरु का विनय की रीत बताते । बुलवाते जी जी कार तो यश जगत में पाते मक़दूर० ॥१॥ जो हिंसा झूंठ चोरी कुकर्मों से डराते । पहले हिदायत होती तो क्यों नाम लजाते, मक़दूर० ॥२॥ गुरु से सिखाई गालियां फिर वो हाथ उठाते । खींचे पकड़ के बाल न कुछ भी तो शरमाते, मक़दूर० ॥३॥ जैसे की रहे संग में गुण वैसे ही आते । इस न्याय को विचार के सुसंग लगाते, मक़दूर० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी सच बात बताते । सुपुत्र दीपक की तरह निज कुल को दीपाते, मक़दूर० ॥५॥ नं॰ ३० गुरु की स्तुति—गुरु देव की मुझ सेव पुण्य योग से मिली । सुन्या बैन खुल्या नैन मेरी भ्रमना टली ॥टेक॥ प्रकृति है मुलायम ज्यों गुलाब की कली । सब मन की मेरी आस बहुत दिन से फली, सुन्या० ॥१॥ निर्पक्ष हो के कहते कथा ज्ञान को भली । मुझे आवे स्वाद मुंह में ज्यों मिष्टान की डली, सुन्या० ॥२॥ है ज्ञान के दरियाव धोवे पाप की कली । न मान माया लोभ है वैराग्य की झलि, सुन्या० ॥३॥ महा मुनि नन्दलाल जी सन्तोष की सली । तस शिष्य को गुरु कृपा से सुख सम्पति मिली, सुन्या० ॥४॥ नं॰ ३१ स्थिवर मुनि श्री **नन्दलालजी महाराज के गुण**—जैसे शशि है सोम ऐसी दीपति रति । गुरु आपका उपकार मैं तो भूलतो नथि ॥टेक॥ विद्या के सागर आप पूरे जैन में यति । उपजे अति मुझ प्रेम ऐसी सूरत शोभति गुरु० ॥१॥ भव जीवों के हित आप कथा कहते यूं कति ।

१८

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

उपदेश की छटा को पारन पावे सुरपति, गुरु० ॥२॥ चरचा में है निपुण करे बात सूत्रति । जिन धर्म की फते फते बजाते हो अति, गुरु० ॥३॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी की दीपति रति । मैं आपका निजदास दीजो मोक्ष की गति, गुरु० ॥४॥ नं० ३२ चक्रवर्ती ब्रह्मदत्त को उपदेश-(तर्ज—कव्वाली) ब्रह्मदत्त मान ले कहना, वक्त यह फिर न आवेगा । नाहक भोगों में ललचा के, नफा तू क्या उठावेगा ॥टेर॥ पूर्व भव का है तूं भाई, कहूं मैं साफ दर्शाई । और हित के लिए तुझको कौन सच्ची सुनावेगा ॥१॥ कुटुम्ब निज मित्र और न्याति, यह तो सब स्वार्थ के साथी । तुझे जब काल के मुंह सेन्हीं कोई छुड़ावेगा ॥२॥ मेरी यह मेरी यों करके, असल में जहाँ की जहाँ धरके । चली जा रही है सब दुनियाँ तूं भी ऐसे ही जायगा ॥३॥ स्वजन धन फोज चतुरंगी कोई किस का नहीं संगी । याद रख एक दिन नृप तूं अकेला ही सिधावेगा ॥४॥ मुनि नन्दलाल गुरु ज्ञानी, जिनकी सुन प्रेम से बानी । दया के कुण्ड में न्हाले दुःखों की दाह बुझावेगा ॥ ब्रह्मदत्त मानले कहना, वक्त यह फिर न आवेगा ॥५॥ नं० ३३ असल में कौन—(तर्ज-पूर्ववत) बता दे नाम तू उसका असल में कौन है तेरा । जिया सत्संग करने से. मिटे चौरासी का फेरा ॥टेर॥ रानी देवकी के अंग जाया, द्वारिका नाथ कहलाया । कुटुम्ब कोई काम नहीं आया. जिन्हों के अन्त की वेरा ॥१॥ चौथा चक्रवर्त साराया रूप देखन को सुर आया । बिगड़ गई छिनक में काया, उनको जब रोग ने घेरा ॥२॥ धन्न इब्यों का था घर में, जहाज चलती थी सागर में । सेठ कहलाते नगर में, यहां पर वह भी नहीं ठेरा ॥३॥ पूर्ण समकित में दृढ़ताई, श्रेणिक नृप था बड़ा न्याई । छोड़ कर राज सब यांही, नरक में जा किया डेरा ॥४॥ देख संसार की रचना, नाहक योंही पाप में पचना । हो तो विद्वान तूं बचना, मुनी नन्दलाल गुरु मेरा ॥ बतादे नाम तूं ॥५॥ नं ३४ हितोपदेश-(तर्ज-पूर्ववत्) समझ नर क्यों गाफिल हो के वक्त अनमोल खोता है । मुक्ता फल छोड़ के असली, क्यों झूंठा पोत पोता है ॥टेर॥ ठगों की नगरी है सारी, इसमें तूं आया व्योपारी । तुझे कुछ भी नहीं मालुम, सुबह का शाम होता है ॥१॥ खर्च कितना किया वह लेख, कमाई क्या करी सो देख । आम उखाड के जड़ से, आक का बीज बोता है ॥२॥ निगाह कर देख तो घर की, बुराई क्यों करे पर की । ज्ञान की गहरी नदियों में पाप मल क्यों न धोता है ॥३॥ फिरे तूं हो के मद-माता धर्म के पंथ नहीं आता । पड़ा मोह जाल के फंद में, जैसे पिंजरे में तोता है ॥४॥ मुनि नन्दलाल हित आनी, कहे सो मान भव प्राणी । सड़क सीधी है शिवपुर की, देख किस तर्फ जोता है ॥ समझ नर क्यों ॥५॥ नं० ३५ नशा निषेध—(तर्जः-माता मरु

१६

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

देवी के लाल मोक्ष की राह बताने वाले) मत कर नशा कंदना मान तूं अपना हित चाहने वाले ॥टेर॥ जो करते नशा अज्ञान, उनको रहे नहीं कुछ भान, सब ही लोग कहे वेईमान, कुल का नाम लजाने वाले ॥१॥ केई कपड़ा माल गमाते, केई गलियों में गिर जाते, कुत्ते उनके मुंह चाट जाते, मक्खियों को न उड़ाने वाले ॥२। वह निर्लज होते चोड़े, फिर संग छोकरा दोड़े, घर के वर्तन बासन फोड़े, हाँ २ हँसी कराने वाले ॥३॥ न रहे हिताहित खयाल, मुंह से बोले आल पंपाल, करते लोग हाल वेहाल, उड़ा म्हा मोज उड़ाने वाले ॥४॥ हे बहुत मजे का टेम, तेरे नित्य रहेगा नेम, दिल से करदे झटपट नेम, अपनी इज्जत बढाने वाले ॥५॥ गुरुवर मेरे श्री नन्दलाल, है सब जीवों के प्रतिपाल, देते मिथ्या भर्म को टाल सच्चा ज्ञान सुनाने वाले ॥ मत कर नशा० ॥६॥

नं० १ चौबीसी जिन गुण—(तर्ज:—आज रंग बरसेरे २ म्हारा नेमकुंवर बिन जिवड़ो तरसेरे) शुभ फल पावो रे २ चौबीस जिनन्द जी का नित गुण गावोरे ॥टेर॥ धर्म जिनेश्वर चन्दा प्रभुजी ऋषभ प्रथम अवतारी रे । महावीर कुन्थु जिन जपतां, जय जय कारी रे ॥ शुभ० ॥१॥ शान्ति नाम से शाता वरते, अनन्त सुपार्श्व ध्यावे रे । सुमति नाथ प्रभु पार्श्व परसतां पाप पुलावेरे ॥ शुभ० ॥२॥ रिष्ट नेम श्री मुनि सुव्रतजी, विमल निर्मल गुण धारी रे । पद्म प्रभु अभिनन्दन, आवागमन निवारी रे ॥ शुभ ॥३॥ श्री श्री सम्भव नमि मल्लि, महाराज पाप मल हरिया रे । वासु पूज्य शीतल जिन, सुख शिवपुर का वरिया रे । शुभ० ॥४॥ सुविधि नाथ श्री अजित प्रभु, पच्चीस भावना पाली रे, अरह नाथ श्रेयाँश अचल पद, लियो सम्भाली रे ॥ शुभ० ॥५॥ इण विध जाप जपै जिनवर का, पेष्ट तणे पर आवेरे । अरति भय दुःख दूर टले, कमला घर आवेरे ॥ शुभ० ॥६॥ फरिद कोट पूज्य मुन्नालालजी, नवठाणा से आयारे । महा मुनि नन्दलाल तणा शिष्य, जिन गुण गाया रे ॥ शुभ० ॥७॥

नं० २ वीर गुण गान—(तर्ज संग चलूं जी पिया) मत भूलो कदारे, मत भूलो कदा । वीर प्रभु के गुण गाओ सदा ॥टेर॥ ज्यो २ भाव प्रभु प्रगट किया, गणधर सूत्रों में गूंथ लिया । मत० ॥१॥ प्रभुजी की वाणी को आज आधार, सुन २ सफल करो अवतार । मत० ॥२॥ जल से नहाया तन मैल हटे, प्रभुजी की वाणी से पाप कटे । मत० ॥३॥ तुरत फुरत सब विपति टले, जिहां तिहां वञ्छित आश फले । मत० ॥४॥ मुनि नन्दलाल जी हुकम दिया, जद रावल पिंडी चौमासा किया । मत० ॥५॥

नं० जिन गुण—(तर्ज-पूर्ववत्) जिन राज ऐसा रे, जिन राज ऐसा । निस दिन म्हारे मन में बसा ॥टेर॥ जगत में जहाज सहाज जगदीश, शत्रु मित्र पर राग न रीश । जिन० ॥१॥ गुण तो अनन्त दीठा नेण ठरे,

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

इन्द्रादिक सुर पाँय परे। जिन० ॥२॥ वाणी तो बरसे ज्यों अमृत धार, भव जीव सुणे जांके हर्ष अपार । जिन० ॥३॥ जिहाँ तिहाँ विचरे श्री भगवान, धर्म को उद्योत करे जिम भान। जिन० ॥४॥ मांडलगढ़ में मुनि नन्दलाल, तिस शिष्य जोड़ बनाई रसाल। जिन० ॥५॥ ४—जिन-वाणी—[तर्ज़-पूर्ववत्] जिन वाणी ऐसी रे। जिन वाणी ऐसी। कुमति गई ने म्हारे सुमति बसी। टेर। सुनत मिटत दुष्ट कर्म अरी, जो भव जीव सुने भाव धरी। जिन०॥१॥ जो जन वाणी परकाशे जिनराज, इन्द्रादिक आवे सुनवा के काज, जिन०॥२॥ सुन-सुन उत्तम जीव अनेक, उतर गया भव सागर देख। जिन०॥३॥ काम क्रोध मद लोभ की झाल, शीतल होय सुनतां तत्काल। जिन० ॥४॥ मुनि नन्दलाल तणा शिष्य जान, गायो चित्तौड़ में करिये प्रमान। जिन० ॥५॥ ५—परमेष्ठी गुण-[अवधु सो जोगी गुरु मेरा] आछो आनन्द रंग वरसायो, मैं तो देख सभा हुलसायो ॥टेर॥ अरिहन्त नमूँ पद पहले, भव जीवां ने शिवपुर मेले, लोक लोक को स्वरूप बतायो। आछो०॥१॥ दूजे पद श्री सिद्ध ध्याऊँ, कर जोड़ी ने शीश नमाऊं जनम मरण को दुःख मिटायो। आछो० ॥२॥ आचारज तीजे पद सोहे, चारों तीरथ के मन मोहे, ज्ञान ध्यान में चित्त रमायो। आछो० ॥३॥ उपाध्याय मेरे मन भावे, कई सन्तों को ज्ञान भणावे, जांकी बुद्धि को पार न पायो॥ आछो० ॥४॥ सर्व साधुजी गुण का दरिया, जाने पाप सद्दु पर हरिया, मोकूँ मुक्ति को पंथ बतायो। आछो० ॥५॥ ये तो पाँचों ही पद भज भाई, नित एक चित्त ध्यान लगाई, कारज सिद्ध हुवे मन चहायो। आछो० ॥६॥ नन्द-लाल मुनि गुणधारी, तस शिष्य कहे हितकारी, मैं तो मंगलीक आज मनायो॥ आछो० ॥७॥ ६—गौतम-गुण-[तर्ज़—रे जीवा जिन धर्म कीजिये] गौतम गण धर वंदिने। पूरण लब्धि भंडार ॥टेर॥ चौबीस मां वर्धमान के, चेला चतुर सुजान। सब साधां में शिरोमणि, ऊगा जगत में भान। गौतम० ॥१॥ चवदे पुरवना पाठीया, ज्ञान चार बखान। तपस्या करी चित निर्मली, नहीं मच्छ गिल्यान। गौतम० ॥२॥ परबत में मेरु बड़ा, सीतां नदियाँ के माँय। स्वयंभू रमण दधियाँ विषे, एरावत गज मांय। गौतम० ॥३॥ सब रस में इक्षु रस वड़ा, दान में वड़ा अभयदान। ऐम अनेक है ओपमा, कहाँ लग करूँ जी बखान। गौतम० ॥४॥ सर्व बाणँ वर्षनो आउखो, दश जुग रया घर माँय। पीछे एवा गुरु भेटिया, चौबीस मां जिनराय॥ गौतम० ॥५॥ तीस बरस छद मस्त रया, पीछे केवल ज्ञान। द्वादश वर्षनो पालने, पहुँचता निर्वाल। गौतम० ॥६॥ अनन्त सुखां में विराजिया, माता पृथ्वी का नन्द। खूबचन्द कहे थारा नाम से, भयो मगन आनन्द। गौतम० ॥७॥ ७—सुधर्म गणधर के गुण—(संग चलूंजी पिया) कर कुमति विदा २ स्वामी सुधर्मा

२१

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

जी ने वन्दु सदा ॥ठेर॥ वीरजी के विराज्या परथम पाट, सुधी बताई जाने मुगति की वाट । कर० ॥१॥ सो वर्ष को आऊँ खो पाया तास, पच्चास वर्ष रहीया गृहवास । कर० ॥२॥ संजम लियो धार नीके अंग जात, गुरु भेटया जाने त्रिलोकीनाथ । कर० ।३॥ मति श्रुत अवधि मन पर्यव ज्ञान, चवदा पुरव विद्या को प्रमान ॥ कर० ॥४॥ बयालीस वर्ष ध्याता निर्मल ध्यान, प्रकट हुओ पीछे केवल ज्ञान । कर० ॥५॥ रूप दीपे जांको भगमग ज्योत, देवता से पण अधिक उद्योत । कर० ॥६। जम्बू सरिखा जाके शिष्य है वनीत, रात दिवस जांको चरणा में चित ॥ कर०॥७॥ वाणी प्रकाशी जैसे अमृत धार, सूत्र रचा जाँको आज आधार ।'कर०॥८। आठ वर्ष केवल परवर्जया पाल, मुगतिविराज्या पीछे दीनदयाल ॥ कर० ॥९॥ पाट विराजे जाँके जम्बू अणगार, परम वैरागी घणो कियो, उपकार। कर ॥१०। चम्मालीस वर्ष पाल्यो केवल ज्ञान, ते पण पाया प्रभु शिवपुर स्थान । कर० ॥११॥ सुधर्मा स्वामी ने जम्बू अणगार, चरण नमूँ जाँके बारम्बार । कर० ।१२॥ खूबचन्द कहे मेरे गुरु नन्दलाल, तिण प्रसादे गायो त्रेपन के साल। कर० ।१३॥

८-जिनेश्वर जन्म—[तर्ज—हरिश्चन्द्र राजाजी] जिनेश्वर रायाजी, स्वर्ग थकी चव आवे, प्रजा सुख पावे, हो जिनेश्वररायाजी ॥१॥ जिनेश्वर रायाजी गगन निर्मलो दर्शे, वर्षा सम वर्षे, हो जिनेश्वर रायाजी ॥२॥ जिनेश्वर रायाजी शाखाँ निपजे सारी, पुन्याई थारी हो जिनेश्वर रायाजी ॥४॥ जिनेश्वर रायाजी आछो बधायां आवे, के हर्ष मनावे, हो जिनेश्वर रायाजी ॥५॥ जिनेश्वर रायाजी, शकुन मिले सब ताजा, आदर देवे राजा, हो जिनेश्वर रायाजी ॥६॥ जिनेश्वर रायाजी, गुरु नन्दलालजी ध्याऊँ, सदा गुण गाऊं, हो जिनेश्वर रायाजी ॥७॥

९--जिन जन्म महिमा--[तर्ज—तू सुन म्हारी जननी आज्ञा देवो तो संजम आदरूँ] जिन जन्म की महिमा, करवाने आया देवी देवता । टेर॥ सक्र इन्द्र ईशान इन्द्रजी, तिजा सनतकुमार । महिन्द्र ब्रह्म लंतक महा शुकरः बलि इन्द्र संसार ॥ पाण इन्द्र और अचू इन्द्र आये, लेकर सब परिवारजी ॥ जिन० ॥१॥ सहस्त्र चौरासी अस्सी बहोतर, सीतर साठ बखान। पच्चास चाली तीस बीस दश, सामानिक सुर जान ॥ चार गुणा सामानिक सुर से आतम रक्ष परमानजी ॥ जिन० ॥२। बारा सहस्त्र चवदा बलि सोला, तीन परिषदा माँय । दो दो सहस्त्र कम करके ऊपर, दो दो सहस्त्र बढ़ाय ॥ छै इन्द्र तक इणविध लीजो, चतुर हिसाब लगायजी ॥ जिन ३॥ सहस्त्र पान से ढाई से अती फेर सत्रासो थाय । दुगुणा २ तीन दफे तुम लीजो जोड़ लगाय ॥ इतने सुर एक एक इन्द्र के, तीन परिषदा माँयजी ॥ जिन० ॥४॥ लक्ष जोजन का लम्बा चौड़ा, आयारच विमान । एक सहस्त्र जोजन की सबके,

२२

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

महिन्द्र ध्वजा परिमान ॥ सुघोषा महाघोषा, घंटा, पांच पांच के जानजी । जिन० ॥५॥ चमरिन्द्र बलइन्दर प्रमुख, भवनपति के बीस । काल और महाकाल आदि दे व्यतर के बत्तीस ॥ चन्द्र सूर्य इन्द्र मिल होगए, चार बीस चालीसजी ॥ जिन० ॥६॥ अथ लक्ष जोजन लम्बा चौड़ा, असुरां का विमान । धरणिन्द्रादिक अष्टादश के, सहस्र पच्चीस प्रमान । व्यतरिन्द्र और रवि शशि के, सहस्र जोजन का मान जी ॥ जिन० ॥७॥ वैमानिक से आधी ऊंची, जानो असुर कुमार । नवनिकाय के ढाई से की, महिन्द्र ध्वजा विस्तार ॥ सौ ऊपर पच्चीस जोजन की, व्यतर जोतिषी धारजी ॥ जिन० ॥८॥ इण विध हुओ समागम सुर को, जिन महिमा के काज । मेरे गुरु गुण आगर मानूं, नन्दलाल महाराज । रावलपिन्डी जोड़ बनाई, सरिया वंच्छित काजजी । जिन० ॥० ॥६॥ १०--झूलना--[तर्ज—जिनंद जश जग में] माताजी हुलरावे, पुतर ने राग सुनावे रे ॥टेर॥ रतन जड़ित पालनियो जाने रेशम सेती बनियो ॥ धन जननि नन्दन जनियो रे । माता० ॥१॥ सोना की साँखल बांधी, फिर पालणिया में फांधी । जांके अधबीच झूमर बांधी रे । माता०॥२॥ कोई चकरी भंवरा लावे, कोई नृत्य करी रींझावे । कोई घूघरियां घमकावे रे । माता० ॥३॥ कोई सिर पर टोपी मेले, कोई अधर हाथ में झेले । ई ज्यूं ज्यूं बालक खेले रे ॥ माता० ॥४॥ कोई कान में बातां कहवे, कोई गोदी माँही लेवे । कोई काजल टीकी देवेरे ॥ माता० ॥५॥ जब चमक नींद से जागे, तब रमझम करता भागे । जाकी सूरत सोहनी लागे रे । माता० ॥६॥ माता अचला देवीजी का नन्दा, अश्वसेन राय कुल चंदा । जाने सेवे सुर नर वृन्दा रे ॥ माताजी० ॥७॥ खूबचन्द कहे पुन योगे, या ऋद्धि पाई संजोगे । यह तो करनी का फल भोगेरे ॥ माता० ॥८॥ ११--जिनेन्द्र प्रताप--[तर्ज़—मुगत पद पाया हो भरतेश्वर मोटा राजवी] आनन्द वरते हो जिनन्दा, थारा नाम सूं ॥टेर॥ प्रभु नाम को सुमरण मोटो, जाप जप्या मन माँय । मन वांछित कारज सिद्ध थावे, पातिक दूर पलाय ॥ आनन्द ॥१॥ समरथ जान शरण में आयो, अवर देव कुण जांचे । आम स्वाद जिण चाख लियो तो, इमली में कुण रांचे । आनन्द ॥२॥ रत्नाकर मिलियो पुन योगे, हियो बहुत हुलसावे । सफल काज हो गया कहो फिर कंकर कौन उठावे ॥ आनन्द ॥३॥ कृपानिधि शिवपुर के वासी, यह मेरी अरदास । चार तीर्थ में कुशल रहे, सुख सम्पति लील विलास । आनन्द ॥ क्षीर समुद्र भरयो मुख आगे, कुण करे नाडी आस । मुनि नन्दलाल तणा शिष्य कहे, मुझ प्रगटी सुख की रास । आनन्द० ॥५॥ १२--मुनिराज--[तर्ज़—सोरठ] धन जग में मुनि राया, ज्याने कर लीना मन चाया रे ॥टेक॥ सुमति गुपति नित चाव तिरन को,

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

तामें चित्त रमाया रे ॥ धन ॥१॥ काम क्रोध मद लोभ तरसना, दूर तजी मोह माया रे। धन०॥२॥ कर कर ज्ञान प्रकाश हिया में, वैराग्य रहे नित छाया रे। धन० ॥३॥ कर्महणी कई शिवपुर पाया, कई सुरलोक सिधाया रे। धन०॥४॥ मुनि नन्दलाल तणां शिष्य जग में, जिहाँ तिहाँ जश पाया रे ॥धन० ॥५॥

१३–वीर मिलन की लालसा--[तर्ज़—हो गये नीत हीन कितनेक कलु के मानवी] मैं तो शिवपुर को वासी वीर जिनन्द से मिलसूं रे ॥टेर॥ तिसलादे माता के नन्दन, पिता सिद्धारथ राय। बहत्तर वर्ष की आयुष ज्याँकी, कंचन वरणी काय ॥ मैं तो० ।२॥ सुर नर के पुजनीक प्रभु रया, तीस वर्ष घर माँय। संजम ले फिर कर्म काट कर, मोक्ष बिराजा जाय॥ मैं तो० ॥२॥ मैं इन भरत क्षेत्र के मांहि, आप मोक्ष के माँय। अब अन्तस को लग्यो उमावो, दर्श करूं कब आय। मैं तो० ॥३॥ जिन रस्ते प्रभु आप पधारया, शिवपुर आसन ठायो। वो रस्तो ढूँढ़त फिरयोस पण, ना मुझ कणी बतायो ॥ मैं तो०॥४ लुच्चा सौदा बहुत मिल्या मुझ, उलटी राह बताई। निर्लोभी सतगुरु मिल्या जब सूधी बाट दिखाई। मैं तो० ॥५॥ अब मैं बाट कभी नहीं छोड़ूं, जल्दी जल्दी दोडूं। जहां होगा वहाँ आन मिलूंगा, संग कदी नहीं छोडूं ॥ मैं तो० ॥६॥ नन्दलालजी महाराज प्रसादे, खूबचन्द इम गावे। प्रभु थारा प्रताप सेस म्हारे, सदा नवे नन्द थावे, मैं तो॥७॥

१४-वीर की क्षमा—[तर्ज़—नाम की निज बूंटी निज बूंटी] मेरे प्रभु वीरजी वीरजी। कांई क्षम्या करी भरपूर ॥ टेर ॥ कठिन कर्म को काटवा, गया देश अनार्य मुझार। मेरे॥१॥ कम से कम छट तप किया, काँई उत्कृष्ट किया छे मास ॥मेरे० ॥२॥ मिला उड़द का बाकला, काँई बोर कुटा को अहार ॥मेरे० ॥३॥ आप खड़ा जब ध्यान में, काँइ लम्बी भुजा पसार। मेरे० ॥४॥ बाल खेंच धक्का दिया, कांइ दी मार अनारज लोग। मेरे० ॥५॥ कुत्ता लगाया काटना, कांइ कर छुछुकार अयोग ॥ मेरे०॥६॥ देव मनुष्य तिर्यंचका, काँइ उपसर्ग सहे अपार ॥ मेरे० ॥७॥ अधिक द्वादश वर्ष में, काँइ उपनो केवल ज्ञान ॥ मेरे० ॥८॥ दया धर्म फैलाय के, कांइ किया मोक्ष में वास ॥ मेरे० ॥९॥ गुरु नन्दलालजी का हुक्म से, किया रामपुरे चौमास। मेरे० ॥१०॥

१५–गुरुदेव दर्शन—[तर्ज—आज रंग बरसे रे, आज मन भायो रे २ गुरुदेव आपका दर्शन पायो रे ॥टेर॥ तारन तिरन जहाज आप, शिव मारग सूधो लीधोरे। बहुत दिनों से होती आश, भलो दर्शन दीधोरे। आज० ॥१॥ कल्पतरु गुरु पारस सम छो, पूरण पर उपकारी रे। निज गुण की चहुँ दिशि फैल रही, महिमा थारी रे ॥ आज० ॥२॥ गुरु ज्ञान के भान अंग में, अभिमान नहीं दरशे रे। संजम रुचि वैराग्य झलक, मुख ऊपर बरसे रे, आज॥३॥आचारी पूरे ब्रह्मचारी छो नव

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

नव कल्प विहारी रे। करूं कहां तक गुण वर्णन, तुच्छ बुधि हमारी रे ॥ आज० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनि की, चाहुं निरन्तर सेवा रे। है यकीन मुक्ति का निश्चय मिलसी मेवा रे ॥ आज० ॥५॥ १६-गुरु गुण—[तर्ज़—गूंथी लावो ए फूलां मालन म्हारे गेंद गजरो] म्हारा गुरुजी गुणवन्त आछो ज्ञान सुनायो ॥टेर॥ जीवयो अनादि मोह नींद में छायो । ज्ञान को जल छांट मोकूं आप जगायो ॥ म्हारा० ॥१॥ प्यासीयाने ठार निर्मल नीर ज्यूं पायो । भूखा ने खीर खाँड को जिम भात जिमायो ॥ म्हारा० ॥२॥ राग सुण ज्यूं नाग रहे बहुत घुमायो । भादवे बरसात ज्यूं झड़ आप लगायो ॥ म्हारा० ॥३॥ घोर यो संसार सागर आप फरमायो। डूबताँ इण माँय मोकूं आप बचायो । म्हारा० ॥४॥ महामुनि नन्दलालजी तस शिष्य हुलसायो । उगणीसे तिरेसठ माँय गढ़ चित्तौड़ में गायो ॥ म्हारा० ॥५॥ १७-दीक्षार्थी को माता की शिक्षा—[तर्ज—पूर्ववत्] सुणो लाल संजम पाल वेगा मोक्ष में जाज्यो ॥टेर॥ विनय करी खूब गुरुदेव रिझाज्यो । होय तो अपराध वारम्वार खमाज्यो । सुणो० ॥१॥ सीखज्यो बहु ज्ञान परमाद घटाजो । मेघ ज्यूं तपस्या की झड़ी खूब लगाजो ॥ सुणो० ॥२॥ आज ज्युं दिन रात थे वैराग्य वधाजो । सार दया धर्म तामें चित्त रमाजो । सुणो० ॥३। फेर दूजी मात के मत कूंख में आजो । जन्म जरा मरण का सब दुःख मिटाजो । सुणो० ॥४॥ ऐतली तुम सीख ऊपर ध्यान लगाजो । महा मुनि नन्दलालजी सुख सम्पति पाजो । सुणो० ॥५॥ १८-गुरु की शोभा-(तर्ज—गुरु निग्रन्थ नहीं जोया जीव तैने गुरु) गुरुजी विराजा सोहे सभा में, गुरुजी विराजा सोहे रे ॥टेर॥ समता के सागर गुण रतनागर, सुर नर का मन मोवेरे । ज्ञान सरोवर में करत किलोला, पाप तणा मल धोवेरे । गुरु० ।१। नरनारी बहु हिल-मिल आवे, निरख २ मुख जोवेरे । मधुर वचन से भव जीवों का, मिथ्या भर्म सब खोवेरे । गुरु० ॥२॥ ग्राम नगर मेरे गुरुजी पधारे, जहां बीज धर्म को बोवेरे । मुनि नन्दलाल तणा शिष्य कहे, मेरो रोम २ खुश होवेरे । गुरुजी० ॥३॥ १६-पूज्य दर्शन--(तर्ज—चेतन चेतोरे) दर्शन कर सारे २ म्हारा पुन्य योग से पूज्य पधारया रे ॥टेर॥ गाम नगर पुर पाटन विचरत, पूज्यजी आज पधारया रे । सुर तरु सम मन वाञ्छित म्हारा, कारज सारया रे । दर्शन० ॥१॥ उपगारी गुणधारी जांकी, सुर नर सेवा सारे रे । भव जीवाँ ने भव सागर से पार उतारे रे । दर्शन० ॥२॥ कोई कहे मैं दर्शन करसां, कोई कहे सुणसां वाणी रे । कोई कहे मैं प्रश्न पूछसां, छे बहु नाणी रे । दर्शन० ॥३॥ कोई बैठा गज तुरी ऊपरे, कोई कोई पाला जावेरे । कोई चढ़या रथ म्याना में जाँका, हिया हुलसावेरे । दर्शन० ॥४॥ कोई जावे कोई आवे

२५

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

पाछा, छगे मगे रह्यो लागीरे। कोई कहे तू चाल में आयो, लेर सु भागी रे। दर्शन० ॥५॥ कोई बैठा निज मन्दिर अपने, पूज्य की भावना भावेरे। कोई इक दृष्टि जोय रह्या, कोई शकुन मनावेरे। दर्शन० ॥६॥ नन्दलालजी महाराज प्रसादे, खूबचन्द इम गावेरे। धन जाँको अवतार पूज्य की सेवा पावेरे। दर्श० ॥७॥ २०--गुरु सेवा--(तर्ज--क्या तन मांजता रे) गुरुजी आपकी रे गुरुजी आपकी रे मोकूं सेवा मिली पुन योग ॥टेक॥ क्षमावंत ज्ञानादिक गुण के तुम हो सिन्धु समान। मिथ्या तिमिर के नाश करन को, प्रगट हुवे हो भान। गुरु० ॥१॥ तांता तोड़ दिया तृष्णा का, नहीं किसकी दरकार। अपने दिल में समझ लिया, कंचन पत्थर इकसार॥ गुरु० ॥२॥ मन को जीत लिया विषयां से, धर्म-ध्यान में लीन। निज आतम सम जान जगत को, अभय दान तुम दीन। गुरु० ॥३॥ क्षण मात्र भी तुम पुरुषों का, संग करे नर कोय। सच्चा ज्ञान मिले फिर उनकी, क्यों नहीं मुक्ति होय। गुरुजी० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनीश्वर, बहु सुखी विद्वान। पर उपकार जान हम सबको, दी शिक्षा हित आन। गुरु० ॥५॥ २१--ज्ञानी गुरु का निर्णय-(तर्ज:-फाग) ज्ञानी गुरु बिना कौन करे निरणा॥टेर॥ कुँवर सुबाहु पंच दश भव करने। आखिर मोक्ष गति वरणा। ज्ञानी० ।१। परदेशी नृप का हुआ निस्तारा। केसी स्वामी का भेट्या चरणा। ज्ञानी० ॥२॥ मेघ मुनि युगल भव गज का। न्याय सुनाय के स्थिर करणा। ज्ञानी० ॥३॥ कुण्डरिक पुण्डरिक दोनों भाई। करणी जैसा दुःख-सुख भरणा ज्ञानी० ॥४॥ मुनि नन्दलाल तणा शिष्य गावे। लो देव गुरु धरम शरणा। ज्ञानी० ॥५॥ नं० २२--(तर्ज--पूर्ववत्) ज्ञानी गुरु बिना कौन कहे सांची ॥टेर॥ कठिन कहे मुनि जो समें आवे। ढोर के नाय लगे टाँची। ज्ञानी० ॥१॥ चित्त मुनि कही ब्रह्मदत्त नहीं मानी। नर्क गयो भोगों में राची। ज्ञानी० ॥२॥ जो निज सुख चाहो अहो! मानव। करणी करो आछी आछी। ज्ञानी ॥३॥ आये हो परभव का दुःख देखी। अब वो बाट मत लीजो पाछी। ज्ञानी० ॥४॥ मुनि नन्दलाल तणां शिष्य गावे। शुद्ध देव गुरु धर्म लीजो जाची। ज्ञानी० ॥५॥ २३--वीर वाणी--[मुगत पद पाया हो भरतेश्वर मोटा राजवी] आछी लागे म्हाने वीर-धीर की वाणी रे ॥टेर॥ सभा बीच जगनाथ विराजे, विस्मयवंत दीदार। शुभ लक्षण तन पूरण ज्ञान गुण, करुणा के भंडार॥ आछी ॥१॥ प्रेम सहित वाणी का प्यासा, राजादिक नरनार। आय-आय चरणों में झुके, गुण बोले बारम्बार। आछी० ॥२॥ पैंत्र बोल की कहे आस्ती, दो विध धर्म उदार। सुर नर इन्द्र विद्याधर सुन सुन, हर्षित होय अपार। आछी० ॥३॥ महाव्रत अनुव्रत त्याग नेम कहि, धारत है नर नार। धर्म कथा खाली नहीं जावे, अवश्य होय उपकार। आछी० ॥४॥

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

श्रोता चाहे वीर वाणी हम सुनते रहें हर वार। मुनि नन्दलाल तणां शिष्य दिल्ली, जोड़ करी तैयार। श्राछी० ॥५॥ २४--संत--[तर्ज़ पंजाबी] संतो में संत वही है, जो पालक पंचाचार का ॥टेर॥ श्रातम सम जाने पर प्राणी, झूठ त्याग बोले सत्य वाणी। रज़ा विना कछु लहे न जाणी, तज दिया फिकर संसार का, सब जग से निरमोही है ॥ संतों में० ॥१॥ एक जगह स्थिर वास न रहना, सुन दुर्वचन कुछ नहीं कहना, भिक्षा माँग गुजर कर लेना, दिल रखे सभी पर सार का। चाहे राजा रंक कोई है ॥ संतों में० ॥२॥ माया से मुहब्बत नहीं जोड़े, विषयों से अपना मन मोड़े। क्रोध कपट निन्दा को छोड़े, नहीं संग करे बदकार का। ॥ दुर्मति दूर खोई है। संतों में०। ३॥ दुनिया से हरदम रहे न्यारा, कुव्यसनों से करे किनारा, ऐसा संत ईश्वर को प्यारा, करे धन्धा ज्ञान विचार का, तब सुधरे भव दोई हैं ॥ संतों में० ॥४॥ गुरु नन्दलाल महामुनिराया, कृपा कर ज्ञानामृत पाया, नयाशहर में भजन बनाया, गुरु किया काम उपकार का। हिये ज्ञान वेल बोई है ॥ संतों में० ॥५॥ २५-गुरु महिमा—[तर्ज़—पूर्ववत्] सब मिथ्या भ्रम खोते हैं, मुनिराज ज्ञान भंडार है ॥टेर॥ छोड़ दिया गृहस्थी का नाता, जोड़े नहीं फिर प्रेम का ताँता, करते फक्त धर्म की बातां, उनका यही व्यौपार है। नहीं बुरी नजर जोते हैं ॥ सब मिथ्या० ॥१॥ राव रंक की रखते नाहीं, सबको देते साफ़ सुनाई, निर्लोभी और बेपरवाही, दृग्दृष्टि बुद्धि अपार है, समकीत का बीज बोते हैं ॥ सब मिथ्या० ॥२॥ शम दम और सांच के सूरे, निशदिन रहे कपट से दूरे, तप करके कर्मों को चूरे, जो दम्यावंत अनगार है, सुमति की सेज होते हैं ॥ सब मिथ्या० ॥३॥ दोष टाल लेते अन पानी, कभी न बोले सावद्य बानी। गुरु हुकम रखते अगवानी, फिर क्यों न सफल अवतार है। सुर नर का मन मोहते हैं ॥ सब मिथ्या० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनी हैं, जिन शासन में बड़े गुनी हैं, जिसने पहले बानी सुनी है, वह याद करे हरबार है। पुन योग दर्शन होते हैं ॥ सब मिथ्या ० ॥५॥ २६--अहिंसा—[तर्ज़—पूर्ववत्] मत प्राणी के प्राण सतारे, कर दया धर्म का मूल है ॥टेर॥ छोटे बड़े कई जीव विचारे, सबको अपने प्राण पियारे। आतम सम लख न्यारे न्यारे, यह समदृष्टि का रूल है। मरते की जान बचारे। मत० ॥१॥ रुच रुच अशुभ अकृत्य कमाये, जिनसे योन पशु की पाये, विषम स्थान गिरि जंगल मांहे, ना कोई जिनके अनुकूल है। फिरे इत उत मारे मारे० ॥ मत०२॥ कई पशु रहते बिच बन के, भूख प्यास और शीत उष्ण के, कभी न कह सकते दुःख तन के, कौन पूछे तेरा क्या शूल है। अब महरबान बन जा रे ॥ मत० ॥३॥ जो था मतंग रहम दिल वाला, पाँव तले सुसले को पाला, मर कर हुआ नृप घर

२७

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

लाला, जिनमत का यही असूल है। क्यों दिल से दया बिसारे। मत० ॥४॥ गुरु नन्दलाल हुकम फरमाया, अब चौमास आगरे ठाया, जोड़ सभा में भजन सुनाया, जब तुझकूं दया कबूल है। तब होगी माफ खता रे। मत० ॥५॥ २७—सत्य—[तर्ज--पूर्ववत] क्यों असत्य मुँह से भाखे सत्य निर्वद्य बोल विचार के ॥टेर॥ सतवादी सम बात बनावे, कर छल कपट पलट झट जावे, उस नर की परतीत न आवे, सब निन्दे लोग बजार के। फिर कदर कोई नहीं राखे। क्यों० ॥१॥ जो नर सत्य धर्म को चाहते, उनपै कष्ट कभी नहीं आते, सुर नर मददगार हो जाते, कहे धन धन सब संसार के। चरणों में झुके आ आके। क्यों० ॥२॥ सत्य से विष अमृत होजावे, पड़े पहाड़ से चोट न आवे, शास्तर में ज्ञानी फरमावे, टले विघ्न कई प्रकार के। जिया देख ज़रा अजमा के, क्यों॥३॥ हरिश्चन्द्र राजा सतधारी, बेची हाथ से तारा नारी, जिसने भरा विप्र घर वारी, तब गया सर्व दुःख टाल के। खुद इन्द्र स्वर्ग से आके०। क्यों ॥४॥ मुनि नन्दलाल साफ फरमावे, सत् की महिमा सब जन गावे, छोड़ झूँठ जिन से सुख पावे, रख याद हिया में धार के। मेरे गुरु कहे समझा के। क्यों० ॥५॥ २८—जुँआ निषेध—[तर्ज—पूर्ववत्] जुँआ का खेल मत खेले, यूं सन्त कहे समझाय के। टेर॥ जुँआ और सट्टा यह दोई, इन कामों में लगा जो कोई, वह निज सम्पत बैठा खोई, कुछ लम्बी नजर लगाय के। तू सोच हिताहित पहले। जुँआ० ॥१॥ करते रंज दाव जब हारे, मन में खोटी नीत विचारे, निर्दय होय मनुष्य को मारे, कोई मरते शस्तर खाय के। कोई डोलत फिरे अकेले। जुँआ ॥२॥ सब दिन रात सरीखे जाते, पर सुख देख देख पछताते, कुआचरण जिनके हो जाते, कहे अँगुली लोग बनाय के। यह कुल कपूत शठ टेले। जुँआ० ॥३॥ पांडु पुत्र जो थे बलधारी, राज सहित द्रौपदी हारी, नल राजा भी ले निज नारी, वह निकला राज गमाय के। ग्रन्थों से निर्णय ले ले॥ जुँआ० ॥४॥ गुरु नन्दलालजी का फरमाना, जो तूँ है विद्वान सयाना, प्रथम व्यसन के संग न जाना, कहूं राग पंजाबी गाय के। तेरी कीरत चहुँ दिशि फैले। जुँआ० ॥५॥ २९—सद्‌बोध—[तर्ज—पूर्ववत्] नर क्यों पर जान सतावे, फिर बदला दिया न जायगा। टेर॥ गेंद दड़ी ज्यों फिरा भटकता, मनुष्य जन्म में आया अटकता, वह दुःख तुझको नहीं खटकता, कर भला भला हो जायगा, सत् गुरु तुझे चेतावे। नर क्यों० ॥१॥ अन्तर कपट मुख मीठो बोले, पर का छिद्र देखतो डोले, जाति न्याति में विग्रह घोले, जो फूला वह कुम्हलायगा। यों ऋषि मुनि सब गावे॥ नर क्यों० ॥२। गुरु ज्ञान असली नहीं पाया, वृथा यों ही जन्म गँवाया, रत्न छोड़ कर कंकर उठाया, कहो मोल

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

कहीं भी पायगा। फिर आखिर में पछतावे। नर क्यों० ॥४॥ मुनि नन्दलाल मेरे गुरु देवा, जिन शासन में सुरतरु जेवा, तन मन से कोई करले सेवा, गुरु ऐसा ज्ञान बतायगा। सब मिथ्या भ्रम मिट जावे॥ नर क्यों० ॥५॥ नं० ३०--[तर्ज--पूर्ववत्] नर क्यों पच पच मरता है; तेरे कौन साथ में आयगा ॥टेर॥ करे हिफाजत कुटुम्ब को पाले, वह भी तेरे हुकम में चाले, चूक पड़े होंगे मतवाले, तुझे क्षण में छेह दिखायगा। क्यों पाप पिंड भरता है। नर क्यों ॥१॥ दुनिया में थोड़ा सा जीना, जिसमें बोल लाभ क्या लीना, सच्चे मारग को तज दीना, न जाने कहाँ धस जायगा। फिर कारज क्या सरता है। नर क्यों ॥२॥ सच्चे गुरु की सुने न वाणी झूठी बात तुरत ले ताणी, न्याय अन्याय की बात न छाणी, तेरा यश अपयश रह जायगा, ना परभव से डरता है। नर क्यों० ॥३॥ फूला फिरे होय लटपट में, खोया जन्म झूठी खटपट में, करले अब कुछ भी झटपट में, फिर ऐसा न मौका पायगा, तेरा क्षण क्षण आयु खरता है। नर क्यों० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनि है, जिन शासन में बड़े गुणी हैं, जिणने पहले वाणी सुनी है, वह हर्ष हर्ष गुण गायगा। जो भवोदधि से तिरता है। नर क्यों० ।॥ ३१--संसार सराय--[तर्ज--पूर्ववत्] मेरी मान मुसाफिर अहो रे, क्यों सोवे बीच सराय के ।टेर। चार द्वार की यह सराय है, कई आय और कई जाय है, जिनकी गिनती कछु नाय है, कहे गुरुदेव जितलाय के, होशियार हमेशा रहो रे। मेरी मान० ॥१॥ राव रंक यहाँ सब ही आते, जो आते वही वापिस जाते, कोई खोते और कोई कमाते, कोई पूँजी मूल गंवाय के, वह चले गये बद होरे मेरी मान० ॥२॥ तेरा यहाँ पर होगया आना, आलस तज के लाभ कमाना, सोने का है नहीं जमाना, तू झूठा नेह लगाय के। अनमोल वक्त मत खोरे॥ मेरी मान० ॥३॥ इस सराय में ठग रहते हैं, गाफिल को वहीं ठग लेते हैं, खबरदार अब कर देते हैं, हम तो तुम्हें जगाय के। गफलत की नींद मत सो रे॥ मेरी मान० ।४॥ गुरु नन्दलाल मुनि हैं मेरे, न्याय बात कहे हक में तेरे। सत् पुरुषों का संग करले रे, दुर्लभ अवसर पाय के। लटपट मत कोई से हो रे॥ मेरी मान० ॥५॥ ३२ -सच्चा मेल --[तर्ज़- ख्याल] सुगति को मेलो करलो प्रेम से, अवसर मत चूको ॥टेर॥ साधु साध्वी श्रावक श्राविका चार तीर्थ गुणधारी। जिनकी सेवा करो तरो भव सिन्धु रहो हुशियारी रे॥ अवसर ०॥१॥ आगम वाणी सुन हो प्राणी, मिट जावे सब साँसा। चार गति में आवागमन का हो रहा अजब तमाशा रे॥ अवसर० ॥२॥ दया धर्म की गोठ करो नित, भांग भजन की पीवो। नियम नशा की लाली लावो, इण विध जुग जुग जीवो रे। अवसर० ॥३॥ जो होगा गुणवान जिन्हों के,

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

यह मेला मन भावे। दूजा मेला माँय जाय वह गांठ को दाम गँमावेरे। अवसर० ॥४॥ कहे मुनि नन्दलाल तणा शिष्य सुन लेना सब भाया। करी जोड़ अजमेर शहर सावन के महीने गाया। अवसर० ॥५॥ ३३- धर्म की दुकान—[तर्ज—ख्याल] तुम माल खरीदो त्रिशला नन्दन की खुली दुकान रे॥ टेर॥ शास्त्र रूप भरी पेटियाँ मुनिवर बड़े बजाजी। वजह वजह का माल देखलो कर अपना मन राजी रे॥ तुम० ॥१॥ जिन वाणी को गज है सांचो जरा फर्क मत जान। माप माप सत्गुरु देवे छे मत कर खेंचा तान रे॥ तुम० ॥२॥ जीव दया की मलमल भारी शुद्ध मन मिसरू लीजे। डबल जीन समता तणो सरे चावे सो कह दीजे रे॥ तुम० ॥३॥ तपस्सा को वंधागर भारी साड़ी ले संतोष। ऐसा कर व्यौपार जिन्हों से चेतन पावे मोक्ष रे॥ तुम० ॥४॥ महा मुनि नन्दलाल तणा शिष्य खूबचन्द कहे सार। काम नहीं टोटा तणो सरे नफो मिले व्यौपार रे॥ तुम० ॥५॥ नं० ३४—वैद्य गुरु—[तर्जः—पूर्ववत] ज्ञानी गुरु मिलिया वैद्य हकीम जी तुम दवा खरीदो॥ टेर॥ अष्ट कर्म का रोग अभ्यन्तर जनम मरण दुःख भारी। तुरत फुरत सब रोग मिटे लो दवा बहुत गुण कारी रे॥ तुम दवा० ॥१॥ छोटी बड़ी कई मीठी कड़वी तप गोली तैयार। आँख मींच कर झटपट ले लो मत कर और विचार रे॥ तुम० ॥२॥ समझ सयाना बार बार यह जोग मिले नहीं ऐसा। हित मुफ्त की दवा खिलावे कौड़ी लगे पैसा रे॥ तुम० ॥३॥ जिन वाणी का चूर्ण लिया कर व्याधि हरे तमाम। जो इतना भी शौक रखे तो हुवे परम आराम रे॥ तुम० ॥४॥ महा मुनि नन्दलाल तणा शिष्य जोड़ करी इम गावे। ऐसा मौका आन मिला कि रोग सोग मिट जावे रे॥ तुम दवा० ॥५॥ नं० ३५—गुरु वाणी— तर्जः—पनजी मुँडे बोल] वाणी साँची रे २ म्हारा ज्ञानी गुरु कही सो हिवड़े राची रे॥ टेर॥ अनन्त गुणी साकर से मीठी श्री जिनवर की वाणी रे। ठाम ठाम सुत्रों के माँही जाने दया वखाणी रे॥ वाणी० ॥१॥ अनन्त जीव सुन सुन ने तिरिया वली अनन्ता तिरसी रे। कई जीव व्रत मान काल में एक भव करसी रे॥ वाणी० ॥२॥ तीन तत्त्व कोई चतुर हुवे तो धारे असल हिया में रे। देव अरिहन्त गुरु निग्रन्थ अरु धर्म दया में रे॥ वाणी० ॥३॥ अनन्त काल कु गुरु ने भेंट्या भ्रम जाल में फँसी-योरे। अब के सत गुरु ज्ञानी मिल्या वन सुमति को रसीयो रे॥ वाणी० ॥४॥ अमृत ढोल हंसे मन मूरख जहर हलाहल चाखे रे। जोग बोल दश केरो मिलियो अब काँई ताके रे॥ वाणी० ॥५॥ भाँत भाँत मुनिवर समझावे चेते सो सुख पासी रे। रखो आस्ता वचन ऊपर निष्फल नहीं जासी रे॥ वाणी० ॥६॥ महा मुनि नन्द लाल गुरुजी, आछो ज्ञान बतायो रे। तिण प्रसादे खूब चन्द कहे तन मन

३०

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

हुलसायो रे ॥ वाणी० ॥७॥ नं० ३६--क्रोध निषेध--[तर्जः—पूर्ववत] क्रोध मत कीजो रे २ इण न्याय सुजान क्षम्या कर लीजो रे ॥ टेर ॥ परदेशी नृप को रानी विष मिश्रित आहार जिमायोरे। सबर करी सम भाव पणे सुर लोक सिधायो रे ॥ क्रोध० ॥१॥ गज सुख माल मुनि शम शाने नेम ध्यान को लीनो रे। सिर पर आग सही सोमिल पर कोप न कीनो रे ॥ क्रोध० ॥२॥ खन्दक मुनि की खाल उतारन भूप हुक्म फरमायो रे। सञ्चित वैर चुकाय आप मुक्ति पद पायो रे ॥ क्रोध० ॥३॥ कामदेवजी श्रावक त्रण उपसर्ग से से चलिया नाहीं रे। दृढ़तोई सुर देख गयो अपराध खमाई रे ॥ क्रोध० ॥४॥ मेतारज मुनि गुणी आप शुद्ध संजम में चित राख्यो रे। दया काज मर मिथ्या कुरकट को नाम न दाख्यो रे ॥ क्रोध० ॥५॥ वीर प्रभु सुर नर तिर्यंच का सह्या परीषह भारी रे। मेरु जिम रह्या अचल आप समता दिल धारी रे। क्रोध० ॥६॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनि की यही सिखावण खासा रे। उगणी से अस्सी के साल अजमेर चौमासा रे ॥ क्रोध० ॥७॥ नं ३७--मान निषेध--[तर्जः—पूर्ववत] मान मत कर जो रे २ श्री वीर प्रभु शास्तर में वरजो रे ॥ टेर ॥ तन को मान घणो मन माँही नव नव नखरा करतो रे। काल बली से जोर ने चाले ज्यूं घणो अकड़तो रे ॥ मान० ॥१॥ जो नर धन को मान कियो वह धन खोई न बैठा रे। आरम्भ कर कर कर्म बाँध वह नर्क में पैठा रे ॥ मान० ॥२॥ जोवन में रंग रातो मातो ऊँची रखतो अंखियाँ रे। वृद्ध भयो तब पर वश पड़ियो उड़े न मखियां रे ॥ मान० ॥३॥ विद्या बहुत पढ्यो मन चाही बुद्धि को विस्तारो रे। दया धर्म बिन सिख्यां गयो योंही हार जमारो रे ॥ मान० ॥४॥ तीन पांच मद में सुध भूल्यो सत्संगत से दूरो रे। मातंग कुल में जन्म लेही हो गयो भंड सुरो रे ॥ मान० ॥५॥ नीठ नीठ मानव भव पायो निर अभिमानी रहज्योरे। कहे मुनि नन्दलाल तणां शिष्य शिवपुर लीज्योरे ॥ मान० ॥६॥ नं ३८--कपट निषेध--[तर्जः—पूर्ववत] कपट मत कीजो रे २ थांने न्याय बात कहूँ सो सुन लीजो रे ॥ टेर ॥ कपट करी सीता को रावण ले गयो लंका माँही रे। काम कछु न सरयो जिसने अप कीरति पाई रे। कपट० ॥१॥ तीजे अंगे चौथे ठाणे फरमान वीर जिनवर को रे। माया गुढ़ माया से आयुष बाँधे तिर्यंच को रे ॥ कपट० ॥२॥ मल्ली जिन पूरब भव में तपस्या में कपट कमायो रे। जयन्त विमान से चवी वेद स्त्री को पायो रे ॥ कपट० ॥३॥ कपट करी कुड माप तोल कर मन में अति सुख पायो रे। पावे सजा सरकार बीज जब व पछतायो रे ॥ कपट० ॥४॥ नर से नारी होय कपट से नारी नपुं-सक थावे रे। गोतम पृच्छा माँही साफ ज्ञानी फरमावे रे ॥ कपट० ॥५॥ कहे मुनि नन्दलाल तणां शिष्य कपट बुरो जग मांही रे।

३१

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

उगणी से अस्सी में जोड़ अजमेर बनाई रे ॥ कपट० ॥६॥ नं—३९ लोभ निषेध—[तर्ज:—पूर्ववत] लोभ बलटी.जे रे २ जब भलो होय कहूं सो सुन लीजे रे ॥ टेर ॥ दो माशा सुवरण से अधिको कपिल लोभ बढ़ायो रे। लोभ थकी मन फिरयो जभी केवल पद पायो रे ॥ लोभ० ॥१॥ जिन रिख ने जिनपाल दोऊ मिलके पर [illegible] रे। जहाज फटी समुदर में जिनरिख प्राण गमाया रे ॥ लोभ० ॥२॥ लोभ अपाज कह्यो जिनवर ज्यूं गगन को अन्त न आवे रे। भव्य मुनि जो लोभ त्याग जग में यश पावे रे ॥ लोभ० ॥३॥ कई लोभ वश अकृत्य कर कर मन माँही सुख पावे रे। लोभ पाप को बाप लोक यों सब जग गावे रे॥ लोभ० ॥४॥ क्रोध मान और माया लोभ इन चारों का संग छोड़ रे। जब वितरागी होय कर्म बन्धन को तोड़े रे ॥ लोभ० ॥५॥ मेरे गुरु नन्दलाल कहे सन्तोष सदा सुख दायी रे। चतुर्मास अजमेर कियो सित्तर दश माहीं रे ॥ लोभ० ॥६॥ नं० ४०—हितोपदेश—[तर्ज:—पूर्ववत] समझ अभिमानी रे २ थारी नदी पूर ज्यों जाय जवानी रे ॥ टेर ॥ मैला ख्याल जोवन जावे बागाँ में गोट बनावेरे। सन्तन की सेवा में आवताँ काम बतावे रे ॥ समझ० ॥१॥ करी कान संझा का भान ज्यों डाभ अग्र को पानी रे। बिजली का भल कासी सम्पति वीर बखानी रे ॥ समझ० ॥२॥ एक सरीखी टोली मिल गप्पा में वक्त गमावे रे। प्रभु भजन नित नेम करत तुझे आलस आवे रे ॥ समझ० ॥३॥ टेढ़ी पगड़ी ऐंट घणी नित नया करे सिनगारा रे। धर्म बिना कई गया पशु जिम हार जमारा रे ॥ समझ० ॥४॥ कोई जीव को मती सता तूं प्याला प्रेम का पीजे रे। दुर्लभ नर भव पाय सार सत्संगत कीजे रे ॥ समझ० ।५॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनि तो न्याय बात फरमाई रे। जोड़ करी अजमेर पैंठ पन्द्रह के मांई रे ॥ समझ० ॥६॥ नं०—४१ बुढापा—[तर्ज:—पूर्ववत] बुढापो ऐसो रे २ मैं सांच कहूं यो है जम जैसो रे ॥ टेर ॥ जोबन जब लग बन्यो रहे नित मोज करे मनमानी रे। बुढापो आ लग्यो तो फिर नहीं रहे जवानी रे ॥ बुढापो० ॥१॥ अंजन मंजन का सब नखरा देवे भुलाई भोला रे। दाढी मूंछ चोटी ने पटा करदे सब धोला रे ॥ बुढापो० ॥२॥ नाक झरे मुख लार पड़े सब इन्द्रियां बल हट जावे रे। पड्यो रहे पोली में कोई नज़दीक न आवे रे॥ बुढापो० ॥३॥ उठत बैठत हालत चालत बुड्ढा को तन कम्पे रे। डगमग डगमग पांव पड़े मुख से कुछ जंपे रे ॥ बुढापो० ॥४॥ सच्चा साथी कोई न तेरे दिल में बात जमालेरे। जब लग जरा न आई तब लग धर्म कमाले रे॥ बुढापो० ॥५॥ तन से धन से ले ले लाभ यह वक्त फेर कब आवे रे। मेरे गुरु नन्दलाल मुनि साँची फरमावे रे॥ बुढापो० ॥६॥ नं०—४१ बधाई—[तर्ज:—पूर्ववत] बधाई गासां रे २

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

आनन्द से यहां पर हुआ चौमासा रे। टेर॥ जो जो भाव शास्तर के मांही वीर जिनन्द प्रकाशा रे। सुन सुन के भव जीव सफल कीनी मन आशा रे॥ बधाई॥१॥ दया धर्म का बजा नगारा झूंठ नहीं एक माशा रे। चार संघ में रही खुशी यह बात खुलासा रे। बधाई०॥२॥ मैंरे मुख से आज दिन तक निकली कड़वी भाषा रे। कर खमावना सबके साथ अतिहर्ष मनासाँ रे॥ बधाई०॥३॥ सब भाया मिल भुलने रहिजो मैं तो विहार कर जासाँ रे। दया धर्म का शरणा ले पासो सुख खासा रे। बधाई०॥४। साधु-साध्वी उत्तम पुरुष की रखजो फिर अभिलाषा रे। लीजो लाभ भक्ति का फले मुक्ति की आशा रे॥ बधाई०॥५॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनि के चरणों शीष नमासाँ रे। दिल में लग रही बहुत उमंग अब दर्शन पासाँ रे॥ बधाई०॥६॥ नं०-४३ जिन वाणी—[तर्जः-पूर्ववत] सुन जिन वाणी रे २ मत धर्म बिना खोवे जिन्दगानी रे॥ टेर॥ मनुष्य जन्म अरु आरज क्षेतर उत्तम कुल में आयो रे। दिर्घायु तन निरोग इन्द्रीय पूरण पायो रे॥ सुन०॥१॥ श्रमण महाण की सेवा करके ज्ञानामृत रस पीजे रे। साँची श्रद्धा धार धर्म में पराक्रम कीजे रे॥ सुन०॥२॥ यह दश बाताँ सर्व जीव को दुर्लभ श्री जिन भाखी रे। खोजी हो तो कर निर्णय शास्तर है साखी रे॥ सुन०॥३॥ मुढ हिताहित सुकृत दुष्कृत कबहूं नाहिं विचारयो रे। चिंतामणि सम मनुष्य जन्म सब फोकट हारयो रे॥ सुन०॥४॥ क्रूर कर्म हिंसादिक तजने भली भावना भावो रे। मेरे गुरु नन्दलाल मुनि को है फरमावो रे॥ सुन०॥५॥ नं०—४४ पाप छिपाया नहिं छिपे—[तर्जः—पूर्व वत] जिन फरमाया रे २ यह गुपत पाप नहीं छिपे छिपाया रे॥ टेर॥ बोयो बीज खेत में पूछाँ नाम नहीं बतलावे रे। उग बारने निकले तब चौड़े दर्शावे रे॥ जिन०॥१॥ घास फूस को ढेर करीने भीतर आग छिपावेरे। भशक भशक बलती बलती वह बाहिर आवे रे॥ जिन०॥२॥ आम पाल में दिया कहाँ तक छिपा छिपा कर रखसी रे। पाक गया तब हाथों हाथ हटियों पर बिकसी रे॥ जिन०॥३॥ लस्सण आदिक बाँट मसाला त्वाद करन दिल ठानी रे। गुप चुप दियो बघार रहे नहीं बदबू छानी रे॥ जिन०।४॥ या विध जुल्मी जुल्म करीने खूब किया मन मीठा रे। गुरु नन्दलाल कहे वह आखिर पड़सी फीटा रे॥ जिन०॥५॥ नं०-४५ नर तन से लाभ—[तर्जः—पूर्ववत] लाहो ले ले रे २ नर भव को टाणों नीट मिल्यो छे रे॥ टेर॥ पायो लक्ष्मी पुण्य प्रमाणे हालो तू सगलाने रे। करे राज को काज बात सब दुनियाँ माने रे॥ लाहो०॥१॥ कमठाणो चल रह्यो रात दिन बहुविध आरम्भ कीनो रे। खर्च किया बहु दाम नाम जग में कर लीनो रे॥ लाहो०॥२॥ बड़े बड़े रईसां से तूं ने मोहब्बत भी कर लीनी रे।

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

सन्त मुनि गुणी जन की संग पल भर नहीं कीनी रे ॥ लाहो० ॥३॥ बड़ो होय फूले मत थारे कौन कौन संग आसी रे। धर्म दलाली करी हरी जिनवर पद पासी रे ॥ लाहो० ॥४॥ कहे मुनि नन्दलाल तणां शिष्य सुन लो चित लगाई रे। मारवाड़ की शहर सादड़ जोड़ बनाई रे ॥ लाहो० ॥५॥ नं०-४६ शील—[तर्ज़ः—पूर्ववत] शील सुखदाई रे २ शुधपाल कई गया सुगति माईं रे ॥ टेर ॥ राजमती संजम लेकर गई गिरि गुफा के माईं रे। राख्यो शील मुनि को प्रति बोधी मोक्ष सिधाई रे॥ शील ॥ १ ॥ काम अंध रावण सीता को ले गयो लंका माईं रे। पूरण राख्यो शील लेई जस सुरपद पाई रे ॥ शील ॥ २ ॥ पद्मनाभ नृप सुर साधन कर द्रौपदि को मंगाई रे। चतुराई से राख्यो शील हरि लायो जाई रे ॥ शील ॥३॥ सुभद्रा के शिर सासू ने दीनो कलंक चढ़ाई रे दूर कियो सुर कलंक जगत में सुयश पाई रे ॥ शील ॥ ४ ॥ दुर्गति टले मिले सुख साता इनमें संशय नाई रे। मुनिनन्द लाल तणां शिष्य दिल्ली जोड़ बनाई रे ॥ शील ॥ ५ ॥ नं०-४७—कठिन कहेगा—[तर्ज — पूर्व वत] कठिन कहेगा रे २ जो वे पर चाही नहीं दवेगारे ॥ टेर ॥ इखुकार नृप भग्गू पुरोहित को छंड्यो धन मँगवायो रे। वमन कियो क्यों लियो राणियां साफ सुनायो रे ॥ कठिन० ॥१॥ रहनेमी मुनि को चित चलियो जाग्यो विषय विकारो रे। राजमती स्थिर कियो वचन को दे धिक्कारो रे ॥ कठिन० ॥२॥ राजा परदेशी को जड़ मुढ कहा केशी मुनी गुणधारी रे। धर्म पंथ में लाय आप दियो जन्म सुधारी रे ॥ कठिन० ॥३॥ सेणिक नृप को मुनि अनाथी दियो साफ फटकारी रे। राजा तू भी खुद अनाथ जरा बोल बिचारी रे ॥ कठिन० ॥४॥ उगणीसे अस्सी पन्द्रा में जेठ मास के माँई रे। मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य दिल्ली जोड़ बनाई रे ॥ कठिन० ॥५॥ नं०-बिगाड़ चार जनों से—[तर्ज—पूर्ववत] चतुर विचारो रे २ ई चार जणा नहीं करे सुधारो रे ॥ टेर ॥ राजा का परधान लोभ वश तुरंत न्याय को छंडे रे। भूंठ ने साचो कर दे साँचा ने दंडे रे। ॥ चतुर० ॥१॥ जाति न्याति में मोटो बाजै मुखियो पंच कहावे रे। मूका खाय जीमण में भर भर छाब उड़ावे रे ॥ चतुर० ॥२॥ साधु होकर बैठ सभा में मुगति पंथ बतावे रे। धनवंता को लिहाज रखे नहीं साफ सुनावे रे ॥ चतुर० ॥३॥ मूरख वैद्य दवा नहीं जाने उनसे दवा करावे रे। आयुष बल से बचे नहीं तो प्राण गंमावे रे ॥ चतुर० ॥४॥ महामुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य शहर जावरे शावेरे। फूटे पाप को भाँडो तब चारों पछतावे रे ॥ चतुर० ॥५। नं०-४६—सुधार चार जनों से—[तर्जः—पूर्ववत] चतुर विचारो रे २ इण चार जनाँ से हुवे सुधारो रे ॥ टेर ॥ निर्लोभी परधान होय खुद सदा ऐन में चाले रे। नीतिवंत

प्रतीतवंत प्रजा को पाले रे ॥ चतुर० ॥१॥ करे जाति की हमदर्दी जो मुखियो पंच कहावे रे ॥ मर्याद भंग को सुद्ध करे रिश्वत नहीं खावे रे ॥ चतुर० ॥२॥ साधु बैठ सभा के माहीं सत्यात्य दर्शावे रे। राजा होय चाहे रंक सभी को साफ सुनावे रे॥ चतुर० ॥३॥ वैद्यराज वैद्यक के वेता बुद्धिवंत कहावे रे। चारों कारण मिल्याँ तुरत ही रोग मिटावे रे॥ चतुर० ॥४॥ महा मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य जोड़ करी इम गावे रे। सांच कहूं यह चारों जणाँ जग में जश पावे रे॥ चतुर० ॥५॥ नं०—५०—बाई का कहना—[तर्ज-पूर्ववत] किण विध आऊं रे २ म्हारा घर सब थाने हाल सुनाऊं रे॥ टेर॥ देवर, जेठ ननद भौजाई सब ही को मन राखूं रे। घर में दानो सुसरो मांगे अमल तमाखू रे॥ किण० ॥१॥ घर मोटो छोटा नहीं मैं तो बड़ा घराँ की बाजूं रे। पग में बीछाँ नहीं बाजना आता लाजूं रे॥ किण० ॥२॥ घर में टावर छोटा माँगे गेहूँ का फुलका पोऊं रे। भोजन थाल परोसी पीछे छाछ बिलोऊं रे॥ किण० ॥३॥ सारो दिन धंधा में बीते पहर रात की पोढूं रे। पहर रात की पाछी उठूं घट्टी घमोड़ूं रे॥ किण० ॥४॥ मटकी ले पनघट के ऊपर पानी भरवा जाऊं रे दिन दोपहर चढ़े तब तक फुरसत नहीं पाऊ रे॥ किण० ॥५॥ कहे मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य घर धंधा यों ही चाले रे। उस बाई को धन्यवाद जो टाईम निकाले रे॥ किण० ॥६॥ नं०—५१—पैसे का खेल—[तर्जः—आसावरी] पैसा देखो जगत में ऐसा, यह तो काम बनावे कैसा। टेर॥ जो जो वस्तु चाहत दिल में ते ते ही जोग मिलावे। जो पैसा नहीं पास हुवे तो कोई नहीं बतलावे॥ पैसा० ॥१॥ राजादिक को वश कर लेवे न्याय अन्याय करावे। वैर विरोध करावन वाला पैसा ही भूंठ बुलावे॥ पैसा० ॥२॥ द्वादश जुग में होगया पैसा बुड्ढे का ब्याह करावे। बिन पैसे बिन रहत कुंवारा यही तो अचरज आवे॥ पैसा० ॥३॥ बड़े बड़े विद्वान जिन्हों को देश परदेश भ्रमावे। हंस हंस बात करावन वाला पैसा ही हेत तुड़ावे॥ पैसा० ॥४॥ पुण्य छता पुण्य बांध ले प्राणी यह अवसर कब आवे। मुनि नन्द लाल तणां शिष्य तुझने हित कर ज्ञान सुनावे॥ पैसा० ॥५॥ नं०—५२—काची काया—[तर्ज़ः—मल्हार] काची काया को रे कौन बिसास॥ टेर॥ हाड़ को पिंजर चाम लपेट्यो, जीव कियो तामें वास॥ काची० ॥१॥ दरपन देख देख तन निरखे, उपजावे मन हांस॥ काची० ॥२॥ कर कर स्नान सिन्गार बनावे, कर तो भोग विलास। काची० ॥३। मन ममता मेवा मिष्ठ आरोगे, आखिर जँगल वास॥ काची० ॥४॥ मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य अपनो, कर कर गुण पर कास॥ काची० ॥५॥ नं०—५३—अजब तमाशा—[तर्जः—तूं सुन म्हारी जननी आज्ञा देवो संजम

आदरु] जिनवर फरमायो रे सुन ले तमाशो इण जीव को ॥ टेर ॥ चौरासी लख जोनि जीवकी एक एक के मांय । जन्म मरण कर लिया अनन्ता कहुं तुझे समझाय रे ॥ जिनवर ॥१॥ स्वर्ग आठवां थकी चवी ने तिर्यंच भव में आय । अंत मुहुर्त को आयु पा ने गयो सातवीं मांय रे ॥ जिनवर ॥२॥ भूख प्यास शी उष्ण वेदना पर वश सही अनन्त । अब ही साम लूट जिन धर्म में सांच कहे छे सन्त रे ॥ जिनवर० ॥३॥ दीर्घ काल डुलतो हुवो सरे चहुं गति कियो निवास । जिहां जिहां जिन जिन भव मांही पूरण हुई न आश रे ॥ जिनवर० ॥४॥ उगणी से इकसठ चौमासो कीन्हो गढ़ चित्तौड़ । मुनि नन्द लाल तणां शिष्य गावे जुगत बनाई जोड़ रे ॥ जिनवर० ॥५॥ नं०—५४—छैल छबीला—[तर्ज:—ममत मत करजो राज मन में] कुमति को बनियो रे छैलो, थे दियो सुमती ने ठेलो ॥ टेर ॥ सुख सम्पति दातार मुनिश्वर चेताने देई हेलो । धर्म काम में ढील करे मत, नीठ मिल्यो तुझ मेलो ॥ कुमति० ॥ ॥ तृष्णा वश अति कूड़ कपट कर धन कीन्हो बहु भेलो । जहाँ को तहाँ रहेगा पृथ्वी पर जासी आप अकेलो ॥ कुमति० ॥२॥ मुख सेती बोले अति मीठो मन मांही अति मैलो । पर को धन ठग ठगने खावे खरचे नहीं अधेलो ॥ कुमति० ॥३॥ षट रस खातो होय रह्यो मानो जैसे रूई को थैलो । तपस्या कर तन को नहीं गाले तो परभव सुख किम लेलो ॥ कुमति० ॥४॥ कहे मुनि नन्दलाल तणां शिष्य सूरत सम्भाल सबेलो । इण अवसर में ले ले लाभ फिर सद्गुरु याद करेलो ॥ कुमति० ॥५॥ नं०—५५ सद्बोध—[तर्ज:- मूं थने नहीं छिड़ानूं रे बीरा] मत कर रे अनीति भाया तुझे साँच कहे ऋषि राया ॥ टेर ॥ लंकपति सीता हर लाया, तो जग में अपयश पाया ॥ मत० ॥१॥ पद्मोत्तर नृप द्रौपदी मंगाई, तो कर्मों से राज गमाया । मत० ॥२॥ कंस पिता को पिंजर घर दीनो, तो हरि परभव पहुँचाया । मत० ॥४॥ श्रीदामराजा को नन्द कुमति से, जैसा ही ते फल पाया ॥ मत० ॥५॥ इम जान प्राणी छोड़ अनीति, तुझे न्याय करी समझाया ॥ मत० ॥६॥ मुनि नन्दलाल तणां शिष्य गावे, तो नीति से बहु सुख पाया ॥ मत० ॥७॥ नं०—५६—भाग्य—[तर्ज:-डगमग नहीं करना नहीं करना] भाग्य बिन नहीं पावे नहीं पावे तेरा चित ने क्यों ललचावे ॥टेर॥ पुत्र के कारण पीर पैगम्बर देवी देव मनावे । इम करतां जो तुष्ट हुवे तो रंक राव हो जावे ॥ भाग्य० ॥१॥ लोभ के काज कई दक्षिण में कई पूरब में ध्यावे । अर्थ मेलवा कोई उत्तर में कोई पच्छिम जावे ॥ भाग्य० ॥२॥ सिंहल देश और सब्बर देश कोई मरुधर देश सिधावे । तृष्णावश निज कुटुम्ब आपको कोई याद नहीं आवे ॥ भाग्य० ॥३॥ पुत्र पिता और पिता पुत्र को नार पति ने चावे । स्वारथ जो

रण नहीं हो तो परभव में पहुँचावे ॥ भाग्य० ॥४॥ कहे मुनिलाल तणां शिष्य दमड़ी संग नहीं जावे । दया धर्म दिल धार जिन्हों
भव भव में सुख पावे ॥ भाग्य० ॥५॥ नं०—५७—दो मुखी दुनियां—[तर्जः—आसावरी] ऐसी दुनिया को कांई पतियारो
से बच कर रहिये न्यारो ॥ टेर ॥ साँच भी बोले झूँठ भी बोले बोल बोल नट जावे । पंचां में परतीत न जांकी सौ सौ सौगन्द
ावे ॥ ऐसी० ॥१॥ झूंठी साख भरे मतिहीना साँची कर दर्शावे । पल में पलटताँ देर न लागे लाज शरम नहीं आवे ॥ ऐसी० ॥२॥
योढा दूना करे वस्तु में तोपण कसर बतावे । कर कर बहुत बढाव जुगत से भोला ने भरमावे ॥ ऐसी० ॥३॥ मुनि नन्दलाल तणाँ
ष्य गावे कई नर झूँठ चलावे । अन्त के तन्त तो न्याय चलेगा साँच ने आँच न आवे ॥ ऐसी० ॥४॥ नं०—५८—काची काया
का गर्भ—[तर्जः—ज्ञानी गुरु मत भूलो एक घड़ी] जीया काँई फूले रे काची काया, काची काया रे ज्ञानी फरमाया ॥ टेर ॥ गोरे
दन सुख माल घणेरो, हारे रूप मनोहर तूं पायो ॥ जीया० ॥१॥ माता को रुद्र ने शुक्र पिता को हाँरे दोई मिल बन्धी ॥ काया ॥
ीया० ॥२॥ नौ महीना तूं रहयो मात गर्भ में हांरे चाम चिडी जिम लटकाया ॥ जीया० ॥३॥ महा अशुचि को ठाम जणी मे हांरे
ास बस्यो काँई सुख पाया ॥ जीया० ॥४॥ जन्म ले इने दुःख भूल गयो तूं हांरे नखरा करे अब मन चाया ॥ जीया० ॥५॥ नर भव
ाय निरंजन जपले हाँरे साँच कहे तुझे मुनिराया ॥ जीया० ॥६॥ मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य ऐसे संजीत जोड़ करी ने गाया ॥
ीया० ॥७॥ नं०-५९—ज्ञान को फटको—[तर्जः—लाल त्रिशला को प्यारो रे] सुनावे गुरु ज्ञान को फटको रे ॥ टेर ॥ ज्ञान
जेलो होत हिया में, मिटे मिथ्या तम घटको रे ॥ सुनावे० ॥१॥ जागो जागो जिया आंख उघाड़ो, नीर वैराग्य को छिटकोरे ॥
ुनावे० ॥२॥ अशुचि पिण्ड अनित्य तन यह तो, जैसे मिट्टी को मटको रे ॥ सुनावे० ॥३॥ कर पर निन्दा अनाहुत बोली, मक्खी
म मत दो चटको रे ॥ सुनावे० ॥४॥ संध्या को भान करी कान ज्यूं थारो, अथिर जोबन को लटको रे ॥ सुनावे० ॥५॥ तप जप
ान दया मग सूधो, कभी बीच में नहीं अटको रे ॥ सुनावे० ॥६॥ यह सब ठाठ रैन सुपने का, रखो पर भव को खटकोरे ॥ सुनावे०
॥७॥ मुनि नन्दलाल दयाल की वाणी, सुन्या से मिटे भव भव भटको रे ॥ सुनावे० ॥८॥ नं०-६०-कर्म गति—[तर्जः—पदम प्रभु
पावन नाम तिहारो] चेतन रे या कर्मन की गति न्यारी, कर सुकृत एम विचारी ॥ टेर ॥ रावण राय त्रिखंड को नायक ले गयो
राम की नारी । लक्ष्मण हाथे परभव पहुंचो, जाने दुनिया सारी ॥ चेतन० ॥१॥ अयोध्या नगरी को हरिश्चन्द्र राजा तारा दे तस घर

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

नारी । माथे पुरी लेय हाट में बिकिया कुंवर रोहितास लारी ॥ चेतन० ॥२॥ कृष्ण नरेश्वर त्रिखंड भुगता यादव कुल अवतारी । अन्त समय जाय मुआ अकेला वन कुसुम्बी मुझारी ॥ चेतन० ॥३॥ कुण्डरीक राय वैराग्य धरी ने लीनो संजम भारी । कायर होय पीछा घर मांही आया पहुँचे नरक मुझारी ॥ जेतन० ॥४॥ चन्दनराय मलयागिरि रानी पुत्र सायर नीर भारी । कर्म जोगे बिछुड़ो पड्यो जाके पुण्य से सम्पति पाया सारी ॥ चेतन० ॥५॥ खूब चन्द कहे या कर्मों की रचना सुण लीजो नर नारी । इम जाणी ने धर्म अराधो सुख मिले आगे त्यारी ॥ चेतन० ॥६॥ नं०-६१—भलाई—[तर्ज़ः—पूर्ववत] चेतन रे तू ले जग बीच भलाई, एहवो जोग मिले कब आई ॥ टेर ॥ पुण्य प्रभाव सब ही सम्पति, पायो नर भव माँही । कुछ सुकृत का काम बने तो कर तेरी है समथाई ॥ चेतन० ।१॥ कृष्ण नरेश्वर पडोहो बजायो नगरी द्वारका मांही । उत्तम जन सुण संजम लीनो देखो ज्ञाता माही ॥ चेतन० ॥२॥ चरण तले सुशल्या ने राख्यो हस्ती का भव माही । शुभ परिनाम संसार घटायो कीनी जबर कमाई ॥ चेतन० ॥३॥ नेम प्रभु ने बन्दन जाता गोविन्द मारग माईं । ईटाँ को पुंज देख बुढा का फेरा दिया मिटाई ॥ चेतन० ॥४॥ भवसागर तिरजारे भोला सतगुरु देत चेताई । मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य गावे पारसोली के माँईं ॥ चेतन० ॥५॥ नं०—६२—कैसे निस्तार—[तर्जः—प्रभु माने आपको आभार] कैसे तेरा होयगो निस्तार, पर भव की तुझे नाय परवा करत कुछ विचार ॥ टेर ॥ अलप आयुष अनन्त तृष्णा रहत मग्न मुझार । खूब रुच रुच बाँध लीनो पाप को सिर भार ॥ कैसे० ॥१॥ मन मते बहु ज्ञान पढ़ने रीझवे नर नार । वाद विवाद कर जन्म खोयो काढ्यो नहीं कुछ सार ॥ कैसे० ॥२॥ आलसी धर्म नेम करता पाप में हुशियार । जनम भर जस नाँहि लीनो नहीं कीनो उपकार ॥ कैसे० ॥३॥ महा मुनि नन्द लालजी अति दीपता अनगार् । कहत यों तस शिष्य निश्चय झूंठ यो संसार ॥ कैसे० ॥४॥ नं०-६३—विवेकी आत्मा—[तर्जः—क्या तन माँजता रे एक दिन मिट्टी में मिल जाना] विवेकी आतमा रे अरे तूं अब तो निर्मल होजा ॥ टेर ॥ गुरु सेवा की गंगा इनमें पाप मैल को धोजा । भारी हो रहा बहुत दिनों से हलका करले बोझा ॥ विवेकी० ॥१॥ ज्ञान रूप दर्पण के अन्दर निज आतम को जोजा । बार बार सतगुरु समझावे एब दोष सब धोजा ॥ विवेकी० ॥२॥ मुक्ति का मेवा चखे तो ममता मही विलोजा । जो अब मौका चूक गया तो खुले नर्क में रोजा ॥ विवेक० ॥३॥ अमृत फल की इच्छा होय तो बीज धर्म का बोजा । कर नेकी का काम बदी से अब तो दूर खलोजा ॥ विवेकी ॥ ४ ॥ सत्य धर्म की

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

सेज बिछी है सोना हो तो सोजा। कहे मुनि नन्दलाल तणाँ शिष्य मिले मोक्ष मोजा ॥ विवेकी ॥ ५ ॥ —परदेशी मानवी—

नं० ६४ [तर्ज पूर्व वत] प्रदेशी मानवी रे अरे तूं इधर उधर क्या जोता ॥ टेर ॥ मेरा मेरा कहे मुँह से कहने से क्या होता। विन स्वारथ बिन कोई न तेरा पुत्र नार क्या पोता ॥प्रदेशी०॥१॥ घर धंधा में लदा फिरे ज्यों परजापत का खोता। ठाठ पडा रहेगा पृथ्वी पर कुटुम्ब रहेगा रोता ॥ प्रदेशी ॥ २ ॥ तन मंदिर को छोड़ जायगा ज्यों पिंजरे से तोता। खडे रहेंगे मित्र देखते आप खायेगा गोता ॥ प्रदेशी० ॥३॥ हुवा उजेला जागी नींद से बहुत वक्त का सोता। सच्चा मोती छोड़ दिवाने झूंठा पोत क्यों पोता॥ प्रदेशी० ॥ ॥ ४ ॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनि की वाणी सुनले श्रोता। नैया पार लगे एक छण में सब कारज सिध होता ॥ प्रदेशी० ॥ ५ ॥

नं० ६५ — सच्चाझूला —[चतुर नर ईण विध चौपड़ खेलरे] चतुर नर इण विध झूले झूलरे, अरे म्हारा प्राणीयाँ ॥ टेर ॥ भाई विनय मूल दरखत बोईये, चतुर नर ज्ञानकी शाख फैलायरे। अरे म्हारा प्राणीया ॥ चतुर ॥ १ ॥ भाई दग डरजा की रासड़ी चतुर नर गाडी गांठ लगायरे ॥ अरे ॥ चतुर ॥ २ ॥ भाई पाट कड़ी समकीत भलो चतुर नर गाडा पांव ठेरायरे ॥ अरे ॥ चतुर ॥ ३ ॥ भाई तप संजम गोडी लीजिये चतुर नर डर मत आन लगार रे ॥ अरे ॥ चतुर ॥४॥ भाई सन्मुख हींदो मोक्ष को चतुर नर सूधो हीजाजे ठेठ रे ॥ अरे ॥ चतुर ॥ ५ ॥ भाई पच्छिम हींदो पुग्लो चतुरनर तो पण है सुरलोक रे ॥ अरे ॥ चतुर ॥६॥ भाई यह झूलो ऋषि झूलते चतुर नर जावे मोक्ष मुझार रे ॥ अरे ॥ चतुर ॥ ७ ॥ भाई श्री श्री गुरु नन्दलाल जी चतुर नर नित नित नमो चरणारे ॥ अरे ॥ चतुर ॥ ८ ॥ भाई खूबचन्द कहे नीमच विषे चतुर नर एहिज झूलो सार रे ॥ अरे ॥ चतुर ९ ॥

नं० —६६ — अर्ज — [तर्ज:-ख्याल] अर्ज हमारी सुन लीजिये श्री मंदिर जिनजी ॥ टेर ॥ विदेह क्षेत्र में आप विराजो मैं इण भरत मुझार। किण विध अंतर बात सुनाऊं लग रही दिलमुझार हो ॥ श्री ०॥१॥ चर्म जिनेश्वर हुआ भरत में त्रिशला नन्दन वीर। जिनके आगे था चहुँ नाणी गौतम जैसा वजीर हो॥श्री०॥ २ ॥ सैणिक राजा थो पर मत में नहीं त्याग पच्च खान। भव अंतर पहिला जिन होसी भाख्यो श्री भगवान हो ॥श्री०॥ ३ ॥ राज गृही को अर्जुन माली पाप किया था भारी। छः महीना के माँयने सरे मेल्यो मोक्ष मंझारी हो ॥ श्री ॥ ६ ॥ परदेशी राजा का रहता लोही खरड्या हाथ। उनको एक भव अंतरे सरे मोक्ष कही साक्षात हो ॥ श्री ० ॥ ५ ॥ एवंता कुमार लघु था तिण हिज भव के मांय। वीर जिनन्द सुदृष्टि करने दीना मोक्ष पहुचाय हों ॥ श्री० ॥६॥ कई स्वर्ग कई शिवपुर मेल्या एक भव में शिव पासी।

३६

दे वल ज्ञानी मुझ किम भुल्या दिल में उपजे हांसी हो ॥ श्री ॥ ७ ॥ आप कहो तु हाजिर नहीं थो निर्णय किण विध थावे । हाजिर रहने निर्णय करतो तो किम नाय बतावे हो ॥ श्री० ॥ ८ ॥ मृगो लोडो थो घर मांही कब वह दर्शन आया । कर दिना निस्तार वीर प्रभु शास्तर में फरमाया हो ॥ श्री० ॥९॥ मुझे भरोसा आपका खरे सुन हो दीन दयाल । खुबचन्द की यही अर्ज है सुख देवो दुःख टाल हो ॥श्री० ॥ १० ॥ नं० ६७ -कलियुग के मानवी-[तर्ज-थारो धर्म बिना यह मनुष्य जन्म कांई काम को] हो गये नीत हीन कितनेक कलु के मानवी ॥ टेर ॥ जहाँ तक साता सर्व बात की धर्म प्रताप बतावे । जराक जामें कष्ट पड़े तो तुरत ढसल हो जावे ॥ होगये०॥१॥ पांच जणा मिल करे पानड़ी हाथां से लिख जावे । मांगे तो दमड़ी नहीं देवे घुर को कर नट जावे ॥ होगये ॥२॥ स्वधर्मी की सार न पूछे उलटो अवगुण गावे । धरयो हुओ धर्मादो सो भी आप हजम कर जावे ॥३॥ होगये० ॥ एक एक की पक्ष करे नहीं लम्बी नजर लगावे । धर्म काम में घाले गबोला सकत पंच बन जावे ॥ होगये ॥४॥ झूठ बात नहीं कही जगत में सबही को दर्शावे । महामुनि नन्दलाल तणां शिष्य कोटा शहर में गावे ॥ होगये ॥ ५ ॥ नं० ६८ --- क्यों हारे --- [तर्जः-- पूर्ववत] क्यों सूतो होय नचींत जाग सुख पायगा ॥ टेर ॥ यह सब ठाठ रैन सुपने का अल्प उमर खुट जायेगा । छोड़ सराय मुसाफिर ज्यों बिन टेम कभी उठ जायगा॥ क्यों ॥ १ ॥ थोड़ा सा जीवत के खातिर जो तू जुल्म कमायगा । आम स्वाद के काज राज तज दियो जिम पछतायगा ॥ क्यों ॥ ॥२॥ दुनियां तो सब है मतलब की जो इन में ललचायगा । तेरा किया तूं भुगतेगा जद कोई काम नहीं आयगा ॥ क्यों ॥ ३ ॥ जो जो वक्त अमोलक तेरी गई न पिछी आयगा । दया धर्म बिन अहो मानव तूं भव भव गोता खायगा ॥ क्यों ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनी वैराग्य झडी बर सायगा । करी जोड़ अजमेर शहर सब मिथ्या भ्रम मिट जायगा ॥ क्यों ॥ ५ ॥ नं० ६९-चेतावनी - [तर्ज - पूर्ववत] क्यों हारे तूं अनमोल मनुष्य भव पाय के ॥ टेर ॥ जो जो किया नेक बद कामा देख हिसाब लगाय के । अकड मकड में भूल मत अखियों पे ऐनक लगाय के ॥ क्यों ॥ १ ॥ सत्पुरुषों का संग किया नहीं रहा दूर शरमाय के । कुव्यसनी से किया प्रेम हाथों से हाथ मिलाय के ॥ क्यों ॥ २ ॥ स माया जोडी गरीबों की जान सताय के । ज्यों त्यों अपना काम बनाया झूठी जाल फैलाय के ॥ क्यों ॥ ॥ ३ ॥ दया धर्म का ले ले लाभ यों सन्त कहे समझाय के । नहीं तो लोह बनियां ज्यूं आगे रोवेगा पछताय के ॥ क्यों ॥ ४ ॥ मेरे गुरु नन्दलाल मुनी तो सच्ची कहे सुनाय के । जैपुर शहर चार सन्त मिल कर कियो चौमासो आयके ॥ क्यों ॥ ५ ॥ नं० ७० कांई काम को

४०

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

[तर्ज -पूर्ववत] थारो धर्म बिना यो मनुष्य जन्म कांई काम को ॥ टेर ॥ सज पोशाक सैल करवाने जावे सुबह और श्याम को । धन जोबन का मद में छकियो भूल गयो प्रभु नामको ॥ थारो ॥१॥ सत्गुरू की परवा नहीं थारे लोभ लग्यो नित दाम को । पाप कर्म में मन दौडे ज्यों घोडो बिना लगाम को ॥ थारो ॥ २ ॥ क्या फूले तू देख देख तन हाड मांस लोही चाम को । उमर भर जस नाहीं लियो थें कियो काम बद नाम को ॥ थारो ॥३॥ कुटुम्ब काज मेहनत कर कर धन भेलो कियो हराम को । निज हाथों से कभी नहीं सुकृत दियो छदाम को ॥ थारो ॥४॥ मेरे गुरू नन्दलाल मुनी बतलावे पंथ शिव धाम को । दया दान तप नेम पाल पद मिले तुझे आराम को ॥

नं० ७१ —निन्दक— [तर्ज-म्हांने वीतराग की वाणी प्यारी लगे रे] निन्दक पर के मांस सदा खुश रेवे रे ॥ टेर ॥ दिया ज्ञान गुरू देव दया कर धर्म पंथ में लाया । भूल गया उपकार सहा शठ उलटी करे बुराया ॥ निन्दक ॥ १ ॥ चौपद मांही श्वान नीच पंखी में काग विशेष । निन्दक सब में नीच बतायो नीती शास्त्र लो देख ॥ निन्दक० ॥ २ ॥ अंडशरो कणकुंडो छांडी विष्टा पर चित देवे । ज्यों निन्दक अवगुण के काजे छिद्र ताकतो रेवे ॥ निन्दक० ॥ ३ ॥ सुनी बात सांची झूठी को निर्णय करे न कोय । फक्त रहे निन्दा कर वा में दियो जमारो खोय ॥ निन्दक० ॥ ४ ॥ होय अशुचि साफ उदक से निन्दक मुख से चाटे । जुग जुग सदा जीवतो रहिजे मुझ आतम हित माटे ॥ निन्दक० ॥ ५॥ पाप पन्दर मो लागे निन्दक निन्दा छोड़ परयई । महा मुनि नन्दलाल तणां शिष्य दिल्ली जोड़ बनाई ॥ निन्दक ॥६॥

लेवे निर्दूषण अनपणी हो ॥ पिताजी ॥ २ ॥ लाधे अनलाधे समता राखे, पण दीन वचन नहीं भाखे हो ॥ पिता जी ॥ ३ ॥ ना किणने दुःख उपजावे, ते तो पाप लग्यां पछतावे हो ॥ पिताजी ॥ ४ ॥ गुरु गुणवन्त विवेकी, मैं तो प्रत्यक्ष लीना देखी हो ॥ पिता जी । ५ ॥ ॥ द्रोण ॥ अब दो आज्ञा मैं संजम को पद लांगा, महाराज नहीं तुमसे ललचाता जी ॥ है कौन पुत्र कौन मात तात झूंठा सब नाता जी ॥ चलत ॥ सुन बात पुरोहित के आंसू आ गये नैना यों कहे पुत्र से तात मोह वश सैना । नित नये करो शृंगार पहनो गहना ॥ तुम गृह वास में पालो धर्म की ऐना ॥ मिलाप ॥ फिर तुम साथे मैं भी संजम लेऊंगा, महाराज ऐसी फिर कौन कहेगा जी । तव ॥ ॥ ७ ॥ कहे पुत्र धर्म ढील कभी नहीं करना, महाराज तात हो गये वैरागी जी ॥ तब जरसा नामा नार पति से बोलन लागी जी ॥ ये दोनों पुत्र तो निश्चय ही संजम लेगा, महाराज होन गत कौन मिटावे जी । जो जैन मुनि के वैन वहो खाली किम जावे जी चलत॥ नहीं माने पुरोहित पुरोहितानी मन में विचारे। मुझ पति पुत्र निज आतम कारज सारे । घरमांहि रह कर यांही जनम कोनहारे॥ मुझे लेना संजम भार इन्हों के लारे ॥ मिलाप ॥ धन माल त्याग कर चरों ही संजम लीना; महाराज कीर्ति क्यों नहीं पसरेगा जी ॥ तब ॥ ८ ॥ तब इक्षुकार नृप भग्गू पुरोहित को छंड्यो, महाराज सभी धन माल मगायो जी । भर भर गाडा के मांय लाय भंडार नखायो जी ॥ ये सुनी बात रानी जी कहे राजा से. महाराज काम आछो नहीं कीनों जी ॥ इन बातें शोभा नांय दान दे पाछो लीनो जी ॥ चलत ॥ यों बिना विचार बात हमें कहवो ॥ तो जान बूझ कर फिर घर में क्यों रहवो ॥ अब विषय भोग तज जल्दी संजम लेवो ॥ हुवे आत्म का कल्याण धर्म सुध सोवे ॥ मिलाप ॥ ऐसा तो वचन हलुकर्मी जीव को लागे, महाराज पाप से वही डरेगा जी ॥ तब ॥ ९ ॥ कमलावती रानी संजम की दिल धारी, महाराज भूप निज मन समझावे जी ॥ एक धर्म बिना कोई और जीव के संग न आवे जी ॥ यों कर विचार राजा रानी मिल दोई, महाराज भोग छिन में छिटकाया जी अनुक्रमे छेहूं जीव वास मुक्ति का पाया जी ॥ ॥ चलत ॥ हो गये सिद्ध भगवान भजो सब भाई ॥ जिनके सुमरण से कमी रहे कुछ नाई ॥ ये दिल्ली शहर उगणीसे मनषठ मांई ॥ मगसर बुध वारस के दिन जोड़ बनाई ॥ मिलाप ॥ श्री नन्द लाल जी मुनि तणां शिष्य गावे, महाराज गुणी को ज्ञान लगेगाजी ॥ तब॥ ॥ १० ॥ **थावरच्या पुत्र**-नं० १६१ [तर्ज:—लंगड़ी जो होवे पुन्यवान जीव, उपदेश उसी को तुरत लगे ॥ ससार त्याग के मुनि पद धार, मोक्षके पंथ लगे ॥टेर॥ सोरठ देश द्वारिका नगरी धनपती देव बसाई है, सुरलोक सरीखी सूत्रमें वरणन कर दर्शाई है, करे राज नंद जी के

लाल, आनन्द झड़ी बर्साई है, सब अर्द्ध भरत में अखंडित आण जिन्हों की छाई है. ॥ शेर ॥ उस वक्त श्री नेम जी, करते उपकार जो। सहस्र अठारा साथ ले, मुनिराज का परिवार जी ॥ नन्दन बन उद्यान में, जहां द्वारिका के बहार जी। प्रभु जी पधारे विचरते, सुर बोले जय जयकार जी ॥ खड़ी ॥ हुई खबर शहर में बहु जन आनन्द पाया, जिन राजा चरन सेवन को, मन्न उमाया, वस्त्राभूषण सज श्रृंगार सघाया, सब एक दिशी में, मिल २ बन्दन धाया, ॥ द्रोण ॥ सुन कर कोलाहल शब्द, कृष्ण जी सोचे, महाराज तुरत भेरी, बजाई जी, ले साथ बहुत परवार, आया नन्दन बन मांई जी, श्री नेमनाथ जिनवर का दर्शन पाया, महाराज चरन बन्दे चित लाई जी, करे सन्मुख सेवा आप बैठ, परिषदा के मांई जी, ॥ पणिहारी ॥ थावरच्चा कुंवर भी आवीया, सुनो गुणीजन हो २। इभ्य सेठां का नंद गुणी जन हो ॥ १ ॥ बेकर जोड़ जिनद ने, सुनी गुणीजन हो२ बैठा शीष नमाय गुणीजन हो ॥ २॥ दीनी धर्म उपदेशना सुनो गुणीजन हो ॥ २ ॥ श्री नेमनाथ भगवान गुणी जन हो ॥ ३ ॥ प्रशन्न हुई सारी सभा सुनो गुणी जन हो २ खुलिया अन्तर नैन गुणी जन हो ॥ ४ ॥ वाह २ वाणीं जिनद आपकी, नर नारी गुण करन लगे, ससार त्यागके ॥ १ ॥ वाणी सुन सब गई परिषदा, कुंवर थावरच्चा अर्ज करे, प्रभु संयम लेसूं माता से मांगु आज्ञा जाऊं घरे। जिम सुख हो तिम करो धर्म में ढील कियां नहीं गर्ज सरे, करि तुरत बन्दना, आया निज भवन माता के पांव परे ॥ वाणी श्री जिनराया की सुनी, आज मैंने माता जी, साफ झूंठा संसार ये, स्वप्ना सम दर्शात जी, संयम की मुझ आज्ञा दीजे, जननी खुशी के साथ जी। जो जो घड़ी अनमोल ये जावे सो फिर नहीं आत जी। ॥ खड़ी ये सुनी वात जब माता तुरत मुर्छाई, हुइ सावचेत अन्तर मुहूर्त के मांई गद् २ बोले यों नैना जल वर्षाई, मत काढो बात में जीऊं जहां लग तांई ॥ द्रोण ॥ थावरच्चा कुंवर कर जोड़ अभी मुख बोले, महाराज काल यह किस दिन आवे जी, मैं नहीं जानु यह बात, मात पहले कुण जावेजो बत्तीस नार इभ्य सेठों को परणाई, महाराज रूप रंभा दर्शाति जो। धन्न का भरेया भंडार रिद्ध छोड़ी किम जावेजो ॥ ॥ पणिहारी ॥ भोग अशुचि असाश्वता, सुनो गुणीजन हो २ जो राचे मुढ़ गंवार गुणी जन हो ॥ ॥ पाई स्वर्ग की साहवी, सुनो गुणीजन हो २ रत्न जड़ित का महल गुणीजन हो ॥२॥ साधपणो नहीं सोहिलो, सुनो गुणीजन हो २ चलनो खांडा को धार गुणीजन हो ॥३॥ करना मुश्किल लोच का सुनो गुणीजन हो, २ यह है सुखमाल शरीर गुणीजन हो ॥४॥ मिलाप —भुजा करि भवसागर ज्यों तिर, सूरबीर कोइ पार लगे, संसार त्याग के ॥२॥ सुनो मात जो सुख अभिलाषी, तिनको कठिन दे दर्शाई, संजम से शूरा उनको तो कुछ भी है

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

मुश्किल नांई। दे दे न्याय थावरच्या माता अच्छी तरह लिया समझाई। पर एक न मानी, पुत्र को आखिर आज्ञा फरमाई ॥ शेर—भेट ना हरिराय के नजराना कीना जायजी, कहो मात जी किम आवीया दीजे मुझे दर्शायजी ॥ प्राण प्यारा पुत्र आज गया वंदवा जिनराजजी, वाणी सुनतां प्रभु की वैराग्य दिल में छायजी ॥ खड़ी ॥ मैं दिया बहुत दृष्टांत कसर नहीं राखी, नहीं माना एक समझा समझा कर थाकी, फिर दीनी आज्ञा उसको संजम लेवा की, है मुझ इच्छा दीक्षा महोत्सव करबा की, मैं छत्र चांवर के काज राज पै आई, महाराज लवाजमा भी बख्शावोजी। सुन बात कहे हरिराय मात अपने घर जावोजी। तुझ पुत्र को दीक्षा महोत्सव मैं करसूं, महाराज और होय सो फरमाबोजी। करूं सफल मनोरथ आज कोई शंका मत लावोजी ॥ पणिहारी ॥ राजन पति महाराजवी सुनो गुणीजन हो २, बस ये ही अरज महाराज गुणीजन हो ॥१॥ इम कह निज घर आगई सुनो गुणी जन हो २, तब पीछे से हरिराय, गुणी जन हो ॥२॥ बहु परिवार से परवरया सुनो गुणीजन हो २, हो गज हौदे असवार गुणीजन हो ॥३॥ थावरचा माता के घर सुनो गुणी जन हो २ आया त्रीखंड का नाथ गुणीजन हो ॥४॥ मिलाप—दिया मात सन्मान जहां पर गोविन्द के गुण होने लगे, संसार ॥३॥ लाल बुलाकर लेई गोद में शिर पर हरिजो हाथ धरे। संजम मत लेवो, भोगवो रिद्धि मौज से रहो घरे। द्वारिका नगरी स्वर्ग सरीखी देखे जिन्हों का नैन ठरे। जहां खुशी तुम्हारी, करो दिल चाहे कोई नहीं दखल करे ॥ शेर ॥ सुख से बसो नगरी विषे तुम मुझ भुजां की छाय जी, कहो साफ दिल खोल के मुझ से तू मत शरमाय जी, जो कुछ भी तकलीफ तो तुम दीजिये दर्शाय जी जिसका करदे उपाय वह मैं करूं सब रोग ही मिटाय जी; ॥ खड़ी ॥ तब कहे कुंवर कर जोड़ अरज सुन लीजे, मेरे जन्म मरण के दुःख दूर कर दीजे, जो ऐसी दवा देने में ढील नहीं कीजे, मैं मानूंगा उपकार आप यश लीजे, ॥ द्रोण ॥ जो घर बैठा सहज ही रोग मिटजावे, महाराज तो फिर संजम क्यों लेनाजी क्षुधादिक जो बावीस परीषा नाहक में सहना जी सुर असुर मनुष्य की भीये समर्थ नाइ, महाराजकृष्ण यों बोले बैना जी, निज कर्मों के अनुसार मिटे सब दुख की रैना, ॥ पणिहारी ॥ इसीलिये महाराज वी सुनो गुणी जन हो २ मैं लेऊं संजम भार गुणी जन हो ॥१॥ कर्म रोग सब मेटने सुनो गुणी जन हो २ मैं जाऊं मोक्ष मझार गुणी जन हो ॥ २ ॥ मुझको मना मत कीजिये सुनो गुणी जन हो २ दो आज्ञा बकसाय गुणी जन हो ॥३। इतनी बात सुनी हरि सुनो गुणी जन हो २ तब जान्यो दृढ वैराग्य गुणी जन हो ॥ ४ ॥ ॥ मिलाप ॥ जिम हो तिम करो लाल हरि बार बार यों कहन लगे संसार ॥ ४ ॥ आज्ञाकारी पुरुष भेजकर कृष्ण पड़हो दियो बजवाई,

८७

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

यह कुंवर थावरच्चा लेवे वैराग्य छती रिध छिटकाई, इनके साथ नरपति आदि दे सेठ और सारथ बाई. कोई संजम लेवे हरि का माफ हुकम उसके तांई,॥शेर॥ जो जो स्वजन तज नीकले पिछले की सार सम्भाल जी यथा योग्य जिम सुख हुवे तिम करसी श्री गोपाल जी सहस्र पुरुष त्यारी हुवे मोह ममत दीनो टाल जी, कृष्ण जी महोत्सव कीयो बडी धूम से तत्काल जी, ॥ खडी ॥ श्री नेम नाथ जिनवर से संजम लीना, दुनिया का झगडा सभी दूर कर दीना, छति रिद्ध त्याग कर धर्म दलाली लाभ हरिजी लीना. ॥ द्रोण ॥ कर विनय गुरु से चौदह पूरव भणीया, महाराज आज्ञा जिनवर की पाया जी। एक सहस्र शिष्य लेलार विहार कीनो मुनिराय जी, जहाँ गये तहां जय विजय धर्म की कीनी महाराज जगत में सुयश पाया जी। फिर अनशन कर पुण्डरीक गिरि से मुक्ति सिधाया जी,॥ पणिहारी ॥ छटे अग अधिकार छे सुनो गुणी जन हो २ पंचम अध्ययन सुभार गुणी जन हो ॥ १ ॥ ते अनुसारे लावणी सुनो गुणी जन हो २ करी पंच रंगत में त्यार गुणी जन हो ॥ २ ॥ महा मुनि नन्दलाल जी सुनो गुणी जन हो २ गुरु दीनो हुकम फरमाय गुणी जन हो ॥ ३ ॥ संवत उनीसे इकोतरे सुनो गुणीजन हो २ कियो चार ठाणा चौमास गुणी जनहो ॥४॥ मिलाप ॥ श्रेष्ठ हाडोती कोटा शहर जहां धर्म ध्यान का ठाट लगे संसार ॥ ५ ॥ प्रद्युम्न कुंवर चरित्र- [तर्ज:—द्राण] यह प्रजन कुंवर की प्रगट सुनो पुन्याई। महाराज, मात रुकमणि काजायाजी। ज्याने भोग छोड़ लिया जोग रोग कर्मों का मिटायाजी ॥टेक॥ एक सौरठ नामा देश द्वारिका नगरी; । महा० राज पाले हरिरायाजी। था तीन खंड का नाथ जिन्हों का पुण्य सवायाजी०। रुकमणी आपकी प्रेमवती पटराणी; महा० जिन्हों का नन्दन नीकाजी। तसु प्रजन कुंवरजी नाम हुआ जादव कुल टीकाजी ॥ निज मात बात सगपण की दिल में धारी, महा० दूत को तुरत बुलायाजी॥ ज्याने भोग० ॥१॥ तूं ज। कुन्दनपुर राय रुकमियाँ पासे; महा० युगल कर जोड़ बधानाजी, अरु कुशल क्षेम हैं सब यहां का हाल सुनानाजी। फिर कहिजे वल्लभ वेदरवी तुझ कुंवरी; महा० तुम्हें इतनो यश लीजोजो। यों कहा आपको बहिन प्रद्युम्नकुंवर को दीजोजी ॥ ले समाचार कुन्दनपुर दूत सिधाया । महा० भूप को आय बधायाजी ॥ ज्याने० ॥ २ ॥ दिया पत्र नरप के हाथ प्रेम से खोला, महा० बाँचता रीश भराईजी। रे दुष्टन तुझको,पत्र भेजतां लाज न आईजी ॥ जब चन्देरी को शिशुपाल नृप मोटो, महा० जिन्हों से करी सगाईजा, वो आया परणवा काज युक्ति से बरात सज ई जी॥ मैं किया बहोत भगिनी का हर्ष बधाया; महा० जिन्होंने कपट कमाया जी ॥ ज्याने भोग छोड़ ।३॥ मिल भुवा भतिजो गुत

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

पगे गोविन्द को, महा० बाग में लिया बुलाई जी । वहां पूजा के मिस आय आप हरिसंग सिधाई जी ॥ कर गई फज़ीता दुर्जन लोग हंसाया, महा० वश में छाप लगाई जा । केई शूरवीर सरदार जिन्हों की बात गमाई जी ॥ वो मेरी तरफ से मरगई बहिन रुक्ममणी; महा० रोशकर शब्द सुनाया जी ॥ ज़्याने भोग छोड़ ॥ ४ ॥ मुझ इष्ट कान्त वल्लभ वेदरवी कुंवरी; महा० डूम को दूं परणाई जी । पिण भूल चूक में कभी न दूं यादव कुल मांही जी ॥ यूं कही दूत को तुरत विदा कर दीना; महा० द्वारिका नगरी आया जी । रुक्खमणी पूछे धर प्रेम दूत सब हाल सुनाया जी ॥ वों सुणी पिहर की बात हरि पटराणी, महा० कंई मन धड़ा उठाया जी ॥ ज्याने भोग छोड़ ॥ ५ ॥ या बात सुण्या बिन किम रहे भामा राणी, महा० और जादव की नारी जो । जो जाणेगा तो आज, हंसी करसी गिरधारी जी ॥ यों बैठी करत विचार महल के मांही, महा० कुंवर इतने चल आया जी । दो हाथ जोड़ धर प्रेम मात को शीश नवाया जी ॥ क्यों फिक्कर करो मुझ मात बात फरमावो, महा० करूं सब मनका चाया जी ॥ ज्याने भोग छोड़ ॥ ६ ॥ तब माता रुक्खमणी कही हकीकत सारी; महा० कुंवर यूं कहे मैं जाऊं जी ॥ जो है मामा को वचन वो ही मैं पार लगाऊं जी ॥ मुझ मामा की जो है वेदरवीकुंवरी, महा० परण कर निज घर आऊं जी सुण मात आपके लाय बिंदणी पाय लगाऊं जी ॥ कर विनय सर्व ही मन का सोच मिटाया महा० कुंवर अब तुरत चढ़ाया जी ॥ ज्याने भोग छोड़ ॥ ७ ॥ एक शाम्ब कुंवर श्री जाम्बवती का जाया, महा० जिन्हा से राह मिलाईजी । है खीर नीर सम वीर दोउन के प्रीत सवाईजी ॥ मिल सलाह करी यूं युगल वीर की जोड़ो महा० तुरत कुन्दनपुर आया जी विद्या के जोर से आप डूम का रूप बनाया जी ॥ केई घोडा ऊंट और साथे पाडा बकरा, महा० बाग मे डेरा लगाया जी ॥ ज़्याने भोग छोड ॥ ८ ॥ तहां दोनों भाई उठे आप मध्यराते, महा० वंशी और वीणा बजावेजी । छः राग और छत्तीस रागिनी मिल कर गावेजी ॥ सुन राग कई जङ्गल का जीव लुभाना, महा० राग पसरयो पुर मांई जी सब राजादिक नर नार सुने एक धुन्न लगाई जी ॥ परभात हुआ तो शुभ शब्द उचारे, महा० राग में खूब रिझाया जी ॥ ज़्याने भोग छोड़ ॥ ९ ॥ यों चारों दिशि में फिरता राग अलापे, महा० कौन यह कहाँ पर गाये जा । वनमाय ढूंढता फिरे लोक पण भेद न पावे जी ॥ इमकरता इक दिन कुंदनपुर में आया, महा० फिरे संग लोग लुगाई जी । या सुनी बात नर नाथ डूम को लिया बुलाई जी । तिहां बैठा आजन हाल भूप के आगे, महा० मनुष्य नहां जाय गिनायो जी ॥ ज्याने भोग छोड़ ॥ १० ॥ वां वेदरवी कुंवरी पिण

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

देखन आई महा० तात लै गोद बिठाईजी । हरि नन्द देखकर रूप मगन होय मन मांईजी ॥ तब प्रजनकुंवरजी तान मिलाकर गावे, महा० राग में राग सुनावे जी । एक समझे कुंवरी सुने लोक पिण भेदन पावे जी ॥ (तर्जः--पनिहारी) प्रजन कुंवर कहे तान में सुन कुंवरीए २ हूँ नहीं ढोली दमाम कुवरीए ॥ देवपुरी सम द्वारिकां सुन कुंवरिए २ जिहां राज करे घनश्याम कु० ॥ १ ॥ माता रुकमणि माहरी सुन कुं० २ उनको नन्दन जाँण, कुंवरिए ॥ जादव वंश वडो घणो सुन कुंवरिए २ तिहुँ खंड में आण कुं० ॥ २ ॥ जो मन होवे ताहरो सु० २ तो मुझे करो भरतार कुं० तुम हम जोडी सारखी सुन कुंवरीए २ तुष्ट हुआ करतार कु० ॥ ३ ॥ मेरे जिसा वर नहीं मिले सुन कुंवरीए २ सर्व विद्या परवीण कुंवरीए । जो चूकी इण अवसरे सुन कुंवरीए २ तो झूरेला दिन रैण कुंवरीए ॥ ४ ॥ डाला डोली मत क्यों करे सुन० २ तूं मन को भर्म मिटाय कुंवरीए ॥ डूम बना तुझ कारणे सुन कुंवरीए २ आया रूप छिपाय कुंवरीए ॥ ५ ॥ (तर्जः -- द्रोण) विद्या से आपने रूप लिया पलटाई, महा० देख कुंवरी मन भायाजी ज्याने भोग ॥ १० ॥ जितने आलिम वहां राजसभा में आये. महा० सभी को डूम दिखावे जी । पिण असली राज कुंवार नजर कुंवरी के आवे जी ॥ तन मन से गाय बजाय लिया विश्रामा, महा० डूम से पूछे हरिराय जी । तुम कौन देश में वसो कहो तुम कहां से आया जी ॥ है सोरठ नामा देश द्वारिका नगरी --महा । वहां से हम चल आया जी ॥ ज्याने भोग छोड ॥ ११ ॥ तब राय रुखमियो कहे डूम तुम मांगा, महा० सोही तुमको मिल जावे जी । तब कुंवर कहे धन माल हमारे कुछ नहीं चहावे जी ॥ में दोऊ जणा हाथों से करां रसोई, महा० हमें या कुंवरी दीजे जी ॥ तो खट पट सब मिट जाय आप इतनो यश लीजे जी ॥ सुन बात भूप के रोश जोश चढ आया, महा० धक्का दे बहार कढायाजी ॥ ज्याने भोग ॥ १३ ॥ महला में सूती कुंवरी आप अकेली महा० सजी शृंगार सवाया जी ॥ या है रजनी की नक्त हुवे अब मनका चहायाजी ॥ तब रांन सुना यों मन ही मनविचारे ॥महाराज॥ तुम्हें हरिनन्द कहाओजी । जो जाणो मन की बात यहां पर जल्दि आओ जी; हिम्मत करके बेधड़क आप मुझ ब्याहो ॥ महाराज ॥ होय सबही मन चायाजी ॥ ज्याने भोग छोड लिया जोग ॥ १४ ॥ सुण प्राणनाथ कहूँ बात ईश्वर की साखे ॥ महाराज ॥ यदि तुम नहीं आओगा जी ॥ तो अब हत्या को पाप साफ कहूं तुम सिर होगा जी ॥ विद्यासे जाण झट कुंवर तिहां चल आया. ॥ महाराज । बीन्द का वेश बनाई जी ॥ कुंवरी को पकड़ कर हाथ नींद से तुरत जगाई जी ॥ हथलेवो जोड़कर विधी ब्याह की सारी; ॥ महाराज ॥ कुंवर फेरा फिर आया जी ॥

६०

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

॥ ज्याने ॥ १५ ॥ कुंवरी के पास दिन ऊगत दासी आई, महा० अति मन अचरज पाई जी । परणे तुं वेश लख तुरत राय को बात जणाई जी ॥ सुनते ही दौड राजा राणी मिल आया, महा० मौन कुंवरी कीनी जी ॥ रे वंश लजावण हार ते भी सोची गति कीनीजी ॥ तुझ कारण दुष्टन वचन डूम से हारा, महा० बहिन से वैर बसायाजी । ज़्याने भोग छोड़ ॥ १५ ॥ कर कोप दूत को भेजा उपवन माही; महा० डूम को लिया बुलाईजी । निज पुत्री दीनी सौंप नहीं सोची दिलमांईजी॥ कुंवरी को लेकर डूम बाग में आया, महा० मोहनी पीछी जागीजी । मैं दी डूमड़ को सौंप बात आछी नहीं लागीजी ॥ पीछी लेवन को भूप बाग में आया; महा० डूम का पता न पायाजी ॥ ज़्याने भोग० ॥१६॥ बैठा गम खाई भूपति बात बिसारी, महा० कुंवर तब तब फौज बनाईजी । दिया बनके बीच पड़ाव राय को बात जणाईजी ॥ सुन मामाजी मैं प्रजन कुंवर चढ़ आया, महा० मुझे कुंवरी परनावोजी । या करो युद्ध तो आओ सामने जोर जनावोजी । नरपति घबरायो या कैसी बनि आई, महा० करूं, अब कोना उपायाजी ॥ ज्याने० १७॥ जो करूं युद्ध तो वेर बसेगा दुगुणो: महा० जोर जादव को पूरोजी । है कौन अधिक बलवान इन्हों से सूर सनूरोजी ॥ मैं प्रजन कुंवर से जाय करूं नरमाई; महा० बात जब रहे हमारीजी । यों करके खूब विचार आप झट हुआ तैयारो जी ॥ जब मामाजी को आता देख कुंवर के; महा० हिये अति हर्ष भराया जी ॥ ज्याने भोग० ॥१८॥ मारग में कियो मिलाप हेत कर लीन्हो; महा० तुरत तम्बू में पेठाजी । मामाजी और भाणेज दोउ आसन पर बैठाजी ॥ इतने लो उठ वेदर बी कुंवरी आई, महाराज, । तात को शीश निवायाजी । मिट गयो सकल जजाल प्रेम से बटे बधायोजी ॥ पुनि करी ब्याह की रीति डायचो दीन्हों, महा० सीख ले कुंवर सिधायाजी । ज्याने भोग छोड़ ॥१९॥ श्री प्रजन कुंवर कर फतह द्वारिका आया; महा० कामण्यां कलश बधावेजी । घर घर में मंगलाचार लोक सुख २ यश गावेजी ॥ निजामात तात को नमे कुंवर कर जोड़ी; महा० कीर्ति पसरी पुरमाई जी । इन वोही वेदरबी परण मात के पाँव लगाई जो ॥ तब मात रुखमणि मगन हुई मन माही; महा० खुशी का पार न पायाजो ॥ ज़्याने भोग छोड़ ॥२०॥ निज भामणि संग में राज कुंवर सुख भोगे; महा० करी मोजां मनमानीजी, फिर लीन्हा संयम भार सुनी जिनवर की वानीजी ॥ कर विनय अंग द्वादश कंठे कर लीना, महा० तपस्या खूब कमाईजी । था राज कुंवर सुखमाल जिन्हों की यह अधिकाईजी ॥ जिन सोलह वर्ष का पूरण संयम पाला, महा० वास मुक्ति का पायाजी ॥ ज़्याने भोग छोड़ ॥ २१ ॥ संवत्

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

उगनीसो साल कहूं चौसटका, महा० धनतेरस रविवारेंजी । यहकरी जोड़ पर मान, ढाल सागर अनुसारेजी । एक निम्बाहेड़ा शहर दी पता सारी, महा० सभी श्रावक सुखदाईजी । हुआ धर्म ध्यान का ठाठ, खूब चौमासा मांईजी ॥ श्री नन्दलालजी महाराज तणा शिष्य गावे; महा० ज्ञान मुझे गुरु बतायाजी ॥ ज्याने भोग छोड़ लिया जोग रोग कर्मों का मिटायाजी ॥२२॥ इति

"शाम्भ कुंवर चरित्र" (तर्ज – द्रोण)—यह प्रजन कुंवर का शाम्भ कुंवर लघु भाई; महा० । दोहुन की माता न्यारी जी । है तीन खंड का नाथ, तात जिनका गिरधारीजी ॥ टेक ॥ या युगल वीर की जोड़ दीपती भारी; महा० प्रेम आपस में पूरा जी । चले निज कुल की मर्याद घड़ी इक रहे न दूराजी ॥ खुश होय एक दिन प्रजन कुंवरजी बोले, महा० भाई तुम शंका न राखो जी । जो मन की इच्छा होय वोही मुज आगे भाखोजी ॥ कर अरज तात से वो ही चीज दिलवाऊं, महा० माँग जो मरजी थारी जी ॥ है तीन खंड का ॥१॥ कहें शाम्भ कुंवर कर जोड़ बात सुन भाई, महा० और मुझ कुछ नहीं चहावेजी । दिया वचन लगावें पार आप फिर नहीं पलटावेंजी ॥ सुर लोक सारखी है यह द्वारिका नगरी महा० चित में खूब उमावोजी । करूं छे महीना तक राज तात से आप दिलावोजी ॥ लीजे इतनो यश आश सुफल कर दीजे, महा० यही बस अरज हमारीजी ॥ है तीन० ॥ २ ॥ तब प्रजन कुंवर ले साथ शाम्प कुंवर को, महा० सभा में दोउ मिल आयाजी ॥ अति हर्षसहित कर जोड़ तात को शीश नवायाजी । दीन्हो आदर हरिराय प्रेम से पूछे, महा० कहो जो भाव तुम्हारीजी । करूं सफल मनोरथ आज वचन नहीं फिरे हमारीजी ॥ सुन तात आपसे और कछू नहीं मांगूं, महा० कुंवर यों कहे विचारीजी ॥ है तीन खंड ॥३॥ मैं सोलह वर्ष से आय आपसे मिलियो, महा० आज तक कभी न जाचाजी । अब माँगूं सो वक्साय संभालें आपकी वाचाजी । इस द्वारा मति का राज मास षट् तांई ॥ महाराज; शाम्भ कुंवर को दीजेजी ॥ ज्यों बनी रहे सब बात जगत में यो यश लीजेजी ॥ सुन बात द्वारिकानाथ वचन का बन्धया, महा० तुरत दीन्हीं मुखत्यारीजी ॥ है तीन खंड ॥ ४ ॥ अब शाम्भ कुंवरजी राज मौज से पाले, महा० खूब धन धन कहलावेजी । दिए तजी लाज मर्याद आप कुव्यसन कमावेजी ॥ जो उत्तम कुल का नार नजर में आवे, महा० जिन्हों से करत अनीतिजी । ऐसे पुरुषों का क्यों न होय जग बीच फजीतीजी ॥ नगरी का लोक मिल सब यों सलाह विचारी, महा० मुकुन्द से अर्ज गुजारी जी ॥ है तीन ॥५॥ सुन बात कृष्ण लोकों को दिया दिलासा; महा० आप महलां में आयाजी । सब जासूस वन्ती को मारुड नन्द का

९२

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

हाल सुनाया जी ॥ तब तड़क फड़क कर महाराणी जी बोले, महा० विनय हमारी सुन लीजेजी । ये लोग उड़ावे बात आप तो चित्त न दीजेजी ॥ यदि झूंठ होय तो प्रत्यक्ष आज दिखाऊ, महा० ऊठ चल संग हमारी जी ॥ है तीन॥६॥ तब जाम्बवती उठ उठ पति संग चाली ॥ महा० हरिजी होगया आगे जी ॥ खुद बहुत वर्ष का बुड्ढा बाबा बन गया सागे जी उस जाम्बवति को गूजरी आप बनाई ॥ महा० बरस सोलह परमाणे जी इम किया वैक्रिय रूप लोग कोई भेद न जाणे जी ॥ तर्ज – राम सुन मोहनी मो नी ॥ हरिजी चालिया बालीया कांई कपित तास शरीर ॥ हरिजी ॥ टेर ॥ अति दीपती गूजरी ज्यों इन्द्राणी अवतार ॥ हरिजी ॥१॥ दीसे वेष सुहावणो, कांई नेवर को झणकार ॥ हरिजी ॥ २ । मोत्या की सिर चूमरी, कांई मटका लीनी मेल ॥ हरिजी ॥ ३ ॥ लोक देख हांसी करे, कांई जोड़ मिली परमाण ॥ हरिजी ॥ ४ ॥ गोविन्द के परवा नहीं, कांई चालया मध्य बाजार ॥ हरिजी ॥ ५ ॥ मिलाप ॥ दोउ फिरता २ राज द्वार पे आया ॥ महा० जावरया नीचे उतारी जी ॥ है तीन खंड ॥ ७ ॥ लो दूध दही लो दूध दही यों बोले, महा० कुंवर सुन बाहिर आयाजी ॥ लख गूजरली का रूप तुरत मन में मुरझायो जी ॥ कहे कुंवर सुन तू गूजरली बात हमारो, महाराज । नहीं हम लूट मचावाँजी ॥ तूं चाल महल में दूध दही का भाव जचावांजी ॥ बुढ़ा बालम यों कहे थकी पर लेलो, महा० नहीं तो मरजो तुम्हारी जी ॥ है तीन ॥ ८ ॥ मैं हूं बुढ़ो या बालक बधू हमारी, महा० अवस्था योवन धारी जी ॥ को जाने मन का बात नहीं पर तीत तुम्हारी जी ॥ दोउ हाथ पकड़ कर खेंचा खेंच मचावे महा० झपट ले चाल्यो मांही जी । अरे मान मूढ़ मतिहीन ऐसी क्यों करत अन्याई जी ॥ तब कृष्ण आप निज रूप प्रगट कर लीन्हा, महा० पुत्र से कहे ललकारी जी । है तीन ॥ ९॥ रे लाज हीन तू देख मात या तेरी , महा० कहाँ ले जाता भागी जी ॥ झट छोड़ मात को हाथ गयो महल में भागी जी ॥ तब कृष्ण और महाराणा जी मिले दोनों, महा० आये निज भवन सुखारी जी ॥ देखी तरू नन्दन एव शोक यूं कहे गिरधारी जी ॥ तब, जाम्बवती कर जोड़ कंत से बोली, महा० अभी बालक बुध ऊधारी जी ॥ है तीन खंड ॥ १० ॥ फिर दूजे दिन गोपाल सिंहासन बैठा, महा० सभा थी सभा रसीली जी । तिहां आया शाम्भकुवार, हाथ से घड़ता खीला जी ॥ क्या चीज बनायो तात बात यूं पूछे; महा० कुंवर कहे रोश भराई जी । ज्यों करे काल की बात, ठोकूं उनका मुख माही जी ॥ कोपित हो गोविन्द देश निकाला दीन्हा, महा० कर्म गति टारे न टारी जी ॥ हैं तीन खंड ॥ ११ ॥ सुन राजन कुंवर यह बात तात पै आया । महा० बहुत कान्ही करा ई जी । ह मुझ बान्धव

६३

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

नादान, हाल कुछ समझे नाहीं जी, मैं जानूं जबर अपराध आपका कीना; महा० राज तो बड़ा कहायो जी। यह गुन्हा मुझे बकसाय, बचन पीछा पलटावो जी ॥ तर्ज – नाथजी की ॥ तातजी, प्रजन कुंवर इम वीनवेरे कांई-कर जोड़ी पावां पड़ी, हो तात जी। राजन पति प्रभु आपकी रे कांई महिमा जग में है बड़ी, हो तात जी ॥ १ ॥ तात जी, पुत्र कुपूत हो होवे सही रे कांई-मावित्त अलग करे नहीं, हो तात जी। तातजी, छेदन भेदन जो करे रे कांई-चन्दन सुगंध छोड़े नहीं; हो तात जी ॥ २ ॥ तात जी, यंत्र में पीले शेल डोरे कांई; दुश्मन को तरपति करे; हो तात जी ॥ तातजी लक्कड़ जल ऊपर तिरेरे कांई पानी अवगुण नहीं धरे, हो तातजी ॥ ३ ॥ तात जी, खुशबु से खुश होकर फूल डोरे कांई मर्दक पै नहीं ध्यान दे हो तात जी ॥ तातजी, बन्धन तर्जन सभा सहेरे कांई, गऊ मधुर पय दान दे होता० ॥ ४ ॥ तातजी, बड़ पन विरद विचार मेरे कांई पुत्र पे कोपन कीजिये होतातजी ॥ तातजी; सुदृष्टि निहारने रे कांई प्रीति आलास्बन दीजिये ॥ हो तातजी ॥ ५ ॥ तर्ज—द्रोण ॥ निज नन्दन की हरि एक बात नहीं मानी, महा० तर्क इतनीक निकारी जी ॥ है तीन खंड ॥ १२ ॥ है सत्य भामा जी जो तुझ मोटी माता, महा० हस्ति ऊपर बैठावेजी, और चमर उड़ाती आप द्वारिका मांही लावेजी ॥ तो है मुझ आज्ञा रहो राज के माँही, महा० कुंवर सुन वहां से चलियो जी। अति हर्ष सहित झट आय शाम्ब कुंवर से मिलियो जी ॥ मैं सुख दायक उपाय करी आयाहूं; महा० फिरलो तकदीर तुम्हारी जी ॥ है तीन खंड ॥ १३ ॥ कहे शाम्ब कुंवर तुम बन्धव बात विचारो, महा० मात देखा नहीं चहावेजी। तो ऐसी अदब के साथ कहां कैसे लइ जावे जी ॥ वैताढ्य गिरि विद्याधर उत्तर श्रेणी, महा० 'मेघकुट' नगर तुम्हारोजी। तिहां दीजे जल्दी मेल खुशी चित्त होय हमारोजी ॥ लीजे वश यह भी वक्त निकल जावेगी, महा० आपहो पर उपगारी जी ॥ है तीन० ॥ १४ ॥ जरा धीरज धर तू क्यों इतनो घबरावे, महा० जोर विद्या को भारीजी ॥ झटपलट दिया तसुरूप करी जिम देव कुमारी जी ॥ भामा जी का रमणीक बाग के माँही। महा० वृक्ष की शीतल छाया जी। शिल्ला पट पर बैठाय कपट का बचन सिखाया जी। यों खेल रचा कर गया द्वारिका मांही, महा० बातता खूब सुधारी जी। है तीन खंड ॥ १५ ॥ ले सखियाँ लार तिण अवसर भामा राणी, महा० बाग मे खेलन आईजी। अति दिव्य रूप कुंवरी को देख मन अचरज पाई जी ॥ भामा जी भोली भेद कछु नही पाई; महा० पास कुंवरी के आई जी। बहु दे आदर सन्मान बात पूछे हुससाई जी ॥ तुम कुन हो बाई राज बात फरमावो, महा० सूर्नि तुझ मोहन गारी जा ॥ है तीन खंड ॥ १६ ॥ तब शाम्ब कुं-

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

कहे नयना जल बरसाई, महा० मात सुन बात हमारी जी ॥ इस मृत्युलोक के मांय, मैं हूं इक दुखली नारी जी ॥ मैं विद्याधर राजा की वल्लभ कुंवरी; महा० यहां सामी लेई आयो जी ॥ सूती तरु तल भर नीन्द दुष्ट मुझ छोड सिधायाजी ॥ तर्ज:—
हे सुण मायडली, पिता है बे परवाह जो; माता ने मैं छू वल्लभ डीकरीरे लो ॥ १ ॥ हे सुण मायडली, चक्रवर्ती पाले राजजो; तिण थी अर्धराज छे म्हारा तात नेरे लो ॥ २ ॥ हे सुण मायडली; बात सुणोगा मात जो, झुर झुर ने पिंजर ते होसी सहीरेलो ॥ ३ ॥ हे सुण मायडली, यह मुझ बालक वयजो, भोलो ढालो कुछ समझूं नहीं रेलो ॥ ४ ॥ हे सुण मायडली, कौन करे मुझसार जो, सुख दुख की बात कौन मुझे पूछसीरेलो ॥ ५ ॥ हे सुण मायडली, अब मुझ रहा बनाव ज़ो, गुण नहीं भुलू पैं ज़ीवूं ज़हाँ लगे रेलो ॥ ६ । मिलाप ॥ कहे सत्य भामाज़ी बाई रुदन मत कर तू, महा० खुली तकदीर तुम्हारीज़ी ॥ हे तीन खण्ड ॥ १७ ॥ सुभानू कुंवर मुझ पुत्र दीपतो भारी; महा० कहावे नन्द हरिकोजी; नन्याणु कुवरयाँ साथ व्याव अब होसी नीकोजी,जो मन्न होय तो तूं यो अवसर मत चूके, महा० मौज करजो मनमानी जी । सब कुंवरान्यां केमाय तुझे करसूं पटरानी जी ॥ सुन मात बात पर मान करूं मैं थारी, महा० अरज इतनीक हमारीजी ॥ हे तीन० ॥ १८ ॥ मैं भू चरतो सपना में कभी नहीं वंछू महा० आज की वक्त विचारूं जी ॥ मुझे हर्ष सहित ले चलो तो दिल में निश्चय धारुंजी॥ फिर गज होदे तुं हाथे चमर डुराऊं, महा० हुई खुश भामा रानीजी ॥ मोटे मंडान वधाय तुरत नगरी में आनी जी ॥ अब बटे बधायाँ खूब शहर के मांही, महा० करे महिमा नर नारीजी हे तीन० ॥ १९ । अथ सत् भामा जी विवाह कुंवर को रचियो, महा० द्रव्य खरचे दिल चायोजी । घुर रहे वाजिन्तर नाद लगन दिन नेडो आयो जी । तब गुप्तपणे कुंवरी ब्राह्मण से बोले, महा० रीति कुल की नहीं छोडूं जी ॥ मैं ऊपर रखूं हाथ तभी हथलेवो ज़ोडूं जी ॥ सुण भामा ज़ी यूं कहे तुरत कुंवरी से, महा० रीति होय सो कर थारी जी ॥ हे तीन ॥ २० ॥ तब कुंवरी अपना हाथ रखा ऊपर ही, महा० फिरे फेरा अब सोगेजो । निन्याणवे कुंवरियां माय आप हुई सब के आगे जी॥ अति हर्ष सहित किया व्याह मात नन्दन का, महा० भवन दीना धकसाई जी ॥ सुभानू कुवर की नार सबो मिल सिरार आईजी ॥ तब प्रद्युम्न कुंवर बल्लभ विद्या को सुमरी, महा० किया निज रूप तैयारीजी ॥ हे तीन ॥ २१॥ अब भामाजी देव कुंवर जिन रूपे, महाराज सेज पर बैठा पाईजी ॥ सब राणया देखी रूप तुर्त मन में मुरझाई जी । चोतर्फ सेज के सर्व मेलदा बैठी; महा० खूलो जिम केशर क्यारी । कर

९५

अलंकार सुभानू कुंवर आया उस वारीजी ॥ तिहाँ शाम्ब कुंवर को बैठा देख पलंग पै, महा० कोप चढ़ियो अति भारीजी ॥ है तीन० ॥ २२ ॥ रे लाज हीन मुझ सेजा में किम आयो, महा० तुझे कुमति भरमायोजी । तब शाम्ब कुंवर कर नैत्र लाल उलको घुरकायाजी । सुभानू कुंवर झट दोड़ मात पां आयो; महा० हकीकत माण्ड सुनाईजी । सुन सत् भामाजी शीघ्र गति तिहाँ चल कर आइजी ॥ अति क्रोध करीने करड़ा वचन सुनाया, महा० दुष्ट तूं निकल बहारीजी ॥ है तीन० ॥२३॥ जब देश निकाला तात तुझे दीना था महा० यहीं कैसे बिलमायोजी ॥ माधव की आज्ञा भंग करी पीछो किम आयोजी ॥ छिप के कब तक रहसी इस आंगन में ॥ महा० नाम जिनका गिरधारीजी ॥ यदि लगी खबर फिर बोल कौन गति करसी थारीजी ॥ (तर्ज - फाग) मुरली वारो रे २ शीश पर मुकुट धारोरे ॥ मुरली ॥टेर॥ साम्ब कुंवर ने सतभामा कहे सुनले बात हमारी रे ॥ तीन खण्ड को नाथ थारो गिरधारी रे ॥ मुरली १ ॥ कंशराय का मुकट पाडियो परभव में पहुंचायो रे ॥ स्वयम्बर मडप मांय से मुझ व्याही लायो रे ॥मुरली॥ ॥२॥ काली देह मे कूद पड्या अरु करा वज्र की छाती रे ॥ गेंद लेइ ने पाछो निकल्यो नाग नाथी रे ॥ मुरली ३ । जरासिंध का मान बिडारयो हस्ती दन्त उखाड्या रे । जेठीमल से युद्ध करीने पकड़ पछाड्यारे ॥मुरली ४ ॥ देशवट पंडवा ने दीनो जरा कारण नहीं राखी रे ॥ पंडु मथुरा जाय वसाई सुतर साखी रे ॥ मुरली ५ ॥ प्रजन कुंवर थारी भड़ ऊपर मदद करे छे भारी रे ॥ जाम्बवती पण लाजसी वा माता थारी रे ॥ मुरली ॥ ६ ॥ बड़ां बड़ां की शान बिगाड़ी ऊ थारी कब राखे रे ॥ इण लक्षण से आणजे कई स्वाद चाखेरे ॥ मुरली ७ ॥ विलाप ॥ तब शाम्ब कुंवर कर जोड़ मात से बोले; महा० अर्ज एक सुनो हमारी जी ॥ है तीन २४ ॥ मैं किया वचन परमाण आण नहीं लोपी, महा० जोर हो जहां पुकारोजी । मैं हूँ निरदोषी आज तात क्या करे हमारोजी॥ मैं पुढवी शिला पट ऊपर बैठा थो, महा० बाग की शीतल छायाजी, मुझे गज होदे बैठाय, आप यहाँ लेकर आयाजी ॥ सुन माता तुझ उपकार कभी नहीं भूलूं, महा० रोर की हद विस्तारीजो । है तीन० ॥ २५ ॥ फिर शाम्बकुंवर निज स्थान गया निकल के; महा० महा० मोज में रहे सदाइजी । तब भामारानी तुरत कंथ के सन्मुख आईजी, दो हाथ जोड़ जोड़ सब बीतक हाल सुनाया, महा० हरीजी यूं हँस बोलाजी॥ उसे गज होदे बैठाय चमर कहो किसने ढोलाजी॥ मैं सांच कहूं राणीजी रोष नहीं कीजे, महा० कुबुद्ध या हैसब थारीजी॥ है तीन० ॥ २६ ॥ तब सत्भामाजी रोष अत्यन्त चढाया, महा० कही तुम झूठी मुझनेजो । तेरो पलट्यो नहीं स्वभाव गवाल्या जाण् ९६

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

तुभ्कनेजी ॥ यों वह बड़ करती गई महल के मांही, महा० बड़ी समता दिल धारीजी, यह कपट भरा संसार खूब रहना होशियारी जी ॥ फिर शाम्भकुंवर पच्चास अंतेउर परनी, महा० सेजसुख बिलस भारीजी ॥ है तीन० ॥२७॥ फिर नेमि जिनन्द की सुनी आपने वाणी, महा० धर्म का मर्म पिछानाजी ॥ है झूठा सब संसार; सार एक संयम जानाजी ॥ हरि की आज्ञा ले तुत भोग छिटकाया, महा० सूत्र में वर्णव चालयोजी । श्री परजन कुंवर की तरह आप शुद्ध संयम पालयोजी ॥ कर अष्ट कर्म का अन्त सिद्ध पद पाया, महा० काज सब लिया सुधारीजी ॥ है तीन ॥ २८ ॥ संवत् उन्नीसो पैंसठ चेत सुदि माही, महा० तिथी एकमगुरुवारेजी ॥ यह जुगत बनाई जोड़ 'ढालसागर' अनुसारेजी ॥ मेवाड़ देश गढ चित्रकोट सुखकारी, महा० तीन मुनि विचरत आयाजी । वहां है श्रावक गुणवान मेरा दिल लगा सवायाजी ॥ श्री नन्दलालजी मुनि तणा शिष्य गावे; महा० गुरु मेरा है उपगारीजी है तीन खंड का नाथ तात जिनका गिरधारीजी ॥२६॥ सम्पूर्णम् ॥

दान की महिमा—(तर्ज—लंगड़ी) अभयदान प्रभाव, भविकजन भव २ में सुख पावेगा । मुनिराज सुनावे वही नर ज्योति में ज्योति समावेगा ॥टेर॥ पूर्व भव हस्ती के भव में, एक जीव की करी दया । हुये मेघ कुंवरजी श्रेणिक राजा के घर आ जनम लिया। योवनवय में आए कुंवरजी, बहत्तर कला में प्रवीन भया । तब श्रेणिक राजा आठ कन्या के संग में ब्याह किया । शेर—राज कुंवर सुकमाल हैं और चलते कुल की चालजी । सुख भोगते संसार का बीता है कितना कालजी ॥ पुण्य योग से उस नगर में, छै काय के प्रतिपालजी । समोसरे चौबीस में, जिन राज दीनदयालजी ॥छोटी कड़ी—हुई खबर शहर में, बहुत लोग हुलसाया । भला हुई खबर-राजादिक बन्दन, मेघ कुंवर भी आया । तब तीन लोक के नाथ जिनेश्वर राया; भला तब-प्रभु समोसरण के बीच उपदेश सुनाया । दोड़॥ सुनो मेघ कुंवार, जान्यो अथिर संसार । जिसने लिया संयम भार, काम सफल किया १ । किया उग्र विहार, बहु तारे नरनार, खूब किया उपकार, जग यश लिया २ । संयम पाल के सुजान, गए विजय विमान, बत्तीस सागर के प्रमान भोगे सुख निदां २ छट्ठे अङ्ग के मंझार, हैगा बहु विस्तार, सुन लेना नर नार, यहां संकोच दिया २ ॥ मिलाप—महा विदेह क्षेत्र में जन्म लेके, कर्मों का रोग मिटावेगा ॥ मुनिराज सुनावे जिन्हों से ज्योति में ज्योति समावेगा ॥१॥ प्रथम देवलोक के अन्दर; इन्द्र ने किया बखान, मनुष्य लोक में दयालू, मेघरथ जैसा नहीं इनसान । एक देवता ने यूं सुनकर, दिल में शंका लीनी ठान। मैं जाय डिगाऊं उसी दम रूप वैक्रिय

९७

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

किया महान । धर्म ध्यान में लीन नृपति, पौषधशाला मांयजी । देवता कबूतर हो गिरा, जल्दी से गोदी मांयजी ।। तब पारधी कहने लगा, सुनिए श्री महारायजी । मेरा भक्ष मुझ दीजिये, रहा भूख से घबरायजी ॥ छोटी कड़ी—तब राय कहे सरणे आया नहीं पावें । भला तब--तेरी इच्छा हो सो मांग, और मिल जावे. तब कहे पारधी. इस पै दया जो आवे । भला तब--तो इसके बराबर अपना मांस दिलावे ॥ दौड़--सुन के राजा ने यह हाल, तराजू मगवाई तत्काल, करके कुछ भी नहीं खयाल, काया खण्डन करी २ । देव अवधि से जान, सच्चा दयालु राजान, झुका कदमों में आन, नहीं देरी करि २ । पीछे मेघरथ राय, व्रत पाल चित्त लाय । गए सर्वार्थ सिद्ध मांय, पूर्ण स्थिति करी २ ।। यहां से चव करके आन, हस्तनापुर के दरम्यान, पिता विश्वसेन लो जान, अचला मातेश्वरी २ । शान्तिनाथ हुवे स्मरण कीजे शान्ति २ वरतावेगा । मुनिराज सुनावे ॥२॥ यदुकुल भूषण समुद्रविजय की, शिवादेवी हैं महारानी । अङ्ग जात जिन्हों के, हुवे हैं रिष्ट नेमि जिनवर ज्ञानी । जूनागढ़ चले व्याह करन श्रीकृष्णचन्द्र हैं अगवानी । चली बरात धूम से, देख छवि जनता मन में हुलसानी ॥ शेर--नगर जूनागढ पति श्री उग्रसेन के द्वार जी । तोरण बन्दन आवतां पशुगण की सुणी पुकारजी । पशु इकट्ठे क्यों किए, कहे नेमिजी उस बार जी, सुन सारथी ने यूं कहा, तुम व्याह हित सरकार जी ॥ छोटी कड़ी--यूं सुन के नेमि प्रभु दिल में करे विचारा। भला यूं, मुझ व्याह निमित्त पशुओं का होय संहारा । दिए भूषण खोल कर सार्थी को उस वारा । भला, दिए फिर सहस्र पुरुष संग, प्रभुजी ने संयम धारा । दौड़--सुन के राजुलजी यह हाल, मुरछानी तत्काल, फेर सूरत संभाल ऐसे प्रकट कही २ । बिन गुनाह भरतार मुझ छोड़ी निराधार, अब कौन का आधार, लेना संयम सही २ संग सातसौ कुंवारी, निश्चय दिल में विचारी, लीना मुनिव्रत धारी, गिरनार पे गई २ । उत्तराध्यन के मझार, हैगा बहुत विस्तार, दोनों किया खेवा पार, केवल ज्ञान लही २ ॥ मिलाप—रिष्ट नेमि राजुलजी का गुण, कोई तन मन से गावेगा । ॥३॥ जगह २ सूत्रों के अन्दर, बहुत किया जिनवर विस्तार, दया धर्म को धार कर, भवसागर से होगए पार, धर्म रुचि मुनि दया निमित्त, कड़ुवे तूम्बे का किया आहार, पर नाग सिरि पै जिन्होंने, द्वेष भाव नहिं किया लगार । शेर--दया धर्म दिल धार के, कई पाए अविचल स्थानजी । अल्प बुद्धि है मेरी किन २ का दूं प्रमान जी । जीव रक्षा धर्म पर, जिसका हमेशा ध्यानजी । देव स्वर्गों के झुकें उसके चरण में आन जी ॥ छोटी कड़ी--यों जान सभी जीवों की जतना करना भला यूं तो भव सागर से जलदी होगा तरना ।। मुनिराजों की नित शिक्षा दिल में धरना भला मुनिराजों । जो शिव रमणी को चाहते हो तुम वरना

६८

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

Digitized by Sarayu Trust and eGangotri. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

दौड़--ऐसी अरिहंत वानी, जिस में दया ही बखानी, जिनके चित में समानी, हुए भव पारी २ । ऐसी लावनी बनाई, साल-चौपन के मांही, जीवागंज मांही गाई, सुनो नर नारी २ । नन्दलाल जी महाराज, तरण तारण की जहाज, सारे आतमा के काज, बड़े उपकारी२ हीरालाल जी महाराज, वाणी घन जिम गाज, ठाणा सात से विराज, रहे यश धारी २ ॥ मिलाप ॥ खूबचन्द और चौथमल कहे, दया पाल तिर जावेगा । मुनिराज सुनावे इसी से ज्योति में ज्योति समावेगा ॥ -शील की महिमा- तर्ज- पूर्ववत) शील रत्न का करो जतन, श्री जिनवर ऐसे फरमावे । श्री शील व्रत से, मन वंछित सम्पति पावे ।। टेर ॥ चम्पा नगरी सुभद्रा सेठ, धनदत्ता बसे उस नगरी मांय सुभद्रा नामा, कही जे एक पुत्रि बल्लभ सुखदाय । बालपने से जैन धर्म श्रावक के व्रत पाले चित लाय ॥ मां बाप उसी को एक दिन मिथ्यात्वी घर दी परणाय ॥ शेर ॥ सती सुभद्रा ऊपरे सासू करे तकरार जी । जैन धर्म को छोड़ दे, शुचि धर्म ले तूं धार जी । सुभद्रा कहे सासू सुनो, जिन धर्म है एक सार जी । सुख से सती रहती सदा, आगे सुनों अधिकारी जी ॥ छोटी कड़ी तिण अवसर विचरत, जिन कल्पी मुनिराया, कृपा करके चम्पा नगरी में आया । चक्षू में वायू योगे फूस भराया । नैनों से झरता नीर शहर में आया । ॥दौड़॥ सती देख मुनिराय, हर्ष आया दिल मांय मुनि वन्दे चित लाय, गुण ग्राम करे २ । सती आंख खासी देख, मन आया है विवेक, फूस काढ दिया देख, सासू शङ्क धरे २ । बहु कुलक्षणी नार, शर्म आई ना लगार । छू लिये अणगार, मिथ्या कलङ्क धरे २ । सुभद्रा नित्यमेव, करे प्रभु जी की सेव, जिन शासन के देव, कैसे शान्ति करे २ ॥ मिलाप ॥ सुभद्रा सती का कलङ्क उतारन, देव अति मन हुलसावे । श्री शील व्रत से मन वांछित सम्पति पावे ॥ १ ॥ चारों पोल चम्पा नगरी के, जड़ दीने सुर मन आनी । कई लोक नगर के, आये खोलन को मिल राजा रानी । यह द्वार जब खुले देवता, यु बोले नभ से वानी सती काचा सूत से, चालनो बांध काड छिटके पानी ॥ शेर ॥ नृप उपाय कीने बहुत, पर खुले नहीं वह द्वार जी । लोक आश्चर्य हो रहे, यह हुवा कौन विचार जी । नृप कराई घोषणा, धन २ पुरुष घर नार जी । द्वार खोले नगर के, वह सतियों में है सार जी । छोटी कडी ॥ सुभद्रा सती सुन सासू से जतलावे । मैं करू बड़ी प्रयत्न, द्वार खुलजावे । बहु कुलक्षणी तूं नार, मुझे समझावे । फिर सती होन को जाय शर्म नहीं आवे ॥ दौड़ ॥ सती आई दिल धार, कच्चे सूत से उस बार । बांधी चालनी ततकार, जल काड लिया २ । सती गिना नमोकार जल छींटा है तिवार, चम्पा नगरी के द्वार, तिन खोल दिया २ । बहु देख नर नार, खुशी हुवे है अपार, यह सतियों में सरदार, जग यश लिया २ । सासू आई तिणवार, नमी सती के चरणार

६६

CC-0. Arthur Avalon Atal Bihari Ghosh Coll. at Sri Aurobindo Library, Pondicherry

कलंक दिया है उतार, हृदय हुलस रह्या २ ॥ मिलाप ॥ जय२ शब्द सुर बोले गगन में, पुष्प वृष्टि तिहां वर्षावे ॥ श्री शील ॥ २ ॥ रामचन्द्रजी बहु पुन्यवन्ता, शीलवती तसु सीता नार । बनवास सिधारे भाई लछमण जी भी रहते थे लार ॥ उसी समय त्रिखन्ड पति, राजा रावण आया ततकार । रघुवर की नारी, सती सीता को लेगया लङ्क मझार । शेर ॥ सती सीता दिल बीच में, लीना नियम यह धार जी । रघुवर दिन इकीसवें, मिल जांय, तो लूं अहार जी । सती प्रति रावन कहे, मुझ ले पति सिर धार जी ॥ सब रानियों के बीच में करदूं तुझे पटनार जी ॥ छोटी कड़ी ॥ बहु लाल पाल कर, रावन चित ललचावे । सति रघुवर बिन सुपने में और नहीं ध्यावे ॥ बड़े २ भूप मिल रावण को समझावे । सीता दो पीछी सोंप बात रह जावे ॥ दौड़ ॥ त्रिखन्ड राय, बात मानी कुछ नांय, रहा मोह में उलझाय, समझे कुछ नांई २ । रावन कहे दिल धार, भाई लछमण दोनों लार, बसे बन के मझार कैसे सके आई २ । पवन सुत हनुमान कहिए कहा पुन्यवान, आए लंका के दरम्यान, तिहां बाग मांही २ । कहे सीता से आवाज, रामचन्द्र जी महाराज, सुख चैन में हैं आज चिंता मिटवाई २ ॥ मिलाप ॥ रामचन्द्र जी के समाचार सुन ॥ सती अती मन हर्षाय, श्री शील व्रत से ॥ ३ ॥ सीता जी के समाचार लेकर हनुमान सिधाया है । श्री रामचन्द्र जी जिन्हों के पास तुरत ही आया है ॥ रामचन्द्र जी और लछमण जी सुन कर अति सुख पाया है । दल बादल लेकर, शीघ्र लङ्का गढ़ पर चढ़ आया है ॥ शेर ॥ रामचन्द्र जी जीतिया, जिसका बहुत अधिकार जी । नगरी अयोध्या आगए, सीता को लेकर लार जी, लोक शहर के यूं कहे, शील त्यागा सीता नार जी । शंका मिटाने को सती, अग्नबीज करे दिल धार जी ॥ छोटी कड़ी ॥ तब स्नान करी, अग्नि का कुण्ड भराया । नगरी का बहु नर नार, देखने आया ॥ सती कहे राम तज, अवर पुरुष जो चाया । तो अग्नि कुण्ड के बीच, भस्म हो काया ॥ दौड़ ॥ऐसा कहके हवाल, सती पड़ी तत्काल, कुछ आया नहीं आल, देखे नर नारी २ । सीता सती के गुण गान, कर रहे जग दरम्यान, देव स्वर्गों से आन, जय २ कारी २ । शील सीतल करदे आग, विघ्न जाते हैं सब भाग, यश मिलता है अथाग, सम्पति भारी २ । जवाहरलाल जी महाराज, तरण तारण जहाज, सारे आतम के काज, बड़े उपकारी २ ॥ मिलाप ॥ खूबचन्द्र और चोथमल कहें, शील सदा सुख प्रगटावे, श्री शील व्रत से मन वंछित सम्पति पावे ॥ ४ ॥ -तपकी महिमा- (तर्ज—पूर्ववत) शाशन पति २ सखों के बीच, तपस्या का महातम फरमाया, शुद्ध करके करनी, गए कई स्वर्ग कई शिव पद पाया ॥ टेक ॥ सावत्थी नगरी के बाहर रहता एक खंधक सन्यासी । गुद्धभाली जी का है वो शिष्य वेद पुराण

१००

का अभ्यासी । पिङ्गल निग्रन्थ श्रावक आकर, पांच प्रश्न कीने खासी । तब पड़ा भर्म में जवाब नहीं आया होगया उदासी ॥ शेर ॥ कयगला के बाग में, जब समोसरे जिनराजजी, खन्दक जी सुन के चले, निज संशय मेटन काज जी । वीर कहे सुन गोयमा, तुझ मित्र मिलेगा आज जी, यों पूछे, गोतम वह लेगा संयम, यह कहीं गरीब निवाज जी ॥ छोटी कड़ी ॥ हां संयम लेगा प्रभु मुख से फ़रमाया । इतने में खन्दकजी आके शीश नमाया ॥ कहें मन की बात सब खोल जिनेश्वर राया । प्रश्नों का किया खुलासा भर्म मिटाया ॥ मेला ॥ तब हितकर जी उपदेश जिनेश्वर दीना खन्दक जी संयम लीना । एकादश जी अंग भणी हुवा प्रवीना । रहे नित्य वैराग्य में भीना ॥ तब सो । जी गुण रत्न छमच्छर कीना, आदेश लेह प्रभु जीना । बारा पड़िमा जी करि शरीर सुखाई दीना, ले आज्ञा अनशन कीना ॥ मिलाप—द्वादश में सुर लोक गये, भगवती में जिनवर फरमाया, शुद्ध करनी करके कई सुरलोक कई शिव पद पाया ॥ १ ॥ श्रेणिक नृप की दशमी भार्या, महासेण कृष्णा राणी । कोणिक राजा की छोटी माता है शास्त्रों से जानी ॥ उसी समय में विचरत आये, महावीर केवल ज्ञानी । सती गई बन्दने, सुनी वैराग्य मई अमृत बानी ॥ १ ॥ शेर ॥ समवशरण के बीच में, यों कहे कर जोड़ जी । जनम मरण की आग से, बचने की एही ठौड़ जी ॥ वैराग्य दिल लायके दिया मोह तांता तोड जी । कोणिक नृप महोत्सव किया, संयम लिया घर छोड जी ॥ छोटी कडी ॥ चन्दन बाला जी की हुई चेली गुणवन्ती । पढ गई इग्यारह अंग विनय नित्य करती । शुद्ध संयम पाय रहे पाप से डरती । गुरनी से पूछ वृद्ध मान आंबिल तप करती ॥ मेला ॥ एक आंबिल जी, एक बास दो आंबिल कर गई, अनुक्रममें सौ तक चढ़ गई ! बिच २ में जो, एक २ बास करती गई; एकर आंबिल बढ़ती गई । वर्ष चौदह जी, तीन मास बीस दिन भर गई, तप करर काया गर गई । किया अनशन जी, सब गरज़ जीव की सर गई, संसार समुद्र तर गई ॥ मिलाप ॥ सत्तरह वर्ष का संयम पाला, अन्त-गढ़ शास्त्र में दर्शाया शुद्ध करके करनी ॥ २ ॥ आनन्द नामा गाथा पति रहे बाणिया गाम नगर मांही । श्री वीर जिनन्द की वाणी सुन, श्रावक व्रत लिया हुलसाई ॥ एक दिवस करके विचार, घर सोंप दिया सुत मांही । पौषध शाला में आय, शुद्ध इग्यारह पड़िमा ली ठाई ॥ शेर ॥ तप कर जोर लगा रहे, नहीं मन में ग्लानी जी । रक्त मांस बहु सूख गया, शास्त्र में बहुत बयान जी ॥ अवसर जान अनशन किया और ध्यावे निर्मल ध्यान जी । शुभ भावना वर्तावतां, उपज्या है अवधि ज्ञान जी ॥ छोटी कड़ी ॥ तिन अवसर विचरत, वीर [illegible] गौतम अणगार सदा सुनिराया ॥ ले आज्ञा गोचरी करण शहर में आया ॥ लोगों के मुख आनन्द की बात

१०१

सुन पाया ॥ झेला ॥ दर्श देने जी गौतम स्वामी जी आया, आनन्द जी शीश नमाया। किया प्रश्न जो, मैंने अवधि ज्ञान यह पाया; तब गौतम फरक बताया ॥ कहै आनन्द जी, मैंने सत्य स्वरूप बताया, शंका युत गौतम आया। सच्चा आनन्द जी कहैं वीर जिनेश्वर राया, गौतम जी आन खमाया ॥ मिलाप ॥ बीस वर्ष श्रावक धर्म पाली, प्रथम स्वर्ग में सिधाया, शुद्ध करके करनी ॥ ३ ॥ कई साधू कई महा सती; कई श्रावक के हो गए निस्तार। जिन आगम में देखलो, बहुत किया जिनवर विस्तार ॥ पंचम आरे के कई जीव जिन मार्ग को जाने निज सार। करे तपस्या, जिससे होता अपना आतम उद्धार ॥ शेर ॥ शक्ति जान शरीर की; कई करतें हैं उपवासजी। शूर-वीर प्रणाम से कई करते दो दो मास जी ॥ जिन मार्ग में भू झते, कर्मो का करते नाश जी। वैराग्य में नित लीन रहें करें ज्ञान का अभ्यास जी ॥ छोटी कड़ी ॥ इस विधि करणी कर कई मोक्ष जाते हैं। वहां गएं बाद फिर यहां नहीं आते हैं ॥ करनी से कई सुरगति के सुख पाते हैं। तपस्या का महातम मुनिराज गाते हैं ॥ झेला ॥ उगनी से जी, उगनीसे तिरसठ सुन भाई मगसिर सुदि चौदस आई। छे ठाणा जी, मिल शहर निंबाहेड़ा मांइ, छे रात रहा सुखदाई। गुरु वन्दू जी श्री जवाहरलाल जी चित लाई, जिन की कीर्ति जग में सवाई कर कृपा जी, मुझ दिया ज्ञान बकसाई, मैंने सबही सम्पत्ति पाई ॥ मिलाप ॥ खुबचन्द और चौथमल कहैं, सदा रहें सुयश छाया। शुद्ध करके करनी कई सुरलोक कई शिव पद पाया ॥ ४ ॥ -भाव की महिमा- (तर्जः—पूर्ववत लावणी) शुद्ध लेश्या परिणाम जोग, शुभ भली भावना भावैगा। चेतन सुन प्यारे, इसी से ज्योति निरंजन पावेगा ॥ टेक ॥ आदि नाथ महाराज जिन्हों के नन्दन भरतेश्वर भूपाल। छै खण्ड मांहि जिन्हों की वरते आण अखण्ड रसाल ॥ चौदह रत्न नव निधि के नायक, सोलह सहस्त्र सुर अंग रखवाल ॥ राज सभा में बिराज्या, सोहे ज्यों मोत्यों बिच लाल ॥ शेर ॥ राणियां इतनी हैं जिनके; एक लाख बाणवें हजार जी। महल बयालीस भूमियां, नाटक के झणकार जी। बत्तीस सहस्त्र नृप मुकुट धारी हाजिर रहै दरबार जी। और घणी है साहबी क्या २ करूं विस्तार जी ॥ छोटी कड़ी—एक दिन भरतजी सब सिणगार सजाया। तन निरखन काजे शीश महलमें आया ॥ तिहां रत्न सिंहासन बैठ निरखते काया ॥ मुंदड़ी बिन उंगली देख अचम्भा आया ॥ झेला-दूजी मुंदड़ी जी, जब खोली हाथसे पूनी, तब लागत सूनीसूनी। पुद्गलका जी, पुद्गलका स्वरूप विचारा, तब सब सिणगार उतारा, शुद्ध मन से जी फिर भली भावना भाई, जब केवल प्रगट्या आई लियो संयम जी, दश सहस्त्र भूप समझाया, भरत मुनिवर मोक्ष सिधाया ॥ मिलाप ॥ मन वाञ्छित कारज सिध होवे, जो ऐसी भावना भावेगा। चेतन सुन प्यारे इसी से

१०२

ज्योति निरंजन पावेगा ॥ १ ॥ चन्द्रगुप्त राजा जी के नन्दन, नाम जिन्हों का प्रश्नचन्द्र । वीर जिनन्द की वाणी सुन, जोग लिया तजिया सब फन्द ॥ राजग्रही नगरी तिण अवसर, विचरत आये वीर जिनन्द । लेकर आज्ञा बन में, ध्यान धरा मुनि प्रश्नचन्द ॥ शेर ॥ सूर्य सन्मुख नेत्र धरुं, ऊंचे किये दोय हाथ जी । ध्यान से चित चल गया, लोगों की सुन कर बात जी ॥ जिनवर वन्दन कारने, तब निकला है नर साथ जी । बन में आते हुवे मुनी देखिया साक्षात जो ॥ छोटी कड़ी ॥ श्रेणिक नृप प्रभु जी को, बन्दे शीश नमाई । प्रश्न पूछा कर जोड, एक चित लाई ॥ बन मांहि खड़ा एक मुनी ध्यान के मांही ॥ इस वक्त चवे तो कौन गति में जाई ॥ झेला ॥ त्रसला नन्दन जी त्रसला नन्दन इम फरमावे, अब चवें तो सातवीं जावे । तिहां मुनिवर जो तत्क्षण मन को सुलटावे, भर्म मिटा ध्यान शुद्ध आवे ॥ क्षण अन्तर जो फिर पूछया जिनन्द फरमावे, अबे चवे तो सर्वार्थसिद्धि जावे । श्रेणी चढतांजी, तब केवल प्रगटा आई, सुर महोत्सव किया हुलसाई ॥ मिलाप प्रश्नचन्द मुनिराज मोक्ष गये, जिनका ध्यान लगावेगा ।चेतन सुन प्यारे, इसीसें ज्योति निरंजन पावेगा ॥ २ ॥ धनदत्त सेठ का पुत्र कहिये, एलायची नामां कुमार, योवनवन्ती देख नटवी का रूप मोया ततकार । आय महल में सोता एकन्त, बात कही नहिं जावे बाहर, जब मात पिता ने पूछिया कहो बेटा कौन विचार ॥ शेर ॥ नटवा व्याहो मुझ भणी, यों पुत्र कहे सुणो तात जी । एक बात मानी नहीं, समझाया बहु भांत जी ॥ नट के पास आयकर यों सेठ जी कहे बात जी, कन्या दे मुझ पुत्र को, बहु द्रव्य दूं साक्षात जी ॥ ॥ छोटी कड़ी ॥ कहे नटवा सेठजी सुनिये बात हमारी, कन्या व्याहूं तुम पुत्र रहे मुझ लारी । घर आय सेठ जी सुत से कहता हितकारी, नहिं छोड़ी हठ जो ली मन मांहि विचारी ॥ ॥ झेला ॥ एक नगरी जो, नगरी में नाचने आया, बासों पर खेल रचाया । एक मुनिवर जी एक तपस्वी महा मुनिराया, नगरी में गौचरी आया ॥ रुपवन्तीजी कइ तिरिया आहार बहरावे. मुनि नीची नजर लगावे । नट चिंतेजी अहो धिगर काम बिकारा, धन जग में यह अणगारा ॥ ॥ मिलाप ॥ शुद्ध भावों से केवल पा ा, यों कोई मोह छिटकावेगा सुन चेतन प्यारे, इसीसें ज्योति निरंजन पावेगा ॥ ३ ॥ नगरी अयोध्या आदिनाथ महाराज पधारे दीन दयाल । माता मोरा देवी पुत्र से मिलन काज आई ततकाल ॥ आदेश्वर तूं ध्यान खोल मुख बोल मुझे बतलाओ लाल । जिनवर नहिं बोले मात जब चले पीछे फिर के ततकाल ॥ शेर ॥ हाथी के ऊपर बैठ कर आते थे शहर मंझार जी । माजी तो यों मन चिंतवे झूंठा सभी संसार जी । शुभ ध्यान से मोह कर्म का तत्क्षण किया संहार जी । भाव चारित शुद्ध कर, पाया है केवलसार जी ॥ छोटी कड़ी ॥ माजी मोरा देवी, उसही वक्त

शिव पामी, सुत्रों के बीच फर्माया सुधर्मा स्वामी । यों शुद्ध भावों से कई जीव मोक्ष में जावे, किनर का वताऊं नाम पार नहिं आवे ॥ भेला ॥ उगनी से जी उगनी से छपन सुन भाई । फागन बदि चौदस आई । तिन दिवसे जी तिण दिवसे जोड़ बनाई, सैंन बैठ सभा में गाई ॥ मोटा मुनिवर जी कहूं नाम देव जी जाहरो । चौदह ठाणा परिवारो, गुरु बन्दू जी श्री जवाहर लाल जी अणगारो । मुक्त शरणों तसु चरणा रो । खूबचन्द और चौथमल कहे सुख मिले भाव शुद्ध भावेगा सुन चेतन प्यारे, इसी से ज्योति निरंजन पावेगा ॥ ४ ॥

परदेशी राजा का चरित्र तर्ज: लंगड़ी—केशी कुंवर महाराज ससण भवसागर से तिरने वाले, सुनि भान ज्ञान के, आप अज्ञान तिमिर हरने वाले ॥ टेर ॥ पार्श्वनाथ महाराज गये शिव धाम नाम जयकारी है ॥ जिनके शासन में हुवे सुनि आप बड़े गुणधारी हैं । चार ज्ञान चवदे पूर्वी अप्रति बंध विहारी है । तरु जिम सस भावी दया निधि पूरण पर उपकारी है ॥शेर॥ सावत्थी का बाग में आये विचरते महाराण जी । सुनि आगमन सुन वंदवा कई जारहे इन्सान जी ॥ परदेशी राजा का हे चित्तनामा परधान जी भेजा हुआ आया यहां, राजा के घर महमान जी ॥ खडी ॥ इसने भी सुनी यह बात मन हुलसाया । बैठ रथ में मुनिराज समीपे आया । फिर मौका देख गुरु ऐसा ज्ञान सुनाया । खुल गये जिगर के नैन प्रेम रंग छाया ॥ द्रोण ॥ व्रत धार चित्त जी हुआ श्रावक सेंठा । महाराज विनय कर शीष नमाय जी । रथ मांही बैठ कर आन पीछा नगरी में आया जी । राजा की तरफ से मिली सीख चित्तजी को । महाराज हिये अति हर्ष भराया जी । मुनिराज दर्शन के काज बाग में चल कर आया जी ॥ दौड़ ॥ करके वंदना सित.प, चित्तजी बोले यूं साफ, नगरी सीतंब का आप करो करज्यो मया । अज कबुल कराय, यहां से तुरत सिधाय, नगरी सितंब का आय हाल भूप को कया ॥ मिलाम ॥ कब आवे मेरे गुरु यहां अब सब कारज सरने वाले ॥ मुनि १ ॥ सावत्थी नगरी से दया निधि सीतंब का नगरी आया । उपकार ज्ञान के, पांच से संतो को सग में लाया । चित्त प्रधान सुनि मुनि आगमन अति चैन चित्त में पाया । परदेशी भूप को करी तजवीज वहां लेकर आया ॥ शैर—राजा और प्रधान दोनों, अश्व लिया कर धार जी । इधर उधर टेलावता, आया नजर अणगार जी ॥ सुण चित यह जड़ मूढ, कौन है बेकार जी । बैन तो मीठा लगे,है दीपता दीदार जी ॥ खडी ॥ तब चतुर चित्त यूं कहे सुनो महाराया । यह केशी कुंवर महाराज मैं भी सुन पाया । यह अलग अलग दो माने जाव और काया । है पूरण ज्ञान भण्डार तजी मोह माया ॥ द्रोण ॥ इतनी सुनके नृप चित्त जी से रहा पूछी । महाराज मुनि पा दोऊ मिल आया जी । है अवधि ज्ञान तुम पास पूछे परदेशी राया जी । ज्यों दाण चोर

बनियां उपट राह पूछे । महाराज, मुनि दृष्टान्त सुनाया जी । तैने संतों का अपराध किया नहीं शीर्ष नवाया जी ॥ दौड़ ॥ सुन कर संतो के बेन, नृप किया नीचे नैन, मेरे असल में सेन, जब कठीन कही २ । राजा बोले यों सिताब, क्षमा वंत साधु आप; गुन्हा कीजे सब माफ, मेरी भूल रही २ । थोडी वखत के काज, यहां बैठू मैं आज, मरजी होय तो महाराज; दीजे हुकम सही २ । जरा समझ राजान यह तो तेरा ही आराम, हमनो साधु है महान, करें मनः नहीं २ ॥ मिलाप ॥ राजा मन में जान गया ये मुझे निहाल करने वाले ॥ मुनि २ ॥ बैठा भूप पूछे कर जोड़ी क्या मानो तुम करो मया । तब भरी सभा में मुनीश्वर जीव अरु काया अलग कहा । मेरा दादा था अति पापी नहीं थी उनके जरा दया । वह आयुष्य करके तुम्हारो कहेन मुजब तो नर्क गया ॥ शेर ॥ मैं पोता अति प्राण प्यारा, कहे मुझे वह आय जी । तो जीव काया है अलेदी, मान तो तुम वाय जी ॥ मधुर बैन मुनिवर कहै; सुन ध्यान धरके रायजी तेरा दादा नर्क से; कैसे सके वह आय जी ॥कड़ी॥ तेरी सूरी कंता नार करके सिणगारा । अन्य पुरुषके साथे बिलसे सुख संसारा । तैने खुद आंखोंसे देख लिया कर्म सारा । सच बोल उसे क्या देवे दण्ड भूपारा॥द्रोण॥तत्काल खड़ग निकाल उसेमैं मारूं । महा राज करे तुमसे नरमाईजी । मत मारों महाराज करूं ऐसा कभी नाईजी । क्यो कहो हरगिज कभी न छोडूं । महाराज फिर कहे तर्क उठाईजी । मैं मीलूं कुटम्ब से जाय आऊं पीछे क्षण मांही जी ॥ दौड़ ॥ राजा कहै यूं विचार,मेराहै वह गुन्हे गार,मैं तो छोडूं नहीं लगार; कैसे घर जाव २ । इसो भव में साक्षात, उसके कुटुम्ब के साथ, दुःख आराम की बात, किम दरसावे २ । तेरा दादा कहूँ साफ, करके अष्टादश पाप, गया नरक में आप, यहां किम आवे २ । जीव काया न्यारी मान, राजा तू है विद्वान, झूठी टेक मतीतान मुनि फरमावे २ ॥ मिलाप ॥ नहीं मानु महाराज तुमनो बुद्धि से कथन करने वाले ॥ मुनि ३ ॥ मेरी दादी थी गुणवन्ती दया धर्म से हटी नही । करी बहुत तपस्या तुम्हारी कहन मुजब सुरलोक गई । उनको कौन रोकने वाला वह अपने आधीन रही । मैं था अति प्यारा आज दिन तक नहीं मुझसे आन कही ॥ शेर ॥ दादी आ वर्णन करती सुर लोक का बयान जी ॥ तो जीव काया है अलेदा लेतो क्यों नहीं मान जी ॥ भूप कहे इस न्याय से, मेरा है मत परमान जी । कीजे खुलासा बात का, बैठे हैं सब इन्सान जी ॥ खडो॥ इतनी सुन कर मुनिराज नजीर सुनावे, कर स्नान राजा तूं देव पूजवा जावे । एक पुरुष देख तारछ में तुजे बुलावे । सच बोल वहां तूं जावे के नहीं जावे ॥ द्रोण ॥ नर नाथ कहै जानातो दूर रहने दो । महाराज, उधर देखुं भी नाई जी । वह महा असूची स्थान

१०५

श्रोर दुर्गन्ध उस मांई जी। इस मनुष्यलोक की दुर्गन्ध ऊंची जावे। महाराज, पांचसौ जोजन ताई जी। इस कारण करके राय देव यहाँ सके न आई जी ॥ दौड़ ॥ अब तो समझ तू राय, पच्छ छोड़ दे अन्याय, अलग मान जीव काय अपनी क्यों ताने २। सच्ची कहूं मुनिराय, यह तो बुद्धि से बनाय, दीनी युक्ति जमाय, हम नहीं माने २। एक चोर हाथ आया, लोह कोठी में धराया, पूरा जापता कराया, ठाया पुरुषाने २। केही दिनों में कढ़ाया, तोमरा दर्शाया, छेक नजर नहीं आया करी पहिचाने २ ॥ मिलाप ॥ कैसे मानु जीव अलग करो संशय दूर हरने वाले ॥ मुनि ॥ ४। लेकर ढोल कोई पुरुष जाकर बैठे भूहरां मांई; ऊपर से शील्ला ढांक कर लेप कर अति चतुराई। भितर ढोल का शब्द करे वह बाहर निकसे के नाई। सच बोल छिद्र क्या देवे किसी को दर्शाई ॥ शेर ॥ छिद्र मही के नही पड़े, पर शब्द निकले आय जी। प्रतीत कर इस न्याय से, परदेशी नामा राय जो ॥ जीव भेद पाव ण को, ऊंचा इसी तरह जाय जी। दोनों चीजें हैं अलग, मान ले सुख पाय जी। खड़ी ॥ तुम बुद्धिवान मुनि दीनी युक्ति ज़माई। मेरे तो दिल में हरगिज बैठे नांई। एक दिन चोर को मारा साँस रुकाई। लोह की कोठी में दीना उसे धराई ॥ द्रोण ॥ फिर ढकण ढाँक छिद्र को बंध कराया। महाराज, रक्खा कीतना दिन ताँई जी। देखा तो खोल के कीड़े बहुत उसके तन मांई जी। बाहिर से भीतर जीव ज़िधर से आए। महाराज, छिद्र देता दर्शाई जी। तो लेता मान महाराजा तक करता भी नाई जी ॥ दौड़ ॥ गोला लोहे का ढाल झाल, दिया अग्नि में डाल, धमता देखा थे भूपाल, हाँ हाँ भूप कही २। धमे धमण दबाए, तामे अग्नि भराए, उस गोले के राय छिद्र होया नहीं २। नृप कहे यों विचार; उस गोले के मझार, छेक होय न लगार, यह तो बात सही २। बस यही मिसाल, मान मान महिपाल, मिथ्या भरम को टाल, मुनि बहुत कही २ ॥ मिलाप ॥ नहीं मानु महाराजा तुमतो बुद्धि से कथन करने वाले ॥ मुनि ५ ॥ सब जीवों की शक्ति सरीखी है या नहीं मुझे दीजे कही। तब मुनिवर बोले सरीखी शक्ति है इसमें फर्क नहीं। तरुण पुरुष दिल चाहे वहां खुद डाले तीर तो पड़े जहां। उतनी ही दूर पे लघु बालक से कहो किम जाए नही ॥ शेर ॥ धनुष्य नवा ज़ीवा नवी, हढ़ बंध उरके रायजी तरुण पुरुष जब तीर बावे, जायके नहीं जाय जी। भूप कहे हाँ क्यों न जावे, मुनि फिर दिया न्याय जी। मनुष्यादिक कच्चा हुवे। तो फिर जाय के नहीं जाय जी। खड़ी ॥ इतना तो दूर वह तीर जय कभी नाई। बस यही न्याय समझ नृप मन माँही। यह तरुण पुरुष सम ज़ीव धनुष तन माँई। जैसा हो वैसा पाक्रम दे दर्शाई ॥ द्रोण। क्यों करे तान

१०६

